वर्ष-07 - अंक 296
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
रविवार, 02 अगस्त 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

केजीएमयू में संचारी रोगों से बचाव को लेकर जागरूकता 3
लखनऊ मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एक मील का पत्थर..... 4
राजकुमार वानखेड़े ने ग्रहण किया उत्तर मध्य रेलवे के अपर 11

प्रीति-जैस्मिन ने बढ़ाया भारत का मान

ग्लास्गो(एजेंसी)। कॉमनवेल्थ खेल 2026 में शनिवार का दिन भारतीय मुक्केबाजी के लिए बेहद यादगार रहा। भारतीय महिला मुक्केबाजों प्रीति पवार और जैस्मिन लंबोरिया ने महज 30 मिनट के भीतर दो स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में एकतरफा प्रदर्शन करते हुए 5-0 के अंतर से जीत दर्ज की। वहीं पुरुष वर्ग में जादूमणि सिंह ने रजत पदक अपने नाम किया। खबर लिखे जाने तक भारत के खाते में कुल 30 पदक हो चुके थे और पदक तालिका में टीम छठे स्थान पर बनी हुई थी। महिलाओं के 54 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में प्रीति पवार ने कनाडा की स्कार्लेट सवाना डेलगाडो को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। मुकाबले की शुरुआत से ही प्रीति पूरी तरह आक्रामक रहीं। पहले राउंड में पांचों निर्णायकों ने उन्हें पूरे 10-10 अंक दिए। दूसरे राउंड में भी उन्होंने अपना दबदबा बनाए रखा और सभी निर्णायकों का समर्थन हासिल किया। तीसरे राउंड में प्रीति ने अपनी रणनीति के तहत प्रतिद्वंद्वी को थकाते हुए मुकाबले पर पूरी पकड़ बनाए रखी और सर्वसम्मत फैसले से स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। प्रीति का पूरे टूर्नामेंट में प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने अंतिम-16 में मलावी की डेबोरा म्टेंजे को रेफरी स्टॉप कॉन्टेस्ट (आरएससी) के आधार पर हराया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में उत्तरी आयरलैंड की निकोल क्लाइड और सेमीफाइनल में जाम्बिया की कैथरीन म्वापे को 5-0 से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में भी उन्होंने उसी अंदाज में जीत दर्ज करते हुए भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। प्रीति की जीत के करीब 15 मिनट बाद महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में जैस्मिन लंबोरिया ने उत्तरी आयरलैंड की अनुभवी मुक्केबाज मिकेला वॉल्श को 5-0 से पराजित कर भारत को दूसरा स्वर्ण दिलाया। पहले राउंड में जैस्मिन ने 3-2 की बढ़त बनाई। दूसरे राउंड में उन्होंने शानदार आक्रामक खेल दिखाते हुए पांचों निर्णायकों से पूरे अंक हासिल किए। तीसरे राउंड में भी जैस्मिन ने अपना दबदबा कायम रखा और 4-1 से राउंड जीतते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। उनकी इस जीत के साथ भारत के स्वर्ण पदकों की संख्या सात हो गई। जैस्मिन ने भी पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड की एलीस ग्लिन को 4-1 से हराया, जबकि सेमीफाइनल में लिसोथो की रापेलैंग मासेलेला को 5-0 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। पुरुषों के 55 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में भारत के जादूमणि सिंह को ऑस्ट्रेलिया के झाई डिक्सन के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। जादूमणि ने पहला राउंड खंडित फैसले से अपने नाम किया था, लेकिन डिक्सन ने अगले दोनों राउंड में दमदार वापसी करते हुए मुकाबला जीत लिया। इसके बावजूद जादूमणि ने रजत पदक जीतकर भारत की पदक संख्या में महत्वपूर्ण योगदान दिया। खबर लिखे जाने तक भारत के खाते में कुल 30 पदक दर्ज हो चुके थे। इनमें आठ स्वर्ण, 15 रजत और सात कांस्य पदक शामिल हैं।

> दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में एकतरफा प्रदर्शन करते हुए 5-0 के अंतर से जीत दर्ज की। वहीं पुरुष वर्ग में जादूमणि सिंह ने रजत पदक अपने नाम किया। खबर लिखे जाने तक भारत के खाते में कुल 30 पदक हो चुके थे और पदक तालिका में टीम छठे स्थान पर बनी हुई थी। महिलाओं के 54 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में प्रीति पवार ने कनाडा की स्कार्लेट सवाना डेलगाडो को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

पेपर लीक कानून को राष्ट्रपति की मंजूरी

नई दिल्ली। सार्वजनिक परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक और अन्य अनुचित साधनों पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से लाए गए पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) संशोधन विधेयक, 2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई है। संसद के दोनों सदनों से पारित होने के बाद शुक्रवार को कानून मंत्रालय ने राजपत्र (गजट) अधिसूचना जारी कर राष्ट्रपति की स्वीकृति की जानकारी दी। संशोधित कानून के तहत अब प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा में धांधली से जुड़े मामलों की जांच दो माह के भीतर पूरी करना अनिवार्य होगा। सरकार का उद्देश्य ऐसे मामलों की त्वरित जांच सुनिश्चित कर दोषियों के खिलाफ समयबद्ध कार्रवाई करना है। नए प्रावधानों के अनुसार, सार्वजनिक परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक कराने या अन्य अनुचित साधनों का उपयोग करने के दोषी पाए जाने पर कम से कम पांच वर्ष और अधिकतम दस वर्ष तक के कठोर कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा दोषियों पर 50 लाख रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जा सकेगा। कानून में संगठित तरीके से पेपर लीक या परीक्षा में धांधली करने वाले गिरोहों के खिलाफ और भी कड़े प्रावधान किए गए हैं। यदि अपराध संगठित नेटवर्क के तहत किया जाता है, तो दोषियों को कम से कम सात वर्ष के कारावास की सजा होगी। ऐसे मामलों में 10 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाने का भी प्रावधान किया गया है। संशोधित अधिनियम में प्रत्येक राज्य में फास्ट ट्रैक अदालतों की स्थापना का भी प्रावधान किया गया है, ताकि पेपर लीक और सार्वजनिक परीक्षाओं से जुड़े मामलों की सुनवाई तेजी से पूरी हो सके और दोषियों को शीघ्र दंड मिल सके।

'विवेक स्मारक' राष्ट्र निर्माण का केंद्र बनेगा : पीएम मोदी

मैसूर(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मैसूर में स्वामी विवेकानंद कल्चरल यूथ सेंटर (विवेक स्मारक) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी नए भारत के निर्माण की प्रेरणा हैं और युवाओं को सही दिशा, समान अवसर तथा आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराकर ही भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ सकता है। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी जीवन यात्रा में रामकृष्ण मिशन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने मैसूर की अधिष्ठात्री देवी मां चामुंडेश्वरी को नमन करते हुए रामकृष्ण आश्रम के संतों का आशीर्वाद प्राप्त करने को अपना सौभाग्य बताया। उन्होंने कहा कि मैसूर की पावन धरती पर उन्हें विशेष ऊर्जा का अनुभव हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैसूर भारत की प्राचीन सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां के मंदिर, दशहरा महोत्सव, महल, संगीत और साहित्य देश की समृद्ध विरासत के प्रतीक हैं। उन्होंने शहर की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने बताया कि उद्घाटन से पहले वह उस ऐतिहासिक भवन में भी गए, जहां स्वामी विवेकानंद अपने प्रवास के दौरान ठहरे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रकवि कुवेंपु सहित अनेक महान विभूतियों का रामकृष्ण आश्रम से गहरा संबंध रहा है और

अब विवेक स्मारक के माध्यम से इस मिशन को नई दिशा और विस्तार मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि महान व्यक्तित्वों का निर्माण कठिन तप, अनुशासन और निरंतर साधना से होता है। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की युवा शक्ति तभी राष्ट्रीय शक्ति बनती है, जब उसे सही अवसर, सही मार्गदर्शन और अपने सपनों को देश की धरती पर ही साकार करने का विश्वास मिले। शिक्षा के क्षेत्र का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। अब चिकित्सा और इंजीनियरिंग जैसी उच्च शिक्षा भी मातृभाषा में उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे भाषा के आधार पर होने वाले भेदभाव को कम करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि देश में चिकित्सा शिक्षा का तेजी से विस्तार हुआ है। वर्तमान में एमबीबीएस की लगभग 1.40 लाख सीटें उपलब्ध हैं और मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 823 हो गई है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप युवाओं को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में शिक्षण संस्थानों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

संक्षिप्त ख़बरें

किश्तवाड़ में बादल फटा, घर-दुकानें क्षतिग्रस्त

किश्तवाड़। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छतरू क्षेत्र में शनिवार तड़के बादल फटने से अचानक आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई। तेज बहाव की चपेट में आने से दो घर और दो दुकानें आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं, जबकि दो वाहन बह गए। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रशासन ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए प्रभावित क्षेत्र में संबंधित विभागों की टीमों को तैनात कर दिया। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने घटना की जानकारी मिलने के बाद किश्तवाड़ के उपायुक्त पंकज कुमार शर्मा से बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। हालांकि कुछ दुकानें और अन्य संपत्तियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रभावित परिवारों को सरकार की ओर से नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा।

'चंदा चोरी' नाटक पर सियासत तेज, राहुल समेत तीन नेताओं के खिलाफ शिकायत

नई दिल्ली। संसद परिसर में राम मंदिर चंदा चोरी के कथित मामले को लेकर विपक्षी सांसदों द्वारा किए गए प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन और नुक्कड़ नाटक को लेकर राजनीतिक विवाद गहरा गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस प्रदर्शन को सनातन परंपरा और संत समाज का अपमान बताते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव और समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद के खिलाफ नई दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शनिवार को भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) को लिखित शिकायत सौंपते हुए संबंधित नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा विधायक अनिल शर्मा, करनैल सिंह सहित अन्य नेता भी शामिल थे। भाजपा का आरोप है कि संसद परिसर में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंदू धार्मिक प्रतीकों और संत समाज का उपहास किया गया। पार्टी का कहना है कि प्रदर्शन के दौरान पप्पू यादव भगवा वस्त्र धारण कर साधु के वेश में दिखाई दिए, जिससे करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

कर्नाटक के विकास में सहयोग बढ़ाएं : शिवकुमार

मैसूर(एजेंसी)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राज्य के विकास के लिए केंद्र का अधिक सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु आज वैश्विक स्तर पर भारत का प्रमुख प्रवेश द्वार बन चुका है और कर्नाटक की निरंतर प्रगति के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच मजबूत समन्वय और सहयोग आवश्यक है। मैसूर स्थित रामकृष्ण आश्रम में स्वामी विवेकानंद स्मारक (विवेक मेमोरियल) के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री शिवकुमार ने कहा कि कर्नाटक देश की आर्थिक और तकनीकी प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री से राज्य को अधिक सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि पूरी दुनिया भारत को बेंगलुरु के माध्यम से देख रही है, इसलिए

कर्नाटक का सशक्त और विकसित होना राष्ट्रीय हित से भी जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्नाटक केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, 'पूरा राज्य आपके साथ खड़ा है। हम मिलकर काम करना चाहते हैं और संघीय ढांचे को मजबूत बनाए रखना चाहते हैं।' उन्होंने जोर देकर कहा कि केंद्र और राज्य के बेहतर तालमेल से विकास की गति और तेज होगी। अपने संबोधन में शिवकुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि एक समय विदेशी प्रतिनिधिमंडल भारत आने पर पहले दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई या हैदराबाद का दौरा करते थे, लेकिन बाद में बेंगलुरु वैश्विक पहचान का प्रमुख केंद्र बन गया। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन राज्य की दूरदृष्टि और विकासोन्मुख नीतियों का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्नाटक में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्रांति की मजबूत नींव पूर्व मुख्यमंत्री एस.एम. कृष्णा के कार्यकाल में पड़ी। उन्होंने बताया कि एस.एम. कृष्णा ने रामकृष्ण संस्थानों से शिक्षा प्राप्त की थी और उनकी दूरदर्शी नीतियों के कारण बेंगलुरु आज विश्व के प्रमुख प्रौद्योगिकी केंद्रों में शामिल है। स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए शिवकुमार ने कहा कि उनकी सरकार युवाओं को सशक्त बनाने की सोच से प्रेरित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का दर्शन युवाओं के आत्मविश्वास, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण पर आधारित था तथा आज भी उनके विचार देश के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि 'युवा युग, नव युग' का संदेश सरकार की विकास नीति का आधार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्नाटक के गांवों से लेकर महानगरों तक युवाओं में अपार ऊर्जा और प्रतिभा है, जिसका योजनाबद्ध उपयोग कर राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं के कौशल विकास, शिक्षा और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। मैसूर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए शिवकुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के जीवन में मैसूर का विशेष महत्व रहा है।

ई-20 ईंधन नीति के विरोध में तहसीन पूनावाला का प्रदर्शन

नई दिल्ली(एजेंसी)। सामाजिक कार्यकर्ता तहसीन पूनावाला ने शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की ई-20 ईंधन नीति के विरोध में प्रस्तावित प्रदर्शन और भूख हड़ताल से पहले दिल्ली पुलिस ने उन्हें उनके ग्रेटर कैलाश स्थित आवास पर ही रोक दिया। उन्होंने दावा किया कि पुलिस ने बिना किसी लिखित आदेश के उन्हें घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी। पूनावाला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कई तस्वीरें और वीडियो साझा करते हुए कहा कि शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे पुलिस उनके घर पहुंची और उन्हें बाहर जाने से रोक दिया। उनके अनुसार, जब उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई का आधार पूछा तो कोई लिखित आदेश या हिरासत संबंधी दस्तावेज नहीं

दिखाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने केवल यह कहा कि प्रस्तावित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो सकती है। पूनावाला ने यह भी दावा किया कि उनके आवास के बाहर जैमर लगाए गए थे, जिससे वहां पहुंचे पत्रकारों को इंटरनेट सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें मीडिया से बातचीत करने से भी रोका गया।

अजीत डोभाल के योगदान की अमित शाह ने की सराहना

पुणे(एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल को प्रतिष्ठित 'लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार-2026' से सम्मानित किया। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की 106वीं पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह में शाह ने डोभाल के राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के क्षेत्र में योगदान की सराहना करते हुए कहा कि भारत के सुरक्षा इतिहास में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। समारोह को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि लोकमान्य तिलक ने जिस निर्भीक राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय स्वाभिमान की

भावना को आगे बढ़ाया, उसी सोच को आधुनिक भारत की सुरक्षा नीति में अजीत डोभाल ने नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा को मजबूत बनाने में डोभाल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है और जब भी भारत के सुरक्षा इतिहास का उल्लेख होगा, उनके योगदान को विशेष स्थान मिलेगा।

पप्पू यादव पर धामी का निशाना, 'ऑपरेशन कालनेमि' का किया जिक्र

हरिद्वार(एजेंसी)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को संसद परिसर में सांसद पप्पू यादव के विरोध प्रदर्शन को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन पर संत समाज और सनातन परंपरा के प्रति कथित अपमानजनक रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संतों, महापुरुषों और सनातन परंपरा का अपमान करने वालों के खिलाफ ही राज्य सरकार ने 'ऑपरेशन कालनेमि' चलाया है। हरिद्वार दौरे के दौरान पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कुछ लोग राजनीतिक लाभ के लिए संत समाज और

भगवा परंपरा का उपहास उड़ाने का प्रयास कर रहे हैं। उनका आरोप था कि इस प्रकार की गतिविधियां भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के प्रति सम्मान की कमी को दर्शाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी सनातन धर्म, संत समाज या धार्मिक आस्थाओं से जुड़े विषयों पर विवाद पैदा होता है, तब ऐसे नेता खुलकर अपनी राय रखने से बचते हैं। उनके अनुसार यह स्थिति वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित है और कुछ राजनीतिक दल किसी विशेष वर्ग के नाराज होने की आशंका के कारण सनातन पर खुलकर बोलने से बचते हैं। धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार संत समाज, धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक आस्थाओं के सम्मान और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाती रहेगी। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि समाज में भ्रम फैलाने या धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले मामलों को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसी भी व्यक्ति विशेष को निशाना बनाना नहीं, बल्कि सनातन परंपरा, संत समाज और सामाजिक सौहार्द की रक्षा करना है। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में इस मुद्दे को लेकर चर्चा तेज हो गई है। हालांकि, इस संबंध में सांसद पप्पू यादव की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

अवैध कोयला कारोबार पर ईडी का शिकंजा

रांची(एजेंसी)। झारखंड के धनबाद में कथित अवैध कोयला कारोबार और उससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जांच तेज कर दी है। जांच एजेंसी पिछले कई दिनों से कोयला कारोबारी एल.बी. सिंह और उनके सहयोगियों से जुड़े विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल रिकॉर्ड और वित्तीय लेनदेन से संबंधित साक्ष्य जुटा रही है। ईडी ने कार्रवाई के दौरान लगभग 160 करोड़ रुपये के म्यूचुअल फंड निवेश को फ्रीज कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, ईडी ने 28 जुलाई को धनबाद में एक साथ 28 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी। कार्रवाई के दौरान करीब 1.02 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए। इसके अलावा बड़ी संख्या में वित्तीय दस्तावेज, डिजिटल रिकॉर्ड और निवेश से जुड़े अभिलेख भी एजेंसी के हाथ लगे हैं।

जांच अधिकारियों का मानना है कि फ्रीज किए गए निवेश के स्रोतों और वित्तीय लेनदेन की विस्तृत जांच आवश्यक है। ईडी की कार्रवाई जिन लोगों से जुड़े परिसरों पर हुई है, उनमें एल.बी. सिंह, अनिल गोयल, हरेंद्र चौहान, अनूप चौहान, गणेश यादव, पप्पू मंडल और रोहित यादव के नाम शामिल हैं। हालांकि, एजेंसी ने अभी तक किसी भी व्यक्ति को इस मामले में दोषी घोषित नहीं किया है और जांच जारी है। प्रारंभिक जांच में जीएसटी चोरी तथा कथित फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से कोयले के कारोबार की आशंका भी सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, कुछ कारोबारी पश्चिम बंगाल से केवल कोयले से संबंधित दस्तावेज प्राप्त करते थे, जबकि वास्तविक कोयला धनबाद और आसपास के क्षेत्रों से कथित रूप से अवैध रूप से जुटाकर हार्ड कोक फैक्ट्रियों तक पहुंचाया जाता था। जांच एजेंसियां यह भी पता लगा रही हैं कि यदि पश्चिम बंगाल से वास्तविक कोयले की आपूर्ति नहीं हुई, तो उन दस्तावेजों का उपयोग किस उद्देश्य से किया गया। अधिकारियों के अनुसार, जांच का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि कथित तौर पर अवैध कोयला रेलवे रैक और ट्रकों के माध्यम से किस तरह विभिन्न स्थानों तक पहुंचाया गया। एजेंसी पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने का प्रयास कर रही है ताकि इसमें शामिल सभी लोगों की भूमिका स्पष्ट हो सके। ईडी की जांच का केंद्र कथित कोयला चोरी, फर्जी बिलिंग, जीएसटी चोरी और मनी लॉन्ड्रिंग के बीच संभावित संबंधों का पता लगाना है। जांच एजेंसी का कहना है कि उपलब्ध दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच अभी जारी है और आने वाले दिनों में इससे जुड़े और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

ई-20 पर 4 अगस्त को पीएम आवास मार्च करेंगे केजरीवाल

नई दिल्ली(एजेंसी)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार की ई-20 ईंधन नीति पर सवाल उठाते हुए 4 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास तक मार्च निकालने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस दौरान ई-20 नीति में बदलाव की मांग वाली नागरिक याचिका प्रधानमंत्री को सौंपी जाएगी। शनिवार को आयोजित ई-20 विरोधी राष्ट्रीय टाउनहॉल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने कुछ दिन पहले नागरिकों से प्रधानमंत्री के नाम याचिका पर हस्ताक्षर करने की अपील की थी, जिस पर अब तक दो लाख से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने बताया कि इन हस्ताक्षरों की प्रतियां लेकर वह 4 अगस्त को दोपहर 12 बजे प्रधानमंत्री आवास की ओर मार्च

करेंगे। केजरीवाल ने कहा कि मार्च में वह अपने साथ करीब 100 लोगों को ले जाएंगे। उन्होंने समर्थकों से अपील की कि जो लोग इसमें शामिल होना चाहते हैं, वे उन्हें लिखकर या सामाजिक माध्यमों पर टैग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मार्च के बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी। कांग्रेस नेताओं के हालिया विरोध मार्च का उल्लेख करते हुए केजरीवाल ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनके मार्च को भी उतनी ही अनुमति मिलेगी, जितनी अन्य दलों को दी गई थी। उन्होंने कहा कि दो लाख से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षर इस मुद्दे पर लोगों की चिंता को दर्शाते हैं।

संक्षिप्त खबरें

स्थानांतरण सूची जारी करने की मांग

अम्बेडकर नगर। स्थानांतरण सूची जारी करने की मांग को लेकर शिक्षामित्र शिक्षक संघ ने जिला मुख्यालय स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा के समक्ष शनिवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। धरने को संबोधित करते हुए संघ के जिलाध्यक्ष एवं शिक्षामित्र केयर समिति के जिला संयोजक रामचन्द्र मौर्य ने कहा कि शिक्षामित्रों के मूल विद्यालय, निकटतम विद्यालय, ससुराल के विद्यालय तथा अंतरजनपदीय स्थानांतरण संबंधी शासनादेश जनवरी 2025 में जारी किया गया था, लेकिन अम्बेडकर नगर में अब तक स्थानांतरण सूची जारी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि सूची जारी होने तक धरना लगातार जारी रहेगा। संघ के जिला महामंत्री मोहम्मद मोसीर खान ने सभी शिक्षामित्रों से आंदोलन में एकजुट होकर भाग लेने की अपील की। वहीं, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश अकेला ने धरना स्थल पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया और शिक्षामित्रों का उत्साहवर्धन किया। धरने में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सौरभ उपाध्याय, हरिवंश दूबे, अम्बरीष कुमार, राजेश वर्मा, सुदामा मौर्य, संगीता वर्मा, सुदामा देवी, रजिया खातून, रीना देवी, अर्चना चौधरी, राजेश कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षामित्र मौजूद रहे। शिक्षामित्रों ने चेतावनी दी कि जब तक स्थानांतरण सूची जारी नहीं की जाती, तब तक उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

समाधान दिवस में 29 शिकायतें दर्ज, 6 का निस्तारण

कोंच (जालौन)। तहसील कार्यालय सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़ी 29 शिकायतें दर्ज की गईं। मौके पर छह शिकायतों का निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों के गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। एसडीएम अभिनव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास सहित अन्य विभागों से संबंधित फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान गौसेवकों ने मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मिल रहा छह हजार रुपये मानदेय महंगाई के दौर में पर्याप्त नहीं है। ग्राम परैथा निवासी महिला रोशनी ने ससुरालीजनों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। वहीं, नदीगांव नगर पंचायत के सभासद अमित कुमार जाटव ने सरकारी भूमि पर अवैध गतिविधियों का आरोप लगाते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने अंतर्मंडलीय स्थानांतरण सहित लंबित मांगों के समाधान को लेकर ज्ञापन सौंपा। लेखपालों ने मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

10 सफाईकर्मी अब तक गैरहाजिर

» दो माह बाद भी 10 सफाईकर्मियों ने नहीं की ज्वाइनिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिले केजिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर द्वारा 30 एवं 31 मई को जिले में कार्यरत बड़ी संख्या में सफाईकर्मियों का स्थानांतरण किया गया था। स्थानांतरण आदेश जारी होने के लगभग दो माह बीत जाने के बाद भी 10 सफाईकर्मियों द्वारा नए कार्यस्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार स्थानांतरित किए गए अधिकांश सफाईकर्मियों ने अपने नए तैनाती स्थल पर ज्वाइन कर लिया है, लेकिन अभी भी 10 सफाईकर्मी ऐसे हैं जिन्होंने विभागीय आदेश के बावजूद कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। इससे विभागीय अनुशासन एवं स्थानांतरण प्रक्रिया की प्रभाव शीलता पर सवाल उठ रहे हैं।

सूत्रों की माने तो विकासखण्ड हरैया में 03, दुबौलिया- 0, कप्तानगंज- 02 , रुधौली - 02 सफाई कर्मी ऐसे है जिन्होंने हम अभी स्थानांतरण होने के बाद अभी तक ज्वाइनिंग नही किया है एवं बस्ती सदर से स्थानांतरित सफाईकर्मी बुधई प्रसाद का स्थानांतरण ब्लाक सल्टौवा गोपालपुर व सल्टौवा गोपालपुर से स्थानांतरित सफाईकर्मी महेन्द्र कुमार का स्थानांतरण बस्ती सदर हुआ है उक्त दोनों सफाईकर्मियों ने स्थानांतरित स्थान पर ज्वाइनिंग तो कर लिया है लेकिन डियूटी पुराने स्थान पर ही कर रहे हैं अर्थात् बुधई प्रसाद बस्ती सदर व महेन्द्र कुमार सल्टौवा गोपालपुर पर ही एक दूसरे का अदला बदली करके डियूटी कर रहे हैं जिसको लेकर एडीओ पंचायतों की कार्यशैली पर सवाल खड़ा हो रहा है।

चर्चा यह भी है कि आखिर किन कारणों से संबंधित सफाईकर्मी अभी तक ज्वाइन नहीं कर रहे हैं और विभाग की ओर से उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है। मामले को लेकर कर्मचारियों एवं आम लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। विभागीय सूत्रों का कहना है कि यदि स्थानांतरण

आदेश का पालन नहीं किया जाता है तो संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। हालांकि इस संबंध में विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। अब सभी की निगाहें जिला पंचायत राज अधिकारी के अगले कदम पर टिकी हुई हैं कि स्थानांतरण आदेश का पालन न करने वाले सफाईकर्मियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाती है? उक्त प्रकरण में फोन के माध्यम से जिला पंचायत राज अधिकारी बस्ती घनश्याम सागर से जानकारी लेना चाहा तो जिला पंचायत राज अधिकारी ने मीडिया टीम के फोन को रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा।

यूरिया की कालाबाजारी किसानों से अवैध वसूली चरम पर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्ती जनपद में जिला कृषि अधिकारी बाबूराम मौर्या के संरक्षण में सरकारी और प्राइवेट खाद दुकानों पर किसानों से सरेआम लूट का खेल चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, जिले में तैनात यह जिम्मेदार अधिकारी कथित तौर पर 'विटामिन एम की चमक के आगे नतमस्तक हैं, जिसके चलते खाद विक्रेता बेखौफ होकर अवैध वसूली कर रहे हैं। किसानों का सवाल है कि आखिर ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों पर शासन-प्रशासन कब कार्रवाई करेगा? शासकीय आदेशानुसार सहकारी समितियों पर यूरिया की एक बोरी का निर्धारित रेट 266.50 रुपये है। इसके उलट, समितियों पर किसानों से प्रति बोरी 280 रुपये वसूले जा रहे हैं, और साथ में 10 रुपये अलग से लेबर चार्ज भी थमाया जा रहा है। हाल ही में महसिन स्थित

सरकारी समिति से ऐसा ही मामला सामने आया, जहां तय दाम से अधिक वसूली की गई।हैरत की बात यह है कि इस पूरी धांधली की सूचना साक्ष्यों के साथ जिला कृषि अधिकारी को दी गई थी। आरोप है कि कार्रवाई करने के बजाय अधिकारी ने मामले को रफा-दफा कर दिया। रक्षक ही भक्षक बन चुका है, जिससे जनपद का अन्नदाता बेहाल है। किसान संगठनों ने मुख्यमंत्री और उच्चाधिकारियों से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी अधिकारी को तत्काल सस्पेंड करने की मांग की है।

चाइनीज मांझा पर रोक की मांग, भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

उन्नाव। चाइनीज मांझा की बिक्री और उससे हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लगाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने शनिवार को नगर मजिस्ट्रेट और अपर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। भाकियू जिलाध्यक्ष किरन सिंह पटेल के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में जिलेभर में अभियान चलाकर चाइनीज मांझा की बिक्री, भंडारण और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि चाइनीज मांझा से आए दिन राहगीर और दोपहिया वाहन चालक घायल हो रहे हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में पक्षी भी इसकी चपेट में आकर प्रभावित हो रहे हैं। भाकियू ने कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

ग्राहकों से अभद्रता, सीएम पोर्टल पहुंची शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिले केछावनी थाना क्षेत्र के विक्रमजोत चौकी पर तैनात उपनिरीक्षक सूर्यभान शर्मा से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में उपनिरीक्षक द्वारा बाघा नाला स्थित देशी शराब की दुकान पर बैठे लोगों को कथित तौर पर लात मारकर वहां से भगाते हुए देखा जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। वायरल वीडियो को लेकर आरोप लगाया जा रहा है कि उपनिरीक्षक ने शराब की दुकान पर बैठे लोगों से बिना पूछताछ किए उनके साथ इस तरह का व्यवहार किया। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि उपनिरीक्षक के व्यवहार के कारण शराब की दुकान पर आने वाले ग्राहकों में भय का माहौल बना हुआ है। देशी शराब की दुकान के ठेकेदार रण विजय चौधरी ने उपनिरीक्षक सूर्यभान शर्मा के कथित व्यवहार और अन्य आरोपों को लेकर पुलिस अधीक्षक बस्ती से शिकायत किए जाने की बात कही है। शिकायत में उपनिरीक्षक पर लोगों को परेशान करने तथा कथित रूप से अवैध वसूली का दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

वहीं, सूत्रों के हवाले से उपनिरीक्षक पर शराब के नशे में रहने और अवैध वसूली की कोशिश करने के भी आरोप लगाए जा रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है और इन पर संबंधित पुलिस अधिकारी का पक्ष सामने आना अभी बाकी है। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि बाघा नाला क्षेत्र में कई स्थानों पर कथित रूप से कच्ची शराब की बिक्री होती है, लेकिन इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि अवैध शराब की

बिक्री की शिकायतें सामने आ रही हैं तो पुलिस द्वारा इस दिशा में क्या कार्रवाई की जा रही है। वायरल वीडियो और ठेकेदार की शिकायत के बाद अब देखने वाली बात होगी कि पुलिस अधीक्षक बस्ती इस मामले में क्या जांच कराते हैं और उपनिरीक्षक सूर्यभान शर्मा के खिलाफ लगे आरोपों की जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं?

एकीकृत बागवानी विकास मिशन के लिए आवेदन शुरू, किसानों को 40-50% मिलेगा अनुदान

अम्बेडकर नगर। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना वर्ष 2026-27 अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं यथा- नवीन उद्यान रोपण कार्यक्रम अन्तर्गत स्ट्रबेरी- 4 हे0 ड्रेगन फूट- 2 हे0, टिश्यू कल्चर केला- 15 हे0, पपीता- 2 हे0 के लक्ष्य प्राप्त हुये है। संकर शाकभाजी क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम अन्तर्गत 15 हे0 के लक्ष्य प्राप्त हुये है। मसाला क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम अन्तर्गत लहसुन- 75 हे0, प्याज- 75 हे0 के लक्ष्य प्राप्त हुये है। पुष्प क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम अन्तर्गत ग्लैडियोलस / जरवेरा- 2 हे0, गेंदा / गुलाब / कमल 15 हे0 के लक्ष्य प्राप्त हुये है। औषधीय पौध कार्यक्रम अन्तर्गत- 01 हे0, कृषक प्रशिक्षण-50 यूनिट के लक्ष्य प्राप्त हुये है। अन्य कार्यक्रम यथा- मल्चिंग 4 हे0, सब्जी हेतु मचान-10 हे0, फेन्सिंग 2000 वर्ग मी0, मौनपालन-2 यूनिट के लक्ष्य प्राप्त हुये है। इसी प्रकार बागवानी में मशीनीकरण कार्यक्रम अन्तर्गत पावर टिलर (08 बीएचपी तक)-1 यूनिट, पावर टिलर (08 बीएचपी से अधिक)-1 यूनिट, इको फ्रेंडली लाइट ट्रैप-50 यूनिट प्राप्त हुये है। समस्त योजनाओं में इकाई लागत का 40-50 प्रतिशत अनुमन्य सहायता देय है।

योजनान्तर्गत लाभ लेने हेतु विभागीय पोर्टल- dbt.uphorticulture.in पर एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत इच्छुक कृषक अपना पंजीयन करा सकते है तथा लाभ लेने हेतु कृषक का पंजीकरण upfr.agristack.gov.in पर होना अनिवार्य है। लाभार्थी के पास सिंचाई संसाधन हो साथ ही योजना अंश के अतिरिक्त कृषक अंश व्यय करने में सक्षम हो। संचालित विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन डी0बी0टी0 के माध्यम से शासनादेश के अनुरूप सुनिश्चित होगा। योजना में चयन 'प्रथम आवक-प्रथम पावक' के आधार सुनिश्चित है, योजना में भुगतान संबंधित कार्यवाही SNA पोर्टल से सुनिश्चित होगें। इच्छुक औद्यानिकी कृषकों से अपील है कि योजना का लाभ उठायें।

डीएम के आदेश बेअसर, शहर में गंदगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिले भर में साफ सफाई को लेकर जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के बावजूद, शहर में सफाई व्यवस्था का हाल बेहाल है। अकबरपुर नगर पालिका प्रशासन डीएम के आदेशों को ताक पर रखकर बेफिक्र सोया हुआ है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। शहर के विभिन्न इलाकों में गंदगी के ढेर, सड़क किनारे उगी झाड़ियां और बहता गंदा पानी नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

गंदगी के ढेर और झाड़ियों से पटी सड़कें

शहर के अम्बेडकर नगर अयोध्या मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे गंदगी का ढेर लगा हुआ हैं। जिससे सड़क की पटरी पूरी तरह से बाधित है जो लोगों के आवागमन में बाधा उत्पन्न करते हुए दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। सड़क किनारे उगी झाड़ियों ने भी जगह जगह सड़कों को संकरा कर दिया है, जिससे आवागमन में असुविधा हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। कूड़े के ढेरों से उठती बदबू से स्थानीय निवासी परेशान हैं।

बहता गंदा पानी बीमारियों को दे रहा दावत

अयोध्या मार्ग स्थित शिवबाबा वार्ड के श्यामगंज सहित पालिका के कई जगहों पर नालियां नदारद होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। यह गंदा पानी न केवल राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है, बल्कि मच्छर जनित बीमारियों और संक्रमण को भी दावत दे रहा है। जलजमाव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है।

शिवबाबा में सावन माह में होता है लाखों श्रद्धालुओं का ठहराव एवं आना जाना

नगर के मुख्य धार्मिक स्थल शिवबाबा में सावन माह भर में लाखों श्रद्धालुओं और कांवड़ियों का ठहरना एवं आवागमन होता रहता है इसके बावजूद भी अकबरपुर नगर पालिका प्रशासन ने समुचित साफ सफाई की व्यवस्था नहीं कराई। शिवबाबा में बनी हुई बाउंड्री वाल के किनारे झाड़ियां एवं घास फूस उगी हुई हैं। जिसकी साफ सफाई कराया जाना अति आवश्यक है।

डीएम के आदेशों की अवहेलना हाल ही में डीएम ने नगर पालिका अधिकारियों के

साथ बैठक कर शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए थे। उन्होंने विशेष रूप से सड़क किनारे लगी झाड़ियों को हटाने और जलजमाव की समस्या को हल करने पर जोर दिया था। लेकिन, जमीनी हकीकत डीएम के निर्देशों के बिल्कुल विपरीत है।

नगर पालिका की लापरवाही से जनता बेहाल नगर पालिका की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। गंदगी और जलजमाव के कारण लोगों का जीवन दूभर हो गया है। स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की है और जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।

प्रशासन की चुप्पी पर सवाल डीएम के आदेशों की अवहेलना और शहर की दयनीय

स्थिति पर नगर पालिका प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। क्या नगर पालिका प्रशासन को जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है?

क्या डीएम के आदेशों का कोई महत्व नहीं है? लोगों का कहना है कि अकबरपुर नगर पालिका प्रशासन डीएम के आदेशों का पालन करे और शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए तत्काल कदम उठाए। सड़क किनारे लगी झाड़ियों को हटाया जाए, नालियों को साफ किया जाए और जलजमाव की समस्या को हल किया जाए। खबर में दिखाई गई तस्वीरों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि सड़क किनारे कूड़ा पड़ा है, झाड़ियां उगी हुई हैं और गंदा पानी बह रहा है। यह नगर पालिका अकबरपुर की लापरवाही और अव्यवस्था का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

खंगार समाज ने विधायक का किया सम्मान

कोंच (जालौन)। गढ़कुंडार के राजा एवं खंगार क्षत्रिय समाज के महापुरुष खेतसिंह खंगार की स्मृति में बंगरा स्थित माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र की सीमा पर प्रेरणा द्वार बनवाए जाने पर समाज के लोगों ने विधायक मूलचंद्र निरंजन का सम्मान किया। शनिवार को अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय समाज समिति के जिलाध्यक्ष प्रताप भान सिंह के नेतृत्व में समाज के लोग विधायक के रामकुंड स्थित आवास पहुंचे। जहां उन्होंने विधायक को माल्यार्पण, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार जताया। समाज के लोगों ने कहा कि प्रेरणा द्वार के निर्माण से खंगार समाज की गौरवशाली विरासत को सम्मान मिला है।

यह द्वार आने वाली पीढ़ियों को राजा खेतसिंह खंगार के इतिहास और उनके योगदान से परिचित कराने का कार्य करेगा। विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते विकास कार्यों के साथ-साथ महापुरुषों के सम्मान और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाना भी उनका दायित्व है। उन्होंने समाज हित और क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास जारी रखने की बात कही।

चोरों ने ग्राहक सेवा केंद्रों को बनाया निशाना

नगदी समेत लाखों का सामान गायब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्ती हर्रैया थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात चोरों ने पुलिस की चौकसी को खुली चुनौती देते हुए दो प्रतिष्ठानों में सेंध लगा दी। उभाई ए लेकर मुर्दहवा घाट तक बेखौफ चोर ग्राहक सेवा केंद्रों के ताले तोड़कर हजारों रुपये की नकदी, लैपटॉप और अन्य कीमती सामान समेट ले गए। सुबह घटना की जानकारी होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। मुर्दहवा घाट स्थित एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र में चोर पीछे से दीवाल काट कर घुस गए। उन्होंने केंद्र का ताला तोड़कर करीब 36 हजार रुपये नकद, एक लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर हाथ साफ कर दिया। वहीं, उभाई चौराहे पर स्थित एक अन्य ग्राहक सेवा केंद्र से भी नकदी और सामान चोरी होने की सूचना है। घटना की जानकारी मिलते ही हर्रैया थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट समेत अन्य सबूत जुटाए गए।

ग्राहक सेवा केंद्र संचालक सतीश कुमार मिश्र ने बताया रोज की तरह गुरुवार की रात केंद्र बंद करके घर चला गया था। सुबह पहुंचने सामान बिखरा मिला। दुकान के पीछे से दीवाल काटकर चोरों द्वारा अंदर रखा करीब 36 हजार रुपये नकद, लैपटॉप और अन्य जरूरी सामान गायब था। घटना से काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द चोरी का खुलासा करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पीड़ित संचालकों की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का दावा किया है।

कलवारी चौराहे पर स्कॉर्पियो और पिकअप में भीषण भिड़ंत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। जनपद बस्ती के राम-जानकी मार्ग स्थित कलवारी चौराहे पर शनिवार तड़के करीब सुबह 4 बजे स्कॉर्पियो और पिकअप वाहन के बीच हुई भीषण आमने-सामने की टक्कर में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर राहत एवं बचाव कार्य तत्काल शुरू किया गया और सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन बस्ती की ओर से आ रहा था, जबकि स्कॉर्पियो कुदरहा की तरफ से कलवारी चौराहे की ओर पहुंच रही थी। इसी दौरान दोनों वाहनों की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए और उनमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना में रविशंकर (40 वर्ष) पुत्र रामलखन निवासी मजहवा कला थाना रुधौली, बाकर हुसैन (55 वर्ष) निवासी कथर पुरवा रुधौली, मोहम्मद फैजान (18 वर्ष) पुत्र बाकर हुसैन, अब्दुल सत्तार (45 वर्ष) पुत्र अमजद अली निवासी सेमरियावां, समसुद्ज्वाहार (40 वर्ष) पुत्र गुलाम नवी निवासी गंगौली जनपद संतकबीरनगर, उस्मान (25 वर्ष) पुत्र गुलाम नवी निवासी गंगौली तथा बीरबल महतो (40 वर्ष) पुत्र कन्हैया महतो निवास सिवान, बिहार सहित कई अन्य लोग घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही राम-जानकी मार्ग के देवदूत के रूप में विख्यात डॉ. प्रेम त्रिपाठी तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर राहत एवं बचाव कार्य की कमान संभाली। उनके प्रयासों से घायलों को शीघ्र बाहर निकालकर एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया। घायलों को अस्पताल पहुंचाने में 108 एम्बुलेंस सेवा की टीम ने भी सराहनीय भूमिका निभाई। एम्बुलेंस संख्या यूपी-32 ईजी-4418 के ईएमटी सतीश यादव एवं पायलट गोविंद यादव ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। वहीं एम्बुलेंस संख्या यूपी-32 बीजी-8644 के ईएमटी उत्तम तथा पायलट रमेश ने भी बिना

समय गंवाए राहत कार्य में भाग लेते हुए घायलों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बीरबल महतो, रविशंकर, उस्मान और बाकर हुसैन की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है। स्थानीय लोगों ने डॉ. प्रेम त्रिपाठी तथा 108 एम्बुलेंस कर्मियों की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि समय पर मिली सहायता से घायलों को शीघ्र उपचार उपलब्ध हो सका। वहीं पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

डीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस

शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अमेठी। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है, मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। तहसील तिलोई में कुल 67 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 08 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील गौरीगंज में 58 शिकायतें प्राप्त

हुई जिनमें 05 का निस्तारण किया गया, तहसील अमेठी में 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 01 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में 17 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी तिलोई पूर्णिमा श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, तहसीलदार तिलोई सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

पुरवा में डीएम ने सुनीं फरियाद, भूमि विवादों पर संयुक्त टीम के निर्देश

उन्नाव। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुरवा तहसील में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान राजस्व, पुलिस, विद्युत, विकास, समाज कल्याण और स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने भूमि विवाद, पैमाइश और अवैध कब्जे से जुड़े मामलों में उपजिलाधिकारी, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और निस्तारण के बाद उनसे फीडबैक भी लिया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े विभागीय स्टालों का निरीक्षण कर अधिकारियों से प्रगति की जानकारी ली। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह, उपजिलाधिकारी पुरवा, क्षेत्राधिकारी पुरवा, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

डीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अम्बेडकरनगर। शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के क्रम में माह अगस्त के प्रथम शनिवार को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ तहसील आलापुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। तहसील आलापुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 146 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 17 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित करते हुए निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि

शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा प्रत्येक अधिकारी शिकायतकर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता दें।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। जनपद की अन्य तहसीलों में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों द्वारा जनसमस्याओं को सुना गया। तहसील टांडा में कुल 64 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 06 का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

तहसील भीटी में प्राप्त 68 शिकायतों में से 06 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया

गया। तहसील जलालपुर में प्राप्त 89 शिकायतों में से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि तहसील अकबरपुर में प्राप्त 78 शिकायतों में से 10 शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया गया। शेष समस्त शिकायतों पर संबंधित विभागों को विभागीय समन्वय स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला

केजीएमयू में संचारी रोगों से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश शासन के विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत शनिवार को विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय 'मानसून सुरक्षा आपकी जिम्मेदारी - संचारी रोगों से बचाव हमारी प्राथमिकता' रखा गया। इसका उद्देश्य मानसून के दौरान बढ़ने वाले डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड और अन्य संचारी रोगों की रोकथाम एवं बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. विमला वेंकटेश ने किया। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए केवल चिकित्सा सुविधाएं ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि जनभागीदारी भी बेहद जरूरी है। लोगों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और रोगों से बचाव के उपायों को अपनाने के लिए जागरूक होना होगा। उन्होंने बताया कि डेंगू फैलाने वाला एडीज मच्छर गंदे पानी में नहीं, बल्कि साफ और रुके हुए पानी में पनपता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे प्रत्येक सप्ताह अपने घरों और आसपास जमा पानी की जांच करें। कूलर, गमले, बाल्टी, छत की टंकी, पुराने टायर और अन्य स्थानों पर जमा पानी को नियमित रूप से हटाएं। उन्होंने कहा कि सप्ताह में केवल दस मिनट का निरीक्षण भी मच्छरों के प्रजनन को रोकने में काफी प्रभावी साबित हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान माइक्रोबायोलॉजी विभाग के एमडी रेजिडेंट डॉक्टरों ने संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण विषय पर पोस्टर प्रस्तुति दी। इसके अलावा हाथों की सही स्वच्छता, ओआरएस घोल बनाने की विधि, मच्छरों के प्रजनन स्थलों की पहचान और मच्छररोधी उपायों के सही इस्तेमाल का प्रदर्शन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में 'मिथक बनाम तथ्य' सत्र और इंटरएक्टिव क्विज का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को संचारी रोगों से जुड़ी भ्रांतियों के बारे में जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर लोगों के सवालों के जवाब दिए। विशेषज्ञ परिचर्चा में मानसून के दौरान होने वाले संक्रमणों की पहचान, समय पर चिकित्सकीय परामर्श, एंटीबायोटिक दवाओं के सही उपयोग और एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज करने के बजाय समय पर जांच और उपचार कराना गंभीर जटिलताओं से बचा सकता है। समापन अवसर पर माइक्रोबायोलॉजी विभाग की अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. शीतल वर्मा ने कहा कि मानसून में बुखार के शुरुआती 24 घंटे बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। लगातार रहने वाले बुखार को हल्के में नहीं लेना चाहिए और बिना चिकित्सकीय सलाह के दवा नहीं लेनी चाहिए। उन्होंने लोगों को पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ लेने, अनावश्यक एंटीबायोटिक के प्रयोग से बचने और समय पर जांच कराने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि समय पर जांच कराने से डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, लेप्टोस्पायरोसिस और वायरल संक्रमणों की सही पहचान संभव होती है, जिससे मरीज को उचित इलाज समय पर मिल पाता है। कार्यक्रम में प्रो. आर.के. कल्याण, प्रो. प्रशांत गुप्ता, डॉ. पारुल जैन, डॉ. सुरुचि शुक्ला, डॉ. वसुधा केसरवानी, डॉ. सर्वोदय त्रिपाठी सहित विभाग के संकाय सदस्य, रेजिडेंट डॉक्टर, छात्र-छात्राएं, वैज्ञानिक, शोधार्थी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

भजन प्रवाह और कथक नृत्य ने बांधा समां, 22 गुरुजनों का हुआ सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में कलामंडपम् प्रेक्षागृह, कैसरबाग में भातखण्डे एलुमनी एसोसिएशन एवं भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'पद्म भूषण डॉ0 एस0एन0 रतनजंकर स्मृति गुरु सम्मान समारोह-2026' का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगीत, नृत्य और गुरु-शिष्य परंपरा की समृद्ध विरासत का सुंदर संगम देखने को मिला। समारोह का मुख्य आकर्षण सुप्रसिद्ध सुरसाधक किशोर चतुर्वेदी की भावपूर्ण भजन प्रस्तुति 'भजन प्रवाह' रही। उन्होंने 'हे री सखी मंगल गौरी', 'राम नाम सुखदाई', 'अच्युतम् केशवम् कृष्ण दामोदरम्' तथा सावन पर आधारित मेघ मल्हार गीत प्रस्तुत कर पूरे सभागार को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। उनकी सुमधुर गायकी से प्रभावित श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात विदुषी रेनु शर्मा के निर्देशन में 'पुष्प वाटिका प्रसंग' पर आधारित समूह कथक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी गई। कलाकारों की उत्कृष्ट भावाभिव्यक्ति, लयबद्धता और आकर्षक मंच-सज्जा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के दौरान संगीत एवं कला जगत में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 22 गुरुजनों को भातखण्डे एलुमनी एसोसिएशन द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके योगदान को नमन करते हुए सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 मांडवी सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय संगीत, नृत्य और गुरु-शिष्य परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने तथा सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ0 राजेश सिंह, प्रमुख सचिव, विधान परिषद उत्तर प्रदेश तथा विशिष्ट अतिथि राजेश जायसवाल सहित अनेक गणमान्य अतिथि, कलाकार, संगीत प्रेमी और श्रोतागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन पूनम श्रीवास्तव ने किया। अंत में भातखण्डे एलुमनी एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा भारद्वाज एवं सचिव गिरीश चन्द्र बहुगुणा ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। गरिमामय वातावरण में संपन्न यह समारोह संगीत और संस्कृति के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण बन गया।

राज्य कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष किए जाने की मांग तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में 1 अगस्त जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पांडे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में राज्य कर्मचारियों की सेवा निवृत्ति आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष किए जाने की मांग पर विस्तार से चर्चा की गई। महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पांडे एवं कार्यकारी महामंत्री सुशील कुमार बच्चा ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में भर्ती प्रक्रिया में हो रहे विलंब के कारण बड़ी संख्या में पद रिक्त पड़े हैं। वहीं हजारों कर्मचारी लगातार सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जिससे एक ओर कार्यरत कर्मचारियों पर कार्यभार बढ़ रहा है और दूसरी ओर अनुभवी कार्मिकों की कमी के कारण विभागीय योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के संचालन में विलंब की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि शिक्षकों की भांति राज्य कर्मचारियों की सेवा निवृत्ति आयु भी 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष कर दी जाए तो शासन को अनुभवी एवं दक्ष कर्मचारियों की सेवाएं अतिरिक्त दो वर्षों तक प्राप्त होती रहेंगी। इससे प्रशासनिक कार्यों में निरंतरता बनी रहेगी, विभागों की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी तथा रिक्त पदों के कारण उत्पन्न समस्याओं को काफी हद तक दूर किया जा सकेगा। महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा भी लंबे समय से यह मांग उठाई जा रही है। वर्तमान परिस्थितियों में अनुभवी कर्मचारियों की आवश्यकता को देखते हुए राज्य सरकार को इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर राज्य कर्मचारियों की सेवा निवृत्ति आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष किए जाने की मांग की जाएगी। महासंघ ने आशा व्यक्त की कि कर्मचारी हित एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सरकार इस मांग पर शीघ्र विचार करेगी। उमंग निगम, अकिल, सईद, बबलू, अमित शुक्ला, दिव्या रानी, अजय कुमार धनुक, सुजीत कुमार, अमन कुमार, धर्मेंद्र सिंह, शांति मिश्रा, मो0 रफीक, आशुतोष अवस्थी आदि शामिल रहे।

पुलिसकर्मी की पिटाई से नाराज़ युवक चढ़ा टॉवर पर

पुलिस ने 2 घंटे बाद उतारा, हिरासत में लेकर की पूछताछ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीतापुर। जनपद सीतापुर में शनिवार दोपहर करीब 12 बजे 24 साल का युवक 130 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। वह टावर के टॉप पर जाकर बैठ गया लोगों की नजर पड़ी तो मौके पर भीड़ लग गई। युवक ने आरोप लगाया थाने जाने पर उसकी शिकायत नहीं सुनी गई एक पुलिसकर्मी ने उसे थप्पड़ मार दिया। उसने गांव के प्रधान पर भी कई आरोप लगाई। पुलिस और परिजनों के समझाने पर करीब दो घंटे बाद युवक नीचे उतरा। इसके बाद पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए थाने ले गई। मामला पिसावां थाना क्षेत्र के चौखड़िया गांव का है। ग्रामीणों के मुताबिक, गांव में पंचायत चुनाव को लेकर माहौल गर्म है। टावर पर चढ़े युवक ने ग्राम प्रधान आमिर खान के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कई आरोप लगाए। हालांकि, प्रधान आमिर खान ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि विपक्षी लोग माहौल खराब करने के उद्देश्य से युवक को बहला-फुसलाकर टावर पर चढ़ाने के पीछे हैं। मां की बिगड़ी तबियत घटना की जानकारी मिलते ही युवक के माता-पिता मौके पर पहुंचे और उसे नीचे उतरने के लिए लगातार मनाते रहे। इस दौरान युवक की मां गुड़िया ने आरोप लगाया कि कुछ लोग पंचायत चुनाव को लेकर मामले को बेवजह तूल दे रहे हैं। तनाव के बीच उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गई, जिन्हें परिजनों ने संभाला युवक का आरोप है कि शुक्रवार को शिकायत लेकर थाने जाने पर उसकी बात नहीं सुनी गई और एक पुलिसकर्मी ने उसे थप्पड़ मार दिया। इसी से आहत होकर उसने मोबाइल टावर पर चढ़ने का कदम उठाया।

पुलिस बोली- मानसिक स्थिति सामान्य नहीं लगी

थाना प्रभारी प्रभात कुमार गुप्ता ने बताया कि युवक की मानसिक स्थिति सामान्य नहीं लग रही थी। वह करीब पांच वर्ष पुराने गांव के विकास कार्यों से जुड़े मामले की शिकायत कर रहा था। पुलिस ने उसे भोजन कराकर समझाया और सुरक्षित नीचे उतारा। थप्पड़ मारने के आरोप की जांच कराई जाएगी। फिलहाल युवक के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की जा रही है!!

संक्षिप्त खबरें

सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे 68 प्रार्थना पत्र, 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

महमूदाबाद (सीतापुर)। तहसील परिसर में शनिवार को उपजिलाधिकारी (एसडीएम) अभिषेक प्रियदर्शी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और संबंधित अधिकारियों के समक्ष शिकायतें दर्ज कराईं। समाधान दिवस में कुल 68 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 8 मामलों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 40, पुलिस की 9, विकास विभाग की 13, नगरपालिका की 5 तथा कृषि विभाग की 1 शिकायत शामिल रही। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए एसडीएम ने निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

स्थायी लोक अदालत में जन उपयोगी सेवाओं के विवादों का होगा त्वरित समाधान

लखनऊ। आमजन को सुलभ, त्वरित और किफायती न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित स्थायी लोक अदालत जन उपयोगी सेवाओं से जुड़े विवादों के निस्तारण का प्रभावी माध्यम बन रही है। प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ, जीवक कुमार सिंह ने बताया कि स्थायी लोक अदालत का गठन विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत किया गया है। उन्होंने बताया कि स्थायी लोक अदालत में परिवहन सेवाएं, डाक एवं दूरसंचार सेवाएं, विद्युत एवं जलापूर्ति, सार्वजनिक स्वच्छता व्यवस्था, अस्पताल एवं औषधालय सेवाएं, बीमा सेवाएं, शैक्षिक संस्थानों और आवास संबंधी सेवाओं से जुड़े विवादों का समाधान किया जाता है। प्रभारी सचिव ने कहा कि स्थायी लोक अदालत की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां विवादों को पहले आपसी सुलह और समझौते के माध्यम से हल करने का प्रयास किया जाता है। यदि दोनों पक्षों के बीच समझौता नहीं हो पाता है तो स्थायी लोक अदालत को मामले के गुण-दोष के आधार पर निर्णय देने का अधिकार प्राप्त है।

कांवड़ मार्ग से अतिक्रमण हटाया, अवैध चबूतरे ध्वस्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीतापुर। जनपद सीतापुर में शहर कोतवाली इलाके में शनिवार दोपहर करीब तीन बजे नगर पालिका प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मन्नी चौराहे के समीप बुलडोजर चलाया। अभियान के दौरान सड़क तक बने अवैध चबूतरों और अन्य अतिक्रमणों को ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई श्यामनाथ मंदिर जाने वाले कांवड़ मार्ग को सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से की गई। कार्रवाई के दौरान मौके पर पुलिस बल भी तैनात रहा, जिससे अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी (ईओ) सीमा सिंह के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में जेसीबी मशीन की मदद से सड़क किनारे बने अवैध निर्माणों को हटाया गया प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमण के कारण कांवड़ यात्रा मार्ग संकरा हो गया था, जिससे श्रद्धालुओं और आम लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सावन के दौरान कांवड़ियों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराना आवश्यक था।

42 बीघा अवैध प्लाटिंग पर चला प्रशासन का बुलडोजर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीतापुर। जनपद सीतापुर में शहर और आसपास के क्षेत्रों में बिना स्वीकृत लेआउट के विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ प्रशासन ने शनिवार शाम करीब पांच बजे बड़ी कार्रवाई की। सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पांडेय के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान तीन स्थानों पर करीब 42 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त कर दिया गया कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग और पुलिस की टीम भी मौके पर मौजूद रही प्रशासन के अनुसार, धनीपुर, कनवाखेड़ा और भगवानपुर क्षेत्रों में बिना वैधानिक अनुमति और स्वीकृत लेआउट के प्लाटिंग की जा रही थी। जांच में अनियमितताएं मिलने के बाद संबंधित स्थानों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान धनीपुर गांव के पास लगभग 18 बीघा, कनवाखेड़ा में पी.एन. सहगल स्कूल के पीछे करीब 4 बीघा तथा भगवानपुर में लगभग 20 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पांडेय ने बताया कि यह प्लाटिंग पप्पू जायसवाल और अन्य लोगों द्वारा कराई जा रही थी। प्रशासन ने जेसीबी मशीन की मदद से मौके पर बनाई गई सड़कें, सीमांकन और अन्य अवैध निर्माण हटवा दिए। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर मौजूद रहे। पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के कारण पूरा अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि बिना स्वीकृत लेआउट के किसी भी प्रकार की प्लाटिंग या कॉलोनी विकसित करना नियमों के विरुद्ध है। ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी भूखंड को खरीदने से पहले उसका स्वीकृत लेआउट और संबंधित विभागों से मिली अनुमति की जांच अवश्य कर लें, ताकि भविष्य में किसी तरह की कानूनी या आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े!!

खंड शिक्षा अधिकारी को मांग पत्र सौपकर विद्यालय की सफाई व्यवस्था में सुधार की करी मांग

बिसवां (सीतापुर)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई सकरन ने परिषदीय विद्यालयों में नियमित शैक्षिक एवं साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है। संघ के ब्लॉक अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार पटेल, कोषाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता व मंत्री मो. आरिफ ने अन्य शिक्षकों सहित खंड शिक्षा अधिकारी को मांग पत्र सौंपकर विद्यालयों की सफाई व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की। पत्र में कहा गया है कि विद्यालयों में सफाई कर्मियों द्वारा नियमित रूप से साफ-सफाई न किए जाने के कारण गंदगी बनी रहती है। वर्षा ऋतु में जलभराव और गंदगी के कारण बच्चों एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। विद्यालयों के शौचालयों की स्थिति भी चिंताजनक बताई गई है। शिक्षक संघ ने कहा कि शिक्षक अपने स्तर से विद्यालयों में सफाई कराने का प्रयास करते हैं, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। संघ ने खंड शिक्षा अधिकारी से सफाई कर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा विद्यालयों में स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। साथ ही शिक्षकों को इस संबंध में अनावश्यक जिम्मेदारी से मुक्त रखने का अनुरोध किया गया है।

बदनामी के डर से भाई ने धारदार हथियार से की नाबालिग बहन की हत्या

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

महमूदाबाद-सीतापुर। तहसील के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बजेहरा में एक अत्यंत झकझोर देने वाली और सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहाँ बदनामी के कारण उपजे विवाद के चलते एक कलयुगी भाई ने अपनी ही 16 वर्षीय नाबालिग बहन की बेरहमी से गला रेतकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान सुमिता पुत्री राजाराम के रूप में हुई है। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत और सनसनी फैल गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ समय पूर्व परिजनों ने आरोप लगाया था कि कोई व्यक्ति नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग को बरामद कर लिया था और उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया था। न्यायालय में अपने बयान दर्ज कराने के बाद, अदालत के निर्देशानुसार नाबालिग को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया था। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, लड़की ने अदालत और बयानों में यह बात कही थी कि वह घर में परिजनों की डांट-फटकार से क्षुब्ध होकर अपनी मर्जी से कहीं चली गई थी। परंतु परिवार के भीतर और विशेषकर भाई के मन में इस घटना से सामाजिक बदनामी का भारी रोष था। इसी रंजिश के चलते आज सुबह भाई ने धारदार हथियार से हमला कर सुमिता का सिर काटकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाई काफी देर तक शव के पास बैठा रहा और मौका पाकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। अपर पुलिस अधीक्षक सीतापुर, दुर्गेश सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और फील्ड यूनिट के साथ उच्चाधिकारियों ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है, जिनसे गहन पूछताछ की जा रही है। एएसपी दुर्गेश सिंह ने बताया कि मृतका के परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपी भाई कोमल पुत्र राजाराम तथा गांव के अन्य संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नामजद मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। फरार मुख्य आरोपी भाई की तलाश के लिए पुलिस टीमों का गठन कर दिया गया है और जल्द ही उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-2

जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक : 666/EE-2/LJS दिनांक -29/7/2026

(अल्पकालीन निविदा-सूचना)

निम्नलिखित कार्य / आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दि0- 01/08/ 2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन शायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0-01/08/2026 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0 सी0डी0 आर0 / एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-2 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्ट मनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

Sr.no	कार्य का नाम	धरोहर राशि	निविदा मूल्य	GST18%	कुल योग	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Reboring of 1.5HP Submersible pump near Unchi Mawaiya crossing gate No. 2 infront of Shop of Shaktikendra Dharmendra	3400.00	200.00	36.00	236.00	07 दिवस

निविदा प्राप्त करने की शर्त : 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता, जोन-2
जलकल विभाग, नगर निगम,
लखनऊ

संपादकीय

छात्रों को प्रधानमंत्री की माफी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन छात्रों को माफ कर दिया है जिन्होंने जंतर-मंतर प्रोटेस्ट के दौरान उनके लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। यह एक बहुत बड़ी बात है कि देश के प्रधानमंत्री पर जिन छात्रों ने गन्दी गन्दी गलियों का प्रयोग किया हो और उन्हें माफ़ कर दिया जाये। शायद प्रधानमंत्री ने उन्हें सुधरने का एक मौका दिया है। सार्वजनिक स्थान पर कैमरे के सामने इस तरह की अभद्र भाषा का प्रयोग दंडनीय है। इस तरह की भाषा को सहन नहीं किया जा सकता है। प्रशासन की तरफ़ से इस तरह के छात्रों की पहचान करके उन पर कार्यवाही करने की तैयारी चल रही थी, इसी बीच सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक वीडियो आता है जिसमें वह कहते हैं कि मैं इन छात्रों पर कार्यवाही करने के पक्ष में नहीं हूं, मैं इन्हें एक बार सुधरने का मौका देता हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो में कहा कि ये बचपन है और बचपन में गलतियां हो जाती हैं। जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर हुए छात्र आंदोलन के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक और अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। इस घटना ने देशभर में तीखी राजनीतिक और सामाजिक बहस छेड़ दी। एक ओर कई लोगों ने इसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन बताया, तो दूसरी ओर यह तर्क दिया गया कि युवाओं का आक्रोश परीक्षा व्यवस्था में लगातार हो रही गड़बड़ियों का परिणाम है। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ऐसा संदेश दिया, जिसने पूरे घटनाक्रम को नया मोड़ दे दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे छात्रों को कठोर दंड देने से समस्या का समाधान नहीं होगा। उन्होंने उन्हें 'भटके हुए बच्चे' बताते हुए समाज से भी क्षमा और संवेदनशीलता का व्यवहार अपनाने की अपील की। प्रधानमंत्री का यह रुख केवल राजनीतिक संदेश नहीं बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लोकतंत्र में असहमति व्यक्त करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है, लेकिन किसी भी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग स्वीकार्य नहीं माना जा सकता। इसके बावजूद यदि सरकार प्रतिशोध की भावना से बचते हुए संवाद का रास्ता चुनती है, तो इसे लोकतांत्रिक परिपक्वता का संकेत भी माना जा सकता है। हालांकि, यह भी स्पष्ट है कि क्षमा का अर्थ अभद्र भाषा या हिंसक व्यवहार को उचित ठहराना नहीं है। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि उसकी मर्यादा बनाए रखना। यदि आंदोलन अपनी नैतिक शक्ति खो देता है, तो उसकी वैध मांगें भी कमजोर पड़ सकती हैं। इस पूरे प्रकरण में न्यायपालिका की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदर्शनकारी छात्रों के विरुद्ध अनावश्यक कठोर कार्रवाई से बचने की बात कही और जिन छात्रों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है, उन्हें राहत देने का निर्देश दिया। साथ ही अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि कानून के अनुसार जांच और आवश्यक प्रक्रिया जारी रह सकती है। राजनीतिक दृष्टि से देखा जाए तो प्रधानमंत्री का यह कदम विपक्ष की उस आलोचना का जवाब भी माना जा सकता है, जिसमें सरकार पर छात्रों के प्रति कठोर रवैया अपनाने के आरोप लगाए जा रहे थे। वहीं सरकार समर्थकों का मानना है कि क्षमा का संदेश देकर प्रधानमंत्री ने यह दिखाया कि वे युवाओं को विरोधी नहीं बल्कि देश का भविष्य मानते हैं। दूसरी ओर, इस पूरे घटनाक्रम से छात्रों और छात्र संगठनों के लिए भी एक महत्वपूर्ण संदेश निकलता है। लोकतांत्रिक आंदोलन तभी प्रभावी बनते हैं जब वे अनुशासन, तथ्यों और मर्यादा के साथ आगे बढ़ें। अपशब्द, हिंसा या व्यक्तिगत हमले किसी भी जनआंदोलन की नैतिक शक्ति को कम कर देते हैं। नीट पेपर लीक जैसे मामलों ने लाखों छात्रों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगाया है। ऐसे में सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी केवल आंदोलनों को नियंत्रित करना नहीं, बल्कि परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाना भी है। यदि सुधार लागू होते हैं और भविष्य में पेपर लीक जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगती है, तभी इस पूरे आंदोलन का वास्तविक उद्देश्य पूरा माना जाएगा। अंततः यह घटना भारतीय लोकतंत्र के लिए एक सीख है। सरकार को आलोचना सुनने का धैर्य रखना चाहिए और नागरिकों को विरोध की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। क्षमा, संवाद और सुधार—यदि ये तीनों साथ चलते हैं, तो लोकतंत्र और अधिक मजबूत बन सकता है। लेकिन यह भी उतना ही आवश्यक है कि सार्वजनिक जीवन में भाषा की मर्यादा और संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान हर परिस्थिति में बना रहे। प्रोटेस्ट होते रहते हैं लेकिन इस तरह की अभद्र भाषा को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह इन आंदोलनकारी छात्रों के लिए एक सबक है जिसको सीखना बहुत जरूरी है। हम जिस समाज में रहते हैं वहां इस तरह की अभद्र भाषा का कोई स्थान नहीं है, इसलिए आगे से ऐसा करने से पहले दस बार सोचना चाहिए।

राजीव शुक्ला -(संपादक)

मेष-आज का दिन आपके लिए उत्साह और आत्मविश्वास से भरा रहेगा। व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए बनाई गई नई योजनाएं भविष्य में लाभदायक साबित हो सकती हैं। पुराने मित्र से मुलाकात होने की संभावना है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

वृषभ-आज आपके रुके हुए कार्य गति पकड़ सकते हैं। वरिष्ठ लोगों का सहयोग मिलने से महत्वपूर्ण निर्णय लेना आसान होगा। शिक्षा और रोजगार से जुड़े प्रयासों में सफलता मिलने के योग हैं।

मिथुन-आज का दिन आपके लिए उपलब्धियों वाला रहेगा। परिवार में आपके कार्यों की सराहना होगी और आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यापार से जुड़े लोगों को विस्तार के नए अवसर मिल सकते हैं।

कर्क-आज आय के नए स्रोत बनने की संभावना है, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। निवेश संबंधी निर्णय सोच-समझकर लेना आपके लिए लाभदायक रहेगा। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा और प्रतियोगी क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

सिंह-आज का दिन योजनाओं को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाने का है। खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखना भविष्य के लिए लाभकारी रहेगा। यदि किसी नए कार्य की शुरुआत करना चाहते हैं तो परिस्थितियां आपके पक्ष में रह सकती हैं।

कन्या-आज कार्यक्षेत्र में प्रगति के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। राजनीति, प्रशासन या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए प्रभाव बढ़ने के संकेत हैं। परिवार में संतान से जुड़ी चिंता कम होगी और कोई सकारात्मक समाचार मिल सकता है। आर्थिक मामलों में जल्दबाजी से बचना उचित रहेगा। वैवाहिक जीवन में सामंजस्य बना रहेगा और पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा।

तुला-आज का दिन नई ऊर्जा और उत्साह लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र में किसी करीबी व्यक्ति से चल रही नाराजगी समाप्त हो सकती है। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा और घर में किसी शुभ समाचार की संभावना है।

वृश्चिक-आज मेहनत और धैर्य के बल पर महत्वपूर्ण कार्य पूरे हो सकते हैं। विरोधियों की कोशिशों के बावजूद आप अपनी समझदारी से आगे बढ़ेंगे। सरकारी क्षेत्र से जुड़े लोगों को नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

धनु-आज व्यापार में हर निर्णय सोच-समझकर लेना आवश्यक रहेगा। अनुभवी लोगों की सलाह आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकती है। कार्यस्थल पर सहयोगियों का साथ मिलेगा और वातावरण अनुकूल रहेगा।

मकर-आज का दिन समस्याओं के समाधान लेकर आ सकता है। परिवार में धार्मिक या मांगलिक कार्यों की योजना बन सकती है। जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के प्रयास सफल होंगे।

कुंभ-आज नई योजनाओं पर काम शुरू करने के लिए समय अनुकूल रहेगा। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलने के संकेत हैं। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं और अध्ययन में अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

मीन-आज का दिन सामान्य लेकिन संतुलित रहेगा। व्यापार में लाभ के लिए अनुभवी लोगों का सहयोग लेना उपयोगी रहेगा। अनावश्यक विवादों से दूर रहकर अपने कार्यों पर ध्यान केंद्रित करना बेहतर रहेगा। आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे सुधार के संकेत हैं।

लखनऊ मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एक मील का पत्थर

(आदर अदीब पावेल बन्धु)
जिला सूचना अधिकारी

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी और दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, उनके जन्म को प्रोत्साहित करना और उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। लंबे समय से भारतीय समाज में बेटियों को लेकर कई प्रकार की सामाजिक और आर्थिक चुनौतियाँ रही हैं। कहीं बेटियों को बोझ समझा जाता था, तो कहीं उनकी शिक्षा को प्राथमिकता नहीं दी जाती थी। इसी सोच को बदलने और बेटियों को समान अवसर प्रदान करने के लिए इस योजना की शुरुआत की गई।

यह योजना वर्ष 2019 में प्रारंभ की गई, जिसका लक्ष्य बालिकाओं को जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक आर्थिक सहायता प्रदान करना है। सरकार द्वारा दी जाने वाली यह सहायता बालिका के जीवन के विभिन्न चरणों में दी जाती है, जिससे उसके पालन-पोषण, शिक्षा और विकास में आर्थिक बाधाएँ कम हो सकें। योजना के अंतर्गत कुल 25,000 रुपये की सहायता राशि निर्धारित की गई है, जिसे छह अलग-अलग चरणों में सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजा जाता है। यह राशि क्ठज् यानी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से दी जाती है, जिससे पारदर्शिता बनी रहती है और किसी प्रकार की अनियमितता की संभावना कम हो जाती है। इस योजना के तहत बालिका के जन्म के समय 5,000 रुपये की सहायता दी जाती है, जिससे परिवार को प्रारंभिक खर्चों में सहयोग मिलता है। इसके बाद जब बालिका का टीकाकरण पूरा हो जाता है, तब 2,000 रुपये की राशि प्रदान की जाती है। जैसे-जैसे बालिका शिक्षा के विभिन्न चरणों में आगे बढ़ती है, उसे क्रमशः प्रथम कक्षा, छठी कक्षा, नौवीं कक्षा और बारहवीं के बाद उच्च शिक्षा में प्रवेश के समय आर्थिक सहायता दी जाती है। इस प्रकार यह योजना केवल जन्म तक सीमित नहीं है, बल्कि बालिका के भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में निरंतर सहयोग प्रदान करती है। इस योजना का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव को समाप्त करना है। आज भी कई स्थानों पर बेटा और बेटी के बीच भेदभाव देखा जाता है, जिसके कारण बेटियों को शिक्षा और अवसरों से वंचित रहना पड़ता है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना इस सोच को बदलने का प्रयास करती है और यह संदेश देती है कि बेटियाँ भी परिवार और समाज की उतनी ही महत्वपूर्ण सदस्य हैं जितने बेटे। जब परिवार को यह विश्वास मिलता है कि सरकार उनके साथ खड़ी है और उनकी बेटी के भविष्य के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है, तो वे बेटियों के पालन-पोषण और शिक्षा के प्रति अधिक जागरूक होते हैं। योजना का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को रोकने में भी सहायक है। जब बालिकाएँ शिक्षा प्राप्त करती हैं और उनके भविष्य को लेकर परिवार सजग होता है, तो वे कम उम्र में विवाह करने के बजाय अपनी पढ़ाई पर ध्यान देती हैं। इससे समाज में शिक्षा का स्तर बढ़ता है और बालिकाएँ आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ती हैं।इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कुछ पात्रता शर्तें निर्धारित की गई हैं। लाभार्थी बालिका उत्तर प्रदेश की निवासी होनी चाहिए और उसके परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा, एक परिवार की अधिकतम दो बालिकाएँ ही इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकती हैं। यदि दूसरी संतान के रूप में जुड़वा बेटियाँ जन्म लेती हैं, तो दोनों को योजना का लाभ दिया जाता है। यह व्यवस्था सुनिश्चित करती है कि योजना का लाभ वास्तव में जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचे। आवेदन प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने के लिए इसे ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध कराया गया है। ऑनलाइन आवेदन के लिए आधिकारिक पोर्टल पर पंजीकरण करना होता है, जहाँ सभी आवश्यक विवरण भरकर दस्तावेज अपलोड किए जाते हैं। वहीं, ऑफलाइन आवेदन के लिए आंगनवाड़ी केंद्र, ब्लॉक कार्यालय या जिला प्रोबेशन अधिकारी के कार्यालय में जाकर आवेदन किया जा सकता है। इससे उन लोगों को भी सुविधा मिलती है जो डिजिटल माध्यमों का उपयोग करने में सक्षम नहीं हैं। इस योजना का प्रभाव समाज में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। बेटियों के जन्म को लेकर लोगों की सोच में सकारात्मक बदलाव आया है। अब अधिक से अधिक परिवार बेटियों को शिक्षा दिलाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। स्कूलों में बालिकाओं की उपस्थिति बढ़ी है और वे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं। इसके साथ ही, यह योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि शिक्षित और आत्मनिर्भर महिलाएँ ही समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। हालांकि योजना के क्रियान्वयन में कुछ चुनौतियाँ भी सामने आती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी के कारण कई लोग इस योजना का लाभ नहीं उठा पाते। कई बार आवश्यक दस्तावेजों की अनुपलब्धता भी एक बड़ी बाधा बन जाती है। इसके अलावा, डिजिटल साक्षरता की कमी के कारण ऑनलाइन आवेदन में भी कठिनाइयाँ आती हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए सरकार और प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जैसे जागरूकता अभियान चलाना, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से जानकारी पहुँचाना और आवेदन प्रक्रिया को और सरल बनाना। कुल मिलाकर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एक ऐसी पहल है जो न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करती है, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सोच को बदलने का कार्य भी करती है। यह योजना इस बात का प्रतीक है कि सरकार बालिकाओं के भविष्य को लेकर गंभीर है और उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन और व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, तो यह निश्चित रूप से एक सशक्त, शिक्षित और समान समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेज़ी से अग्रसर

उत्तर प्रदेश आज केवल देश का सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य ही नहीं है, बल्कि भारत की आर्थिक प्रगति का सबसे बड़ा इंजन बनने की दिशा में भी तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। गत 09 वर्षों में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने जिस प्रकार कानून-व्यवस्था, आधारभूत संरचना, निवेश, औद्योगिक विकास, कृषि, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा वित्तीय अनुशासन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार किए हैं, उसने उत्तर प्रदेश को देश की सबसे तेज़ी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 39.8 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है, जो वर्ष 2025-26 के संशोधित अनुमान की तुलना में लगभग 28 प्रतिशत की वृद्धि होगी। यह वृद्धि केवल एक सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की बदलती आर्थिक संरचना, सुशासन और दीर्घकालिक विकास नीति का प्रमाण है। राज्य सरकार ने वर्ष 2029-30 तक उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह लक्ष्य महत्वाकांक्षी अवश्य है, लेकिन वर्तमान विकास की गति और नीति-आधारित प्रयासों को देखते हुए पूरी तरह व्यवहारिक भी है। एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य केवल उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं है। इसका अर्थ है कि राज्य के प्रत्येक क्षेत्र में संतुलित विकास हो, रोजगार के नए अवसर सृजित हों, उद्योगों का विस्तार हो, किसानों की आय में वृद्धि हो, युवाओं को आधुनिक कौशल प्राप्त हो तथा निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जाए। इसी व्यापक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने अपने विकास का बहुआयामी मॉडल तैयार कर क्रियान्वयन शुरू कर दिया है। प्रदेश सरकार ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण जैसे कोर सेक्टरों की पहचान की है। इसके साथ ही शिक्षा, कौशल विकास, ऊर्जा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना तथा शहरी विकास को भी समान रूप से महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। सरकार केवल औद्योगिक विकास तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि मानव संसाधन और सामाजिक विकास को भी आर्थिक प्रगति का आधार मानती है। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। राज्य की बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है। इसलिए कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीक, बेहतर बाजार व्यवस्था तथा मूल्य संवर्धन से जोड़ना राज्य की आर्थिक रणनीति का अभिन्न अंग है। कृषि के साथ खाद्य प्रसंस्करण, भंडारण तथा आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति दी जा रही है।

इसी प्रकार आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को भविष्य की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार माना गया है। डिजिटल तकनीक, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन तथा आधुनिक औद्योगिक इकाइयों के विस्तार से न केवल बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होंगे, बल्कि उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशकों के लिए भी एक आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित होगा। आर्थिक विकास केवल उद्योगों से संभव नहीं होता। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कुशल मानव संसाधन भी आवश्यक हैं। इसी कारण शिक्षा एवं कौशल विकास को भी प्रमुख विकास क्षेत्रों में शामिल किया गया है। प्रशिक्षित और दक्ष युवा ही आधुनिक उद्योगों, सेवा क्षेत्र तथा नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की वास्तविक शक्ति बन रहे हैं। इसी प्रकार स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश उत्पादक मानव संसाधन तैयार करने हेतु आवश्यक सेवाओं से मानव शक्ति तैयार की जा रही है। ऊर्जा और आधारभूत संरचना किसी भी विकसित अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती हैं। पर्याप्त ऊर्जा उपलब्धता, बेहतर सड़क संपर्क, आधुनिक परिवहन प्रणाली तथा विकसित शहरी सुविधाएँ निवेश आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उत्तर प्रदेश ने इन्हीं क्षेत्रों में निरंतर निवेश कर विकास की मजबूत नींव तैयार की है। आज 05 अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों सहित 17 क्रियाशील हवाई अड्डों वाला उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक हवाई अड्डों वाला राज्य बन चुका है। इसके साथ ही राज्य के पास देश का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे नेटवर्क भी उपलब्ध है। यह उपलब्धि केवल परिवहन सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि निवेश, पर्यटन, उद्योग, व्यापार और रोजगार को नई गति देने वाली आधारभूत संरचना का निर्माण भी है। बेहतर कनेक्टिविटी किसी भी अर्थव्यवस्था की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ाती है तथा उत्पादन लागत को कम करती है। राज्य सरकार को विश्वास है कि जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के संचालन से राज्य की अर्थव्यवस्था को और अधिक गति मिलेगी। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की हवाई संपर्क व्यवस्था निर्यात, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन तथा औद्योगिक निवेश के लिए नए अवसर उपलब्ध कराएगी। इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित पूरे राज्य को आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। उत्तर प्रदेश की विकास रणनीति की एक अन्य महत्वपूर्ण विशेषता क्षेत्रीय संतुलन है। राज्य को चार प्रमुख क्षेत्रों पश्चिमी, पूर्वी, मध्य तथा बुंदेलखंड में विभाजित कर प्रत्येक क्षेत्र की आवश्यकताओं और संभावनाओं के अनुरूप अलग-अलग विकास रणनीति तैयार की जा रही है। यह दृष्टिकोण अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रत्येक क्षेत्र की भौगोलिक, आर्थिक तथा सामाजिक परिस्थितियाँ भिन्न हैं। क्षेत्र विशेष की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजना तैयार करने से संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव होता है तथा संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। प्रदेश सरकार निवेश आकर्षित करने के लिए भी निरंतर सक्रिय है। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा देश के विभिन्न प्रमुख शहरों तथा विदेशों की यात्राओं के माध्यम से निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। यह प्रयास केवल निवेश समझौतों तक सीमित नहीं है, बल्कि उत्तर प्रदेश की नई औद्योगिक छवि को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है। प्रदेश के समावेशी विकास से ही एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त होगा। कृषि, उद्योग, सेवा क्षेत्र, शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, शहरी विकास और आधारभूत संरचनाओं को इन सभी क्षेत्रों का समानांतर विकास राज्य को स्थायी आर्थिक प्रगति प्रदान करेगा। उत्तर प्रदेश की वर्तमान रणनीति इसी समन्वित विकास मॉडल पर आधारित होकर क्रियान्वित की जा रही है। सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 28 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि इस बात का संकेत है कि राज्य की अर्थव्यवस्था नई गति प्राप्त कर रही है। यदि यही गति आगामी वर्षों में बनी रहती है और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में निवेश तथा नीतिगत सुधार निरंतर जारी रहते हैं, तो वर्ष 2029-30 तक एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त करना उत्तर प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगी। उत्तर प्रदेश आज उस दौर में प्रवेश कर चुका है जहाँ विकास केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि स्पष्ट रणनीति, क्षेत्रवार योजना, आधुनिक आधारभूत संरचना, निवेश प्रोत्साहन और दीर्घकालिक आर्थिक दृष्टिकोण पर आधारित दिखाई दे रहा है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश आने वाले वर्षों में भारत की आर्थिक प्रगति का सबसे बड़ा विकास इंजन बनने की क्षमता रखता है।

-जयेन्द्र सिंह,

'मिशन पंचनद' से साकार होती जनपद इटावा की आत्मनिर्भर एवं सशक्त ग्राम पंचायतों की संकल्पना

उत्तर प्रदेश के ग्रामीण अंचल में सर्वांगीण विकास, सुशासन और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में एक ऐतिहासिक बदलाव की शुरुआत हो चुकी है। प्रदेश सरकार के दूरदर्शी निर्देशों के अनुपालन में जनपद इटावा के पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित 'मिशन पंचनद' राज्य की ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर, सशक्त और तकनीकी रूप से दक्ष बनाने के लिए एक क्रांतिकारी पहल के रूप में उभरा है। इस बहुआयामी योजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्कृष्ट उपयोग करते हुए पंचायतों को केवल सरकारी अनुदान पर निर्भर रहने वाली संस्था से बदलकर स्वयं के राजस्व स्रोतों से सुसज्जित एक सक्षम और वित्तीय रूप से स्वावलंबी इकाई के रूप में विकसित करना है। उत्तर प्रदेश शासन की विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप जनपद इटावा के ग्रामीण परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए पंचायती राज विभाग और जिला प्रशासन के माध्यम से ग्राम पंचायतों को सुदृढ़ बनाने का एक व्यावहारिक खाका तैयार किया गया है। 'मिशन पंचनद' के अंतर्गत मुख्य रूप से पांच प्रमुख स्तंभों-वित्तीय स्वावलंबन, सुशासन, डिजिटल एवं तकनीकी समावेश, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सहभागिता को केंद्र में रखकर ग्रामीण सशक्तीकरण की नींव रखी गई है। इस मॉडल के तहत गांवों में ही स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि ग्रामीण निवासियों को अपनी आजीविका के लिए शहरों की ओर पलायन न करना पड़े। ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय आत्मनिर्भरता को गति देने के लिए ग्राम पंचायतों को अपनी स्वयं की आय (ऑन सोर्स रेवेन्यू-ओएसआर) बढ़ाने के नए अवसर प्रदान किए गए हैं। इसके अंतर्गत जनपद इटावा की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंचायत भूमि पर व्यावसायिक दुकानों एवं पंचायत उद्योग केंद्रों का निर्माण कराया गया है। पंचायत परिसंपत्तियों के इस योजनाबद्ध और पारदर्शी उपयोग से न केवल ग्राम पंचायतों को नियमित आय प्राप्त हो रही है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के अनेक नए अवसर भी सृजित हुए हैं। यह व्यवस्था पंचायतों के वित्तीय संतुलन को दीर्घकालिक रूप से मजबूत करने में सहायक सिद्ध हो रही है। जनपद इटावा के अंतर्गत इन व्यावसायिक परिसरों के संचालन की मुख्य जिम्मेदारी 'महिला स्वयं सहायता समूहों' को सौंपी गई है। इस व्यवस्था से एक तरफ जहां ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने का सुदृढ़ मंच मिला है, वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायतों की वित्तीय स्थिति में निरंतर सुधार दर्ज किया जा रहा है। महिला समूहों को प्रबंधन सौंपने से इन व्यावसायिक इकाइयों का निष्पादन अत्यंत अनुशासित और पारदर्शी रहा है। विकास खंड बढ़पुरा की ग्राम पंचायत 'जैतपुर जमुनापार' में स्थापित 'पंचनद ग्रामीण बाजार' इस नवाचार का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां सात दुकानों का निर्माण कराकर उन्हें महिला समूहों को संचालित करने हेतु आवंटित किया गया है। इन दुकानों के माध्यम से पेंट एवं पशु आहार, खाद-बीज, सोलर उत्पाद, ब्यूटी पार्लर, बुटीक तथा जनरल स्टोर जैसे विविध व्यवसाय सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं। इन व्यावसायिक गतिविधियों से ग्रामीण आबादी को दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुएं गांव में ही उपलब्ध हो रही हैं, साथ ही ग्राम पंचायत को किराए के रूप में स्थाई आय प्राप्त हो रही है। इसी क्रम में विकास खंड बढ़पुरा की ग्राम पंचायत 'कुनैरा' में स्थापित 'पंचनद कैफेटेरिया' तथा ग्राम पंचायत 'बुलाकीपुर लुहन्ना' में निर्मित व्यावसायिक दुकानों ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्रदान की है। कैफेटेरिया और दुकानों के माध्यम से स्थानीय खाद्य उत्पादों, जलपान एवं दैनिक सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ी है, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। इन परिसंपत्तियों ने ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका के नए मार्ग खोले हैं। इसके अतिरिक्त इटावा शहर तथा बकेवर स्थित 'पंचायत उद्योग केंद्रों' में कॉमन सर्विस सेंटर, मिलेट्स केंद्र, बेकरी, जूस सेंटर, आधार सेवा केंद्र और बुटीक जैसी विविध नागरिक-केंद्रित सेवाओं का सफल संचालन किया जा रहा है। इन केंद्रों के माध्यम से एक ओर जहां ग्रामीणों को आधुनिक और डिजिटल सेवाएं उनके निकटतम स्थान पर मिल रही हैं, वहीं दूसरी ओर स्वयं सहायता समूहों की आय में बढ़ोत्तरी होने के साथ-साथ ग्राम पंचायतों का स्वयं का आय कोष मजबूत हुआ है। जनपद में बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण की यह प्रक्रिया निरंतर प्रगति पर है। वर्तमान में बिजौली, जरवार एवं बसरेहर ग्राम पंचायतों में भी नई व्यावसायिक दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है तथा उन्हें पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को आवंटित करने की कार्रवाई प्रचलित है। इन नए प्रोजेक्ट्स के पूर्ण होने से जिले की अन्य पंचायतों के लिए भी राजस्व सृजन के नए मार्ग प्रशस्त होंगे। समग्र जनपद इटावा में इस समय कुल 40 दुकानों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य संचालित किया गया है, जिनमें से 17 दुकानें पूरी तरह से क्रियाशील होकर व्यावसायिक सेवाएं दे रही हैं और 23 दुकानें निर्माणाधीन स्थिति में हैं। इन परिसंपत्तियों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण मानकों और आधुनिक डिजाइनों के आधार पर कराया जा रहा है ताकि ये दीर्घकाल तक उपयोगी बनी रहें। इन नवाचारों के सकारात्मक वित्तीय परिणाम भी सामने आ चुके हैं। जनपद इटावा में संचालित इन व्यावसायिक परिसंपत्तियों के माध्यम से अब तक ग्राम पंचायतों को ?1,10,600 की समेकित आय प्राप्त हो चुकी है। इसके साथ ही वर्तमान समय में प्रत्येक माह लगभग ?27,800 की नियमित किराए की आय ग्राम पंचायतों को प्राप्त हो रही है, जिससे ग्राम पंचायतें वित्तीय रूप से आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर हो रही हैं। प्राप्त हो रहे इस राजस्व का उपयोग गांव की मूलभूत नागरिक सुविधाओं के रखरखाव में किया जा रहा है। वित्तीय सशक्तीकरण के साथ-साथ

संक्षिप्त खबरें

डीएम साहब... मेरे पापा को न्याय दिला दीजिए '

रूद्रपुर,देवरिया। रुद्रपुर तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस उस समय संवेदनशील हो गया, जब एक मासूम बच्चा अपने परिजनों के साथ जिलाधिकारी के सामने पहुंचा और भर्राई आवाज में बोला, 'साहब... मेरे पापा को न्याय दिला दीजिए।' बच्चे की यह मार्मिक गुहार सुनकर वहां मौजूद अधिकारी, कर्मचारी और फरियादी भी कुछ पल के लिए भावुक हो गए। दरअसल, दो दिन पहले एकौना थाना के मराछी टोला निवासी रामप्रीत साहनी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। परिजनों का आरोप है कि यह हादसा एक पुलिसकर्मी के वाहन की टक्कर से हुआ। घटना के विरोध में ग्रामीणों और परिजनों ने एकौना थाना क्षेत्र के बजरंग चौराहे पर शव रखकर सड़क जाम कर प्रदर्शन भी किया था। उनका कहना है कि अब तक दोषी के खिलाफ अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है।इस दौरान साथ आए मासूम बच्चे ने भी जिलाधिकारी से अपनी बात कहने की इच्छा जताई। जब परिजन उसे रोकने लगे तो जिलाधिकारी ने स्वयं उसे बोलने का अवसर दिया। बच्चे ने मासूमियत के साथ अपने पिता को न्याय दिलाने और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मासूम की गुहार को देखते हुए जिलाधिकारी ने पीड़ित परिवार को निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाते हुए कहा कि जांच के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

लापता किराना व्यापारी चार दिन बाद भी नहीं मिला सुराग; पुलिस तलाश में जुटी

सहजनवा गोरखपुर: सहजनवा थाना क्षेत्र के वार्ड 4 केशोपुर निवासी विनोद कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय रामकेश गुप्ता, 54 वर्ष जो मंडी परिषद के पास किराने की दुकान चलाते है। मंगलवार सुबह 28 जुलाई को बिना किसी को बताए घर से निकल गए थे। काफी समय तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने रिश्तेदारों, परिचितों और संभावित स्थानों पर उनकी तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद मामले की सूचना सहजनवा थाने में दी गई। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया है।

सरकारी कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, समाधान दिवस में पहुंची शिकायत

बांगरमऊ। नगर के हरदोई रोड स्थित दरगाह शेखुल औलिया एवं सरकारी कब्रिस्तान की भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला एक बार फिर प्रशासन के समक्ष पहुंच गया है। दरगाह एवं सरकारी कब्रिस्तान के प्रबंधक ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। दरगाह एवं सरकारी कब्रिस्तान के प्रबंधक असद अली ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि गाटा संख्या 636 एवं 638 पर सरकारी कब्रिस्तान तथा दरगाह स्थित है। इसके समीप स्थित गाटा संख्या 639 ग्राम दुल्लापुरवा निवासी ललतू पुत्र चैत एवं कल्लू पुत्र ललतू के नाम दर्ज है। आरोप है कि दोनों व्यक्ति अपनी भूमि की आड़ में सरकारी कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रार्थना पत्र के अनुसार, इस मामले की शिकायत पूर्व में भी उपजिलाधिकारी से की गई थी। एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल एवं कानूनगो ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान राजस्व अधिकारियों ने सरकारी कब्रिस्तान की भूमि पर अतिक्रमण की पुष्टि की। हालांकि अधिकारियों ने पुलिस बल के अभाव में कब्जा हटाने में असमर्थता जताई। संपूर्ण समाधान दिवस में दिए गए शिकायती पत्र में असद अली ने प्रशासन से पुलिस बल उपलब्ध कराकर सरकारी कब्रिस्तान की भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराने तथा भविष्य में दोबारा कब्जा न होने देने के लिए स्थायी एवं प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर क्षेत्र के लोगों की नजर अब प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई है। वहीं, आरोपों के संबंध में संबंधित पक्ष का पक्ष सामने नहीं आया है। प्रशासन की जांच और कार्रवाई के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

वैभव हत्याकांड: खजनी में नेताओं का लगा तांता

» पीड़ित परिवार से मिले भाजपा विधायक और कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष; कानून व्यवस्था पर गरमाई सियासत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो- शत्रुघ्नं मणि त्रिपाठी

खजनी/गोरखपुर। खजनी क्षेत्र में हुए चर्चित वैभव हत्याकांड को लेकर शनिवार को भी पीड़ित परिवार के घर जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक नेताओं का पहुंचना जारी रहा। घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। न्याय की मांग को लेकर लगातार राजनीतिक दलों के नेता पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधा रहे हैं और प्रशासन से दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। शनिवार को कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह तथा भाजपा के हाटा विधायक मोहन वर्मा पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। दोनों नेताओं ने परिवार से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली और शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों से भी उन्होंने बातचीत की।

भाजपा विधायक मोहन वर्मा ने अधिकारियों से कहा कि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस जघन्य अपराध में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाना चाहिए और कानून के अनुसार सभी दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और न्याय दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। वहीं कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार प्रदेश में कानून व्यवस्था संभालने में पूरी तरह असफल साबित हो रही है। उनका आरोप था कि गोरखपुर में लगातार जघन्य अपराध सामने आ रहे हैं, फिर भी अपराधियों में पुलिस और कानून का भय दिखाई नहीं दे रहा है।

उन्होंने कहा कि एक ओर जेल से बंदी फरार हो रहे हैं, दूसरी ओर मासूम बच्चियों के साथ अपराध की घटनाएं सामने आ रही हैं। नाबालिग बच्चों की हत्या जैसी दर्दनाक घटनाएं प्रदेश की कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करती हैं। उन्होंने कहा कि जनता जानना चाहती है कि आखिर कानून का राज कहां है और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण क्यों नहीं हो पा रहा है। वैभव हत्याकांड को लेकर क्षेत्र में लोगों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोग और व्यापारी संगठन भी दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं। पूरे मामले पर प्रशासन की कार्रवाई और आगे की जांच पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

कैर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक नवविवाहिता की अचानक हुई मौत

महराजगंज/रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के कैर गांव में शुक्रवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में एक नवविवाहिता की अचानक मौत हो गई। इस दुखद घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका की पहचान कोमल पत्नी अनिल गुप्ता के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मिल एरिया थाना क्षेत्र के संदी नागिन गांव की रहने वाली कोमल का विवाह महज पांच माह पूर्व, 21 मार्च को कैय गांव निवासी अनिल गुप्ता के साथ हुआ था। मृतका की सास कांती ने बताया कि शुक्रवार की शाम कोमल घर में काम कर रही थी, तभी अचानक उसके पेट में तीव्र दर्द उठा। हालत बिगड़ती देख परिजन आनन-फानन में एम्बुलेंस की मदद से उसे सीएचसी महराजगंज ले गए। जहां तैनात चिकित्सक डॉ. अनिल भारद्वाज ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। इस संबंध में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा और उसी के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

बढ़ रहे हत्या और बलात्कार की रोकथाम के लिये किया प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन

सहजनवा/गोरखपुर: शनिवार को दलित शोषित कल्याण समिति के तत्वाधान में प्रवीण कुमार के नेतृत्व में करीब एक दर्जन की संख्या में कार्यकर्ताओं ने देश और प्रदेश में बढ़ रहे हत्या और बलात्कार की रोकथाम के लिये तहसील मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन तहसीलदार सहजनवा राकेश कन्नौजिया को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व के रहे प्रवीण कुमार ने कहा कि देश और प्रदेश में बलात्कार तथा महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध जघन्य अपराधों में निरंतर वृद्धि हो रही है। जिसको लेकर आमजन में भय और आक्रोश बढ़ा हुआ है। इन सब घटनाओं में साक्ष्य मिलने पर आरोपी व्यक्ति को 90 दिन के अंदर फांसी की सजा दिया जाय। जिससे अपराधियों में कानून का भय बना रहेगा। और पीड़ित के स्वजन को त्वरित न्याय मिल सकेगा। ज्ञापन सौंपने वालो में शैलेश भारती,आशुतोष,राहुल, रोहन, निकेत,विक्रांत गोंड सहित अनेक लोग मौजूद थे।

लंबित मांगों पर लेखपालों का ज्ञापन

5 अगस्त से कार्य बहिष्कार का दिया चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोलाबाजार गोरखपुर: उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने अपनी विभिन्न लंबित एवं न्यायोचित मांगों के निराकरण की मांग को लेकर गोला के उपजिलाधिकारी मनीष कुमार के माध्यम से राजस्व परिषद अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी 5 अगस्त तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेश भर के लेखपाल चरणबद्ध आंदोलन करते हुए अतिरिक्त कार्यों का बहिष्कार करेंगे। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश के लेखपाल लगातार बढ़ते कार्यभार, संसाधनों की कमी, लंबित पदोन्नति, वेतन एवं भत्तों की विसंगतियों तथा अन्य प्रशासनिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। इसके बावजूद उनकी वर्षों पुरानी मांगों का समाधान नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। संघ ने प्रमुख मांगों में अंतरमंडलीय स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल दोबारा खोलने, इच्छुक लेखपालों को गृह मंडल में स्थानांतरण का अवसर देने, चयन वर्ष 2025-26 की लंबित पदोन्नति सूची तत्काल जारी करने तथा चयन वर्ष 2024 के नव नियुक्त लेखपालों की विभागीय परीक्षा का परिणाम एवं प्रशिक्षण प्रमाणपत्र घोषित करने की मांग की है। इसके अलावा स्टेशनरी, वाहन एवं विशेष भत्ते में वृद्धि, भूलेख कार्यालयों व अन्य सहायक पटलों से संबद्ध लेखपालों को कार्यमुक्त करने तथा ग्राम सचिवालयों में आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए बिना रोस्टर ड्यूटी लगाए जाने पर भी आपत्ति जताई गई है। संघ का कहना है कि एक-एक लेखपाल कई गांवों का कार्यभार संभाल रहा है, जिससे राजस्व एवं जनसेवा संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। संघ ने कहा कि यदि निर्धारित समय तक मांगों का समाधान नहीं हुआ तो सभी लेखपाल केवल अपने मूल हल्के में कार्य करेंगे, अतिरिक्त हल्कों, ऑनलाइन कार्यों एवं अन्य अतिरिक्त दायित्वों का बहिष्कार करेंगे। इससे उत्पन्न होने वाली किसी भी प्रशासनिक असुविधा की जिम्मेदारी शासन एवं राजस्व परिषद की होगी। इस दौरान लेखपाल संघ गोला के तहसील अध्यक्ष अजय पाठक के नेतृत्व में सुरेंद्र पटेल, वीरेंद्र कुमार, पृथ्वीनाथ, महेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लेखपाल उपस्थित रहे।

भोलेनाथ की भक्ति में डूबा चौकी परिसर

शिव मंदिर में चल रहे सावन के भजन-कीर्तन पर जमकर थिरके श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रतनपुर/महराजगंज। सावन के पवित्र महीने में चारों ओर शिव भक्ति की बयार बह रही है। इसी क्रम में परसामलिक थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेवतरी पुलिस चौकी परिसर में स्थित शिव मंदिर में एक भव्य भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान से पूरा चौकी परिसर बाबा भोलेनाथ के जयकारों और भक्तिमय भजनों से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के दौरान माहौल उस समय बेहद खास और आनंदमयी हो गया जब मंदिर के मुख्य पुजारी जगदीश प्रसाद भजनों की मधुर धुन पर खुद को रोक नहीं पाए और भक्ति में लीन होकर जमकर थिरके। उन्हें भक्ति के रंग में डूबा देख वहां मौजूद अन्य श्रद्धालु भी झूमने पर मजबूर हो गए। इस आयोजन में खाकी का भी एक बेहद मानवीय और संवेदनशील रूप देखने को मिला, जहां कानून व्यवस्था संभालने वाले पुलिसकर्मियों ने अपनी व्यस्त दिनचर्या से कुछ पल निकालकर पूरी श्रद्धा के साथ भगवान शिव की आराधना की। सेवतरी चौकी प्रभारी पवन कुमार राय, कांस्टेबल जितेश कुमार, मुकेश कुमार सिंह, रविशंकर, शुभांक शेखर सहित अन्य पुलिस स्टाफ और स्थानीय संभ्रांत नागरिकों ने कीर्तन का भरपूर आनंद लिया। पुलिसकर्मियों ने न केवल इस धार्मिक आयोजन में हिस्सा लिया बल्कि आरती और प्रसाद वितरण की व्यवस्था में भी सहयोग किया। सावन मास के इस विशेष आयोजन ने पुलिस और जनता के बीच के समन्वय को और मजबूत करने का काम किया। देर रात तक चले इस कीर्तन में पूरा क्षेत्र शिवभक्ति के अनूठे रस में सराबोर नजर आया और अंत में सभी उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद वितरित कर सुख-समृद्धि की कामना की गई।

तहसील में डीएम एवं एसपी ने सुनीं फरियाद,10 मामलों का निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रूद्रपुर, देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने शनिवार को रुद्रपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जन समस्याओं की सुनवाई की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त जनसमस्याओं का त्वरित, वास्तविक एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 92 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए। सर्वाधिक 49 प्रकरण राजस्व विभाग,पुलिस विभाग एवं विकास विभाग के 8-8, खाद्य एवं रसद विभाग के 7 तथा अन्य विभागों के 20 प्रकरण प्राप्त हुए। राजस्व के 10 मामलों का निस्तारण किया गया।संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ए के गुप्ता, उपजिलाधिकारी रुद्रपुर राजकुमार गुप्ता, उप संचालक चकबंदी पवन कुमार पांडेय, तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

डीएम ने तहसीलदार न्यायालय का किया निरीक्षण

जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने शनिवार को रुद्रपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करने से पूर्व तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुराने लंबित राजस्व वादों की पत्रावलियों का अवलोकन कर तहसीलदार को प्राथमिकता के आधार पर उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के समक्ष ग्राम वारीडीहा निवासी पौहारी ने भूमिधरी भूमि पर अवैध कब्जे, ग्राम बनियइनी निवासी रामकेवल ने अपनी भूमि पर अवैध कब्जे, ग्राम माहीगंज निवासी सोमनाथ ने वरासत में नाम दर्ज न होने तथा ग्राम रामचक निवासी दीनानाथ ने सीमांकन एवं पैमाइश कराकर अवैध कब्जा हटवाने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की।

डीएम के निर्देश पर तत्काल सुधरा राजस्व रिकॉर्ड, फरियादी को मिली राहत

ग्राम जहु परसिया निवासी एक फरियादी अपने खतौनी में नाम गलत दर्ज होने की

शिकायत लेकर आज रुद्रपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के समक्ष उपस्थित हुई। उसने निवेदन किया कि राजस्व अभिलेखों में उसका नाम गलत अंकित हो गया है, जिसे संशोधित कराया जाए। जिलाधिकारी ने फरियादी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी एवं राजस्व कर्मियों को निर्देश दिया कि तत्काल नाम संशोधन कर सही खतौनी उपलब्ध कराई जाए। तत्काल संशोधित कर नई खतौनी तैयार कराई गई।जिलाधिकारी ने स्वयं अपने हाथों से संशोधित खतौनी फरियादी को प्रदान की।

कैम्पियरगंज तहसील दिवस: डीएम-एसएसपी की सख्ती

» लंबित मामलों पर जवाबदेही तय

» भूमि विवाद, अतिक्रमण व पुलिस प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश, लापरवाही पर चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोरखपुर। कैम्पियरगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी दीपक मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कोस्तुभ ने सख्त रुख अपनाते हुए जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि लंबित शिकायतों को लेकर संबंधित विभाग सीधे जवाबदेह होंगे और लापरवाही मिलने पर कार्रवाई तय है। समाधान दिवस में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने भूमि विवाद, अवैध कब्जा, पैमाइश, अतिक्रमण, रास्ता अवरोध, मारपीट, धमकी और पुलिस निष्क्रियता जैसे गंभीर आरोपों से जुड़े प्रकरण रखे। कई शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्रों पर कार्रवाई नहीं हुई, जिससे विवाद बढ़ते जा रहे हैं। इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि समाधान दिवस में आने वाली शिकायतें 'प्राथमिक श्रेणी' में ली जाएं और उनका निस्तारण तय समय सीमा में अनिवार्य रूप से किया जाए।

भूमि और राजस्व से जुड़े मामलों पर डीएम ने उपजिलाधिकारी और राजस्व टीम को निर्देश दिया कि पैमाइश और सीमांकन के मामलों में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मौके पर जाकर माप कर स्पष्ट रिपोर्ट तैयार की जाए, जिसमें कब्जे की स्थिति, सीमांकन और विवाद के बिंदु साफ-साफ अंकित हों। अधूरी या भ्रामक रिपोर्ट देने वाले कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कोस्तुभ ने पुलिस से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए थाना स्तर की कार्यप्रणाली पर सख्त टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जा, मारपीट, धमकी और आपसी विवाद के मामलों में पुलिस की तत्काल हस्तक्षेप जरूरी है। संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि हर शिकायत पर मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष जांच करें और पीड़ित पक्ष को सुरक्षा उपलब्ध कराएं। साथ ही, लंबित प्रकरणों की सूची तैयार कर उनकी साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए।

अतिक्रमण के मामलों पर प्रशासन ने जीरो टॉलरेंस की नीति दोहराई। डीएम ने कहा कि सार्वजनिक मार्ग, नाली, खलिहान और अन्य सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा हटाया जाए। इसके लिए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर अभियान चलाने के निर्देश दिए गए, ताकि विवादों का स्थायी समाधान हो सके। समाधान दिवस में कई प्रकरण ऐसे भी सामने आए, जिनमें सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने, पेंशन, आवास, राशन कार्ड और अन्य सुविधाओं में देरी की शिकायत की गई। डीएम ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि पात्र लाभार्थियों की सूची का पुनः सत्यापन कर जल्द से जल्द लाभ दिलाया जाए। किसी भी स्तर पर अनावश्यक बाधा या देरी पाए जाने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मामलों का निस्तारण मौके पर संभव है, उन्हें तत्काल हल किया जाए। शेष मामलों को निर्धारित समयसीमा में निपटाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। डीएम ने कहा कि समाधान दिवस के प्रकरणों की मॉनिटरिंग व्यक्तिगत स्तर पर की जाएगी।

पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार,भेजा गया जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रतनपुर/महराजगंज। परसामलिक पुलिस टीम ने पॉक्सो एक्ट सहित तमाम गंभीर धाराओं में वांछित चल रहे एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के असुरैना गांव निवासी अफताब (24) पुत्र नेवास के रूप में हुई है। मामले में पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत असुरैना निवासी अफताब पुत्र नेवास बीएनएस के धाराओं में वांछित चल रहा था। जिसके विरुद्ध धारा 137(2), 87, 64 और 3/4 पॉक्सो एक्ट जैसी संगीन धाराओं में मामला दर्ज था। घटना के बाद से ही आरोपी पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार फरार चल रहा था, जिसकी तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही थीं। वहीं मुखबिर की सटीक सूचना और कुशल रणनीति के बल पर थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, उपनिरीक्षक घनश्याम सिंह यादव, कांस्टेबल रामप्रवेश गौड़, लालजी गौड़ और कांस्टेबल उमेश प्रसाद ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी को उसके मंसूबों में नाकाम कर दबोच लिया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

ओवरलोड वाहनों से जर्जर हुई सड़क, हादसों का खतरा

उन्नाव। विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र का सहजनी-शंकरपुर मार्ग ओवरलोड वाहनों की आवाजाही के चलते बदहाल हो गया है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की खराब हालत को लेकर कई बार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ। बरसात के कारण गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ गया है। ग्रामीणों ने ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने और सड़क की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जर्जर मार्ग से आवागमन करना मुश्किल हो गया है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि सड़क की स्थिति की जानकारी मिली है। जल्द ही आवश्यक मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा।

समाधान दिवस में सुनी गई शिकायतें

गोंडा। तहसील सदर में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस उप महानिरीक्षक (देवीपाटन परिक्षेत्र) अशोक शुक्ला एवं मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद ने जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।समाधान दिवस में कुल 174 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 169 शिकायतों को संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों के निस्तारण के लिए आवश्यकतानुसार टीम गठित कर स्थलीय जांच कराई जाए। जांच के दौरान दोनों पक्षों को मौके पर बुलाकर उनकी बात सुनी जाए तथा निष्पक्ष ढंग से प्रकरणों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने अवैध अतिक्रमण, चकरोड, तालाब की भूमि, नाली एवं अन्य राजस्व विवादों में राजस्व और

पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही निस्तारण प्रक्रिया की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराने पर भी बल दिया।उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। समाधान दिवस में प्रभागीय वनाधिकारी अनुराग प्रियदर्शी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतलाल, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र गौतम, तहसीलदार मनीष कुमार, जिला विकास अधिकारी आदित्य तिवारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत, ग्राम प्रधान ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सौंपा प्रार्थना पत्र

भदोही। तहसील भदोही में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान ग्राम पंचायत महदेपुर की ग्राम प्रधान पराना देवी ने सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जे की शिकायत करते हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस अधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ग्राम सभा की आराजी संख्या 286 रकबा 0.030 हेक्टेयर सरकारी भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा मकान बनाकर कब्जा कर लिया गया है। प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया गया है कि इस संबंध में पूर्व में उच्च न्यायालय के आदेश के बाद राजस्व संहिता की धारा 67 के तहत कार्रवाई भी की गई थी, लेकिन अब तक भूमि को कब्जामुक्त नहीं कराया गया। ग्राम प्रधान ने प्रशासन से अवैध कब्जा हटवाकर सरकारी भूमि को मुक्त कराने और नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

29 लाख रुपये के लेनदेन का विवाद बना जांच का केंद्र

» चार मौतों के मामले में भाई की तहरीर पर पुलिस सक्रिय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलरामपुर। कोतवाली देहात क्षेत्र के झौंना गांव में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत के मामले में जांच दूसरे दिन नए मोड़ पर पहुंच गई। मृतक बजरंगी गिरी के बड़े भाई राजेश गिरी ने कोतवाली देहात में तहरीर देकर करीब 29 लाख रुपये के कथित लेनदेन को पूरे घटनाक्रम की मुख्य वजह बताया है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि उधार दी गई रकम वापस न मिलने से बजरंगी गिरी लंबे समय से मानसिक तनाव में थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच तेज करते हुए मोबाइल फोन, कथित वीडियो, आर्थिक लेनदेन और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की पड़ताल शुरू कर दी है। गौरतलब है कि 31 जुलाई की शाम झौंना गांव स्थित घर में बजरंगी गिरी, उनकी पत्नी कोमल (25), तीन वर्षीय पुत्री श्रद्धा और करीब एक वर्षीय पुत्र ज्योतिदीप मृत पाए गए थे। पुलिस की प्रारंभिक जांच में प्रथम दृष्टया यह बात सामने आई थी कि बजरंगी गिरी ने पहले पत्नी और दोनों बच्चों की गोली मारकर हत्या की और बाद में स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मौके से तमंचा, कारतूस तथा अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद कर फोरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं।

भाई ने तहरीर में लगाए गंभीर आरोप मृतक के बड़े भाई राजेश गिरी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि घटना की सूचना उन्हें छोटे भाई राम गिरी ने फोन पर दी थी। मौके पर पहुंचने पर चारों शव घर के भीतर पड़े मिले। उन्होंने घटनास्थल पर मौजूद तमंचा और कारतूस पुलिस को सौंप दिए। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि बजरंगी गिरी गांव के लोगों की आर्थिक सहायता किया करते थे। इसी क्रम में उन्होंने ललिया थाना क्षेत्र के लालपुर निवासी चंद्रभान गिरी उर्फ दद्दन गिरी को करीब 29 लाख रुपये उधार दिए थे। आरोप है कि यह रकम एक अन्य व्यक्ति की गारंटी पर दी गई थी। तहरीर के अनुसार गारंटर ने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी, लेकिन मूल उधार लेने वाले ने कई बार मांगने के बावजूद रकम वापस नहीं की। परिजनों का कहना है कि इसी कारण बजरंगी गिरी लगातार मानसिक तनाव में रहने लगे थे। **मोबाइल वीडियो की भी होगी वैज्ञानिक जांच** परिजनों ने दावा किया है कि घटना से पहले बजरंगी गिरी ने अपने मोबाइल फोन पर एक वीडियो रिकॉर्ड किया था। उनका कहना है कि वीडियो में उन्होंने अपनी पत्नी, बच्चों और स्वयं की मौत के लिए संबंधित व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने मृतक के दो मोबाइल फोन कब्जे में लेकर उनकी जांच शुरू कर दी है। वीडियो की रिकॉर्डिंग का समय, उसकी प्रामाणिकता तथा उसमें किए गए दावों

संक्षिप्त खबरें

घाटमपुर ओवरब्रिज पर देर रात से हल्के एवं भारी वाहनों का आवागमन शुरू

कानपुर ग्रामीण। कानपुर सागर हाइवे पर स्थित घाटमपुर नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित ओवरब्रिज शुक्रवार देर रात से पूरी तरह से आवागमन खोल दिया गया है,, यहां पर भारी वाहनों के आवागमन शुरू होने की सुबह जानकारी मिलते ही व्यापारियों के चेहरे में खुशी की लहर दौड़ गई,, एनएचएआई की टीम ने बैरिकेडिंग हटा कर यातायात ओवरब्रिज पर वाहनों का आवागमन शुरू कराया,, आपको बताते चलें कि लगभग चार वर्ष पहले 46 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस फ्लाईओवर के स्लैब का एक हिस्सा 21 जून को क्षतिग्रस्त हो कर धस गया था,,, सुरक्षा के मद्देनजर तत्काल फ्लाईओवर पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया था,, इसके बाद हल्के व भारी वाहनों को सर्विस रोड के माध्यम से गुजर रहे थे,, जिससे नगर क्षेत्र में लगातार जाम की स्थिति बनी रही, और यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा,, क्षतिग्रस्त हिस्से को हटाकर एनएचएआई की ओर से दो जुलाई को नए स्लैब का निर्माण कराया गया था, इसके बाद शुक्रवार देर रात ओवरब्रिज पर सभी वाहनों यह ओवरब्रिजपर भारी वाहनों का आवागमन शुरू कर दिया गया है।

शनिवार रात से सोमवार रात तक ट्रैफिक डायवर्जन

कानपुर ग्रामीण। कानपुर होकर गुजरने वाले भारी वाहनों को लेकर शनिवार रात से सोमवार रात तक ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है,सावन माह में कांवड़ यात्रा को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने शहर में भारी वाहनों की आवा-जाही को लेकर डाय वर्जन जारी किया गया है। यह व्यवस्था एक अगस्त से 24 अगस्त तक अलग-अलग चरणों में लागू रहेगी प्रत्येक शनिवार रात 8 बजे से सोमवार रात 12 बजें तक शहर में भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा यातायात पुलिस के मुताबिक एक से तीन अगस्त,8 से 10 अगस्त, 15से 17 अगस्त,और 22 से 24 अगस्त तक लागू डाय वर्जन के दौरान दूसरे जिलों से आने वाले भारी वाहनों को शहर में प्रवेश नहीं मिलेगा, इन वाहनों को निर्धारित वैकल्पिक मार्गो से उनके गन्तव्य के लिए रवाना किया जाएगा।

गंदगी में बनते मिले केक और समोसे

तीन प्रतिष्ठानों का संचालन बंद, एक को नोटिस, सात प्रतिष्ठानों पर चला खाद्य विभाग का अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने शनिवार को शहर में विशेष अभियान चलाकर सात खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की। अभियान के दौरान तीन प्रतिष्ठानों का संचालन बंद कराया गया, एक होटल को नोटिस जारी किया गया तथा विभिन्न प्रतिष्ठानों से 10 खाद्य नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेजे गए। सहायक आयुक्त (खाद्य)- II के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी रजनीश कुमार राय, अनिल कुमार, नरेंद्र शर्मा, आशुतोष कुमार, उमाशंकर सिंह एवं खाद्य सचल दल ने अभियान चलाकर विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। दलेलपुरवा पुलिस चौकी के सामने स्थित बॉम्बे बेकरी के निरीक्षण में गंदगी के बीच केक का निर्माण होता मिला। खाद्य कर्मी बिना हेड कैप, हैंड ग्लव्स और एप्रन के कार्य करते पाए गए, जबकि फूड हैंडलरों के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं थे। वर्किंग एरिया में खाद्य पदार्थ बिखरे मिले, खाद्य एवं अखाद्य सामग्री एक साथ रखी हुई थी तथा निर्माण स्थल पर कूड़े का जमाव पाया गया। प्रतिष्ठान के पास खाद्य कारोबार हेतु वैध पंजीकरण भी नहीं था। खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन और वैध पंजीकरण के अभाव में प्रतिष्ठान में खाद्य पदार्थों का निर्माण कार्य बंद करा दिया गया। संदेह के आधार पर केक और वनस्पति घी के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेजे गए। इसी क्रम में डिप्टी पड़ाव चौराहा, लक्ष्मीपुरवा स्थित गोपाला स्वीट हाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में खुले नाले के किनारे समोसे और कचौड़ी तैयार की जा रही थीं तथा गंदगी सीधे नाली में डाली जा रही थी। प्रतिष्ठान के प्रवेश एवं निकास मार्ग पर गंदा पानी जमा था, जहां बड़ी संख्या में मक्खियां मौजूद थीं। फूड हैंडलरों द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता का पालन नहीं किया जा रहा था। फर्श, सीढ़ियों एवं डस्टबिन की नियमित सफाई भी नहीं की जा रही थी। खाद्य पदार्थों के संदूषित होने की प्रबल संभावना और खाद्य सुरक्षा मानकों के गंभीर उल्लंघन को देखते हुए साफ-सफाई सुनिश्चित होने तक प्रतिष्ठान का खाद्य व्यवसाय मौके पर ही बंद करा दिया गया।

नवागंतुक कोतवाल निगवेंद्र प्रताप सिंह ने संभाला कार्यभार

कोंच(जालौन)- पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए पुलिस विभाग में फेरबदल किया है जिसके तहत कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह को यहां से हटा कर लाइन भेज दिया है, जबकि निरीक्षक निगवेंद्र प्रताप सिंह को कोंच कोतवाली की कमान सौंपी गई है। नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही अधीनस्थों के साथ परिचय बैठक करने के साथ साथ उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। 2001 बैच के पुलिस अधिकारी निगवेंद्र प्रताप मूल रूप से बांदा जनपद के रहने वाले हैं और लंबे समय से जनपद जालौन में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

एएसपी ने कोतवाली का निरीक्षण किया

बैरक निर्माण में गुणवत्ता ठीक न मिलने पर जताई नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



कोंच(जालौन)- अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी ने शनिवार को कोतवाली का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखी, साथ ही अपराध समीक्षा कर अधीनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली का निरीक्षण करते हुए कोतवाली परिसर सहित बैरक, आवास, कंप्यूटर कक्ष, परामर्श केंद्र कक्ष, भोजनालय में साफ सफाई व्यवस्था से लेकर अभिलेखों की व्यवस्था जांची। परामर्श केंद्र कक्ष को और बेहतर बनाए जाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने सीओ एवं कोतवाल को दिशा निर्देश दिए। वहीं कोतवाली परिसर में निर्माणाधीन महिला/पुरुष बैरक में गुणवत्ता ठीक न होने पर उन्होंने नारागजगी जाहिर करते हुए सीओ को इस पर ध्यान देने के निर्देश देते हुए संबंधित ठेकेदार को तलब कर लिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता हेतु थर्ड पार्टी से ऑडिट कराया जाएगा साथ ही प्रयुक्त निर्माण सामग्री की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाएगी। गड़बड़ी पाए जाने पर कार्यदायी संस्था पर कार्यवाही की जाएगी।उधर, अपराध समीक्षा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ने लंबित विवेचनाओं की स्थिति देख संबंधित दरोगाओं को फटकार लगाते हुए जल्द से जल्द विवेचना पूरी किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने वारंटियों, वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने, महिला अपराध से जुड़े मामलों में त्वरित कार्यवाही करने, गश्त में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। कोतवाली परिसर सहित क्षेत्र में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को व्यवस्थित कर चौबीस घंटे संचालन दुरुस्त रखने के भी उन्होंने निर्देश दिए। इस दौरान सीओ परमेश्वर प्रसाद, कोतवाल निगवेंद्र प्रताप सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर अरुण कुमार, एसएसआई विमलेश कुमार, चौकी इंचार्ज अभिषेक सिंह, सुमित पांडेय, नितेश कुमार, हरनारायण आदि मौजूद रहे।

डीएम के तहसील दिवस में मैं जुटी फरियादियों की भीड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरेली/ नवाबगंज/ जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में नवाबगंज सभागार में तहसील दिवस का आयोजन किया गया 1045 बजे जिलाधिकारी अविनाश सिंह तहसील पहुंचे यहां पहुंचने पर उन्होंने फरियादियों की शिकायतों को विधिवत सुना प्रारंभ किया। उनके समक्ष 309 शिकायतें आई इनमें से जिलाधिकारी ने 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया शेष 298 शिकायतों की संबंधित को शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया तहसील दिवस में कुछ समय तक फरियादियों की गति धीमी रही 12:00 के बाद फरियादियों का सैलाब उमड़ा तो नीचे बैठे अन्य कर्मचारियों ने अपने मोबाइल फोन पर मौज मस्ती प्रारंभ कर दी। जिला अधिकारी के तहसील दिवस में पुलिस के आल्हा अधिकारी रहे नदारत जिला अधिकारी ने पुलिस से संबंधित शिकायतों को संबंधित थाना प्रभारी को देखकर निस्तारण का निर्देश दिया यहां पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक देहात से लेकर क्षेत्र अधिकारी नवाबगंज भी उपस्थित नहीं हुए। इस तहसील दिवस में सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग कि आई यहीं पर एक चिकित्सक की शिकायत भी की गई अल्ट्रासाउंड कराने गई महिला के साथ की गई गंदी हरकत की जांच उन्होंने नवाबगंज के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अमित कुमार को सौंप दी और शीघ्र कार्यवाही करने का निर्देश दिया। यहां पर उपस्थित जिला अधिकारी अविनाश सिंह उप जिला अधिकारी सचिन यादव प्रभारी तहसीलदार खंड विकास अधिकारी ईशा हर्षिता अग्निहोत्री महेश चंद्र शाक्य के प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह अरुण कुमार श्रीवास्तव गन्ना समिति सचिव मेधा चतुर्वेदी पूर्ति निरीक्षक बाजपेई समस्त अनेकों विभागों के लोग उपस्थित थे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं 154 शिकायतें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

टूण्डला - जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता तथा मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की उपस्थिति में शनिवार को तहसील टूण्डला सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में विभिन्न गांवों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी को सौंपे। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान ग्राम इमलिया के ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने मंदिर महाराज धिराज रामेश्वर महाराज की ग्राम पंचायत भूमि एवं धर्मशाला परिसर पर अवैध कब्जे की शिकायत की। आरोप लगाया गया कि कुछ लोगों ने वहां कूड़ा-करकट डालकर ट्रैक्टर-ट्रॉली और मवेशी बांध रखे हैं, जिससे श्रद्धालुओं और कांवड़ियों को परेशानी हो रही है। इस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी और थाना पचोखरा प्रभारी को सात दिन के भीतर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ग्राम सीवारा निवासी कुंती देवी ने शिकायत की कि उनके पति के विरुद्ध दर्ज मुकदमे में फर्जी एवं अमान्य सिटी स्कैन रिपोर्ट के आधार पर धाराएं बढ़ाई गई हैं। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी और मुख्य चिकित्साधीक्षक को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं ग्राम नगला दल निवासी वीरी सिंह ने बताया कि गाटा संख्या 604 की भूमि का बिक्री चेक बाउंस होने के बावजूद विपक्षी दबंगई के बल पर खेत जोत रहे हैं तथा जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। जिलाधिकारी ने पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर शांति व्यवस्था बनाए रखने और दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी का संवेदनशील पक्ष भी देखने को मिला। खतौनी के लिए लाइन में लगे किसानों के लिए उन्होंने तत्काल पंखे की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। साथ ही उपजिलाधिकारी टूण्डला को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आने वाले बुजुर्गों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। नगर पालिका एवं सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को नियमित निरीक्षण करने, शहर में कहीं भी कूड़ा जमा न होने देने तथा जलभराव वाले क्षेत्रों में त्वरित जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 154 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 16 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के लिए भेजा गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने टूण्डला विधायक प्रेमपाल धनगर के साथ विपणन विकास सहायता योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं जीरो पॉवर्टी लाइन के लाभार्थियों के लिए आयोजित एक दिवसीय जागरूकता शिविर में भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य केवल सहायता देना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त, स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि पेंशन, दिव्यांग प्रमाणपत्र, स्वास्थ्य सेवाएं, पशु चिकित्सा तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचे। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराकर लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान करना तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है।

मंदिर के पास लावारिश हालत में दस किलो चांदी बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। थाना फीलखाना के अंतर्गत पुलिस द्वारा लावारिस दो कार्टून में पुलिस को दस किलो चांदी की सिल्लियां मिलीं हैं। पुलिस ने सिल्लियों को मालखाने में जमा करा दिया है और तहकीकात की जा रही है कि यह चांदी की सिल्लियां किसकी हैं। कमिश्नरेट कानपुर पुलिस के अनुसार कल 31 की रात्रि लगभग 23:00 बजे गीता मन्दिर के पास 2 कार्टून एवं 1 थैला लावारिस अवस्था मे पड़े होने की सूचना मिली जिस पर थाना फीलखाना पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँच कर उक्त सामान को सुरक्षित थाना लाकर नियमानुसार अपने कब्जे में लिया गया। काफी समय तक प्रतीक्षा एवं आसपास के व्यक्तियों से पूछताछ के उपरान्त भी उक्त सामान पर किसी व्यक्ति द्वारा दावा प्रस्तुत नहीं किया गया। आज दिनांक 1.08.2026 को सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली की उपस्थिति में बरामदगी की सम्पूर्ण कार्यवाही की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराते हुए लावारिस थैला एवं कार्टून खोले गये जिसमे अन्य वस्तुओं के साथ 9 सफेद धातु के टुकड़े (सिल्लियाँ) बरामद हुए, जिनका वजन कराने पर 9.986 किलोग्राम पाया गया। उक्त धातु चेक कराने पर चाँदी पायी गयी । समस्त बरामद सामान को विधिवत सील कर सुरक्षित किया गया है। जिनकी अनुमानित बाजारू कीमत लगभग 24 लाख रुपये आँकी गई है। बरामद सम्पूर्ण सामग्री को नियमानुसार मालखाने में जमा कराया जा रहा है तथा चाँदी को सुरक्षा की दृष्टि से शीघ्र ही राजकीय कोषागार में जमा कराने की कार्यवाही की जाएगी।

जन चौपाल बनी जनविश्वास का मंच, डीएम ने सुनी हर वर्ग की समस्याएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

टूण्डला। प्रशासन और आम नागरिकों के बीच की दूरी कम करने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बसई (टूण्डला) में जन चौपाल का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य सहित जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। जन चौपाल की विशेषता यह रही कि इसमें समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। किसान, युवा, मजदूर, विद्यार्थी, बच्चे एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए और बिना किसी झिझक के जिलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्याएं, सुझाव एवं अपेक्षाएं रखीं। जिलाधिकारी ने सभी की बातें गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। चौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने बुजुर्गों की पेंशन, किसानों की भूमि एवं कृषि संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। वहीं युवाओं और विद्यार्थियों से शिक्षा एवं भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करते हुए उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर प्रत्येक युवा अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त कर सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन का निरंतर प्रयास है कि जन चौपाल जैसे आयोजनों के माध्यम से प्रत्येक नागरिक की आवाज सीधे सुनी जाए, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि जन चौपाल अब केवल प्रशासनिक बैठक नहीं, बल्कि जनविश्वास और जनभागीदारी का सशक्त मंच बन चुकी है, जहां जनता और प्रशासन के बीच संवाद से समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को विस्तार से दी। जिलाधिकारी ने किसानों से अधिक से अधिक जैविक खाद के प्रयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य कराएं। साथ ही लेखपाल एवं पंचायत सचिवों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से ग्राम पंचायत सचिवालय में बैठकर जनसुनवाई करें, ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण हो सके।

डीएम संतोष कुमार शर्मा ने पचोखरा गौ आश्रय स्थल का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

टूण्डला। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शनिवार को पचोखरा स्थित गौ आश्रय स्थल का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौवंशों के स्वास्थ्य, चारे-पानी, साफ-सफाई एवं समुचित देखभाल की व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय अधिकारियों ने जिलाधिकारी को बताया कि वर्तमान में गौ आश्रय स्थल में 100 गौवंश पूरी तरह सुरक्षित एवं संरक्षित हैं। इस पर जिलाधिकारी ने सभी गौवंशों की नियमित देखरेख सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बीमार गौवंशों को स्वस्थ गौवंशों से अलग रखा जाए, ताकि किसी प्रकार का संक्रमण न फैले तथा उनका समय पर समुचित उपचार किया जा सके। उन्होंने छोटे बछड़ों की देखभाल एवं पोषण के लिए अलग व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए, जिससे उनकी सुरक्षा और बेहतर विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि गौवंशों के लिए हरा चारा एवं भूसा नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाए तथा गौ आश्रय स्थल में साफ-सफाई की व्यवस्था हर समय दुरुस्त रखी जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं गौवंशों को गुड़ खिलाकर उनका हाल जाना और संबंधित अधिकारियों को गौ संरक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी।

आइडियल पब्लिक स्कूल में 32 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के प्रोजेक्ट प्रदर्शन

सिरसागंज:- भारत सरकार के उपक्रम राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद श्रीमती मुदिता पाण्डेय के निर्देशन में आइडियल पब्लिक स्कूल, सिरसागंज में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ अंजली पोरवाल एवं जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में 32 वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के पंजीकरण पर विद्यार्थियों के साथ चर्चा का आयोजन किया गया। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन का मुख्य विषय साइंस एंड इनोवेशन फ़ॉर सस्टैंबिलिटी है। इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में कोई मॉडल नहीं बनना है। इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में 10 वर्ष से 17 वर्ष तक के बच्चे प्रतिभाग करते हैं। प्रतिभागियों को अपना रजिस्ट्रेशन निर्गत लिंक https://n-csc.in/ पर 15 अगस्त तक भरना होगा। उन्होंने जनपद के समस्त विद्यालय के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि वे अपने विद्यालय के अधिक से अधिक प्रतिभागियों को इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में रजिस्ट्रेशन एवं प्रतिभाग कराकर उनकी शोध की प्रवृत्ति में वृद्धि करने में सहयोग करें। डॉ अंजली पोरवाल ने जिला समन्वयक का आभार व्यक्त करते हुए सभी बाल वैज्ञानिकों को प्रोजेक्ट कार्य की महत्ता बताते हुए सभी को नामांकन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र सिंह , योगेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

1,203 श्रमिकों को मिला योजनाओं का लाभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत फिरोजाबाद क्लब में हितलाभ वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक मनीष असीजा ने पात्र निर्माण श्रमिकों एवं उनके आश्रितों को सहायता राशि वितरित की।श्रम विभाग एवं पंजाब नेशनल बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना के 1,002 तथा कन्या विवाह सहायता योजना के 201 लाभार्थियों सहित कुल 1,203 लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। अधिकारियों ने बताया कि पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को पुत्र के जन्म पर 26 हजार रुपये तथा पुत्री के जन्म पर 31 हजार रुपये की सहायता दी जाती है। पहली बालिका के जन्म पर 18 वर्ष के लिए 25 हजार रुपये की सावधि जमा भी कराई जाती है। वहीं पुत्री के विवाह के लिए 65 हजार तथा अंतर्जातीय विवाह पर 75 हजार रुपये की सहायता का प्रावधान है। इन दोनों योजनाओं के क्रियान्वयन में फिरोजाबाद प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। जनपद में असंगठित क्षेत्र के 11 लाख से अधिक श्रमिक ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत हैं। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 223 नए श्रमिकों का पंजीकरण हुआ है। 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर पात्र श्रमिकों को तीन हजार रुपये मासिक पेंशन का लाभ दिया जाता है। कार्यक्रम में श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम द्वारा चिन्हित दो श्रमिक सुविधा केंद्रों तथा नए डिजिटल श्रम पोर्टल की भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि विभागीय पोर्टल 3 अगस्त तक अनुरक्षण कार्य के कारण बंद रहेगा और 4 अगस्त से पुनः संचालित होगा। सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि श्रमिक समाज और अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र श्रमिक को पारदर्शी ढंग से सभी योजनाओं का लाभ मिले और कोई भी श्रमिक अपने अधिकारों से वंचित न रहे।

डीसीएम की टक्कर से युवक की मौत, चाचा घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

तिलहर, शाहजहांपुर। लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में पंजाब जा रहे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद हाईवे पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल भिजवाया और दुर्घटनाग्रस्त डीसीएम को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। हरदोई जिले के संडीला थाना क्षेत्र के गांव मैकाना निवासी 40 वर्षीय शिवकुमार पुत्र रामप्रकाश वर्तमान में पंजाब में रहकर मजदूरी करते थे। शनिवार सुबह वह अपने चाचा लाल बहादुर के साथ बाइक से पंजाब लौट रहे थे। सुबह कपसेड़ा गांव के निकट पहुंचते ही उनकी बाइक सामने से आ रही डीसीएम की चपेट में आ गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि शिवकुमार सड़क पर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई, जबकि लाल बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पीआरवी-112 और थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए हादसे की जांच शुरू कर दी है। शिवकुमार की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी पूजा, पुत्र सूरज और नीरज तथा पुत्रियां निधि और शिबानी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के मुताबिक शिवकुमार रोजी-रोटी कमाने के लिए पंजाब जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही दर्दनाक हादसे का शिकार हो गए। क्षेत्राधिकारी विदुष सक्सेना ने बताया कि डीसीएम और बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हुई है, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। डीसीएम को कब्जे में लेकर चालक से पूछताछ की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

भाकियू ब्लॉक इकाई की बैठक में किसानों ने उठायी समस्याएं

कोंच(जालौन)- भारतीय किसान यूनियन ब्लॉक इकाई कोंच की मासिक बैठक गोविंद सिंह पटेल की अध्यक्षता में शनिवार को विकास खंड कार्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के किसानों ने सहभागिता कर गांवों से जुड़ी अपनी समस्याएं रखते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। बैठक में मौजूद किसानों ने मांग उठाई कि ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में नियमित साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाये ताकि बारिश के मौसम में जलभराव से कीचड़ और मच्छरों का प्रकोप न बढ़ सके, साथ ही दुर्गंध से निजात मिल सके। इसके अलावा ग्राम परैथा स्थित प्राथमिक विद्यालय की खुली पड़ी नाली को बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से बंद कराए जाने, आवारा गौवंशों को गौशालाओं में बंद कराए जाने, गौशालाओं की स्थिति में सुधार लाये जाने, तालाब और आम रास्तों की स्थिति में सुधार लाये जाने की भी मांग किसानों ने बैठक में रखी। बैठक के अंत में ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष पटेल की अगुवाई में किसानों ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपकर उपरोक्त समस्याओं का शीघ्र ही समाधान कराए जाने की मांग की।

संक्षिप्त खबरें

अपर जिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की फरियाद

चुनार, मीरजापुर। शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आएं फरियादियों की समस्याओं को अपर जिलाधिकारी भू राजस्व देवेन्द्र कुमार ने सुना। इस दौरान कुल 119 प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें मौके पर सात का निस्तारण हुआ।कैलहट निवासिनी पुष्पा देवी ने बिजली विभाग के विरुद्ध प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि विभाग द्वारा मनमानी तरीके से एकाउंट बनाकर उसके नाम गलत तरीके से बिजली का बिल भेजा जा रहा है जबकि उसने कोई कनेक्शन नही लिया है।आरोप लगाते हुए कहा है कि कई बार शिकायती प्रार्थना पत्र दे चुकी है लेकिन कोई सुनवाई अब तक नही हुआ। इस दौरान उप जिलाधिकारी चुनार अनेग सिंह, पुलिस उपाधीक्षक गायत्री यादव, तहसीलदार इवेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार संजय सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व छात्राओं को किया गया जागरूक

भदोही। मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सशक्तिकरण और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, स्कूल-कॉलेजों, कोचिंग सेंटरों तथा ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में चलाए गए अभियान के दौरान महिला हेल्पलाइन 181, महिला शक्ति लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा 112 तथा यूपी कॉप ऐप की जानकारी दी गई। पुलिस टीमों ने साइबर अपराधों से बचाव, पॉक्सो एक्ट, दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की भी जानकारी दी। पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं से किसी भी प्रकार की असुरक्षा या अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस अथवा हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने की अपील की।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दिखाई संवेदनशीलता

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल पहुंचाया अस्पताल

सोनभद्र/उत्तर प्रदेश- सम्पूर्ण समाधान दिवस, दुद्धी में प्रतिभाग करने के लिए जाते समय गुरमुरा के समीप सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति को देखकर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया। दोनों अधिकारियों ने तत्काल अपना काफिला रुकवाकर घायल व्यक्ति का हालचाल जाना और बिना किसी विलंब के अपने स्कॉर्ट वाहन से उसे निकटवर्ती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाकर उपचार सुनिश्चित कराया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायल व्यक्ति को आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं तथा उपचार में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की त्वरित कार्रवाई से घायल को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकी। मौके पर उपस्थित लोगों ने दोनों अधिकारियों की तत्परता, संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण की सराहना की।

चोरी की आतंक से परेशान ग्रामीण

मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के गलरा गाव निवासी दुर्गा प्रसाद मिश्र ने तहसील दिवस लालगंज मे प्रार्थना पत्र देकर बताया कि दो भैंस घर पर खुटे में बंधी थी। 23 जुलाई को बीती रात सोए हुए थे सुबह उठे तो भैंस खुटे पर नहीं थी। हम प्रार्थी तत्काल 112 पुलिस को सूचना दिए। और थाने आकर लिखित सूचना दिए लेकिन आज तक एफआईआर दर्ज नहीं हुआ। जिससे पीड़ित परेशान होकर तहसील दिवस पर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई का मांग किया है पीड़ित ने बताया कि चोरी के बाद तहरीर लेकर हम दर-दर भटक रहे हैं लेकिन ड्रमंडगंज पुलिस नहीं दर्ज कर रही मुकदमा साथ ही साथ ग्रामीणों के मुताबिक क्षेत्र में तमाम चोरियां हुई एक भी चोरी का मुकदमा दर्ज नहीं किया गया ना तो एक भी चोरी का खुलासा किया गया।

गंगा कटान प्रभावित गांवों का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चुनार मिर्जापुर। गंगा कटान प्रभावित गावों का विधायक अनुराग सिंह ने शनिवार को सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।विधायक ने ऐबकपुर, जलालपुर माफी, बगही, शिवपुर गांगपुर पहुंचकर कटान प्रभावित गावों का देखा।बताते चलें कि बाढ़ के दौरान नरायनपुर ब्लाक अंतर्गत बगही, शिवपुर, गांगपुर, बघेडी, शेरपुर, जलालपुर माफी, ऐबकपुर मोहाना, चितरहां, बहरामगंज, जमालपुर अंतर्गत छोटा मीरजापुर, रसूलागंज आदि गांव कटान प्रभावित क्षेत्र है।गंगा में आने वाले बाढ़ के चलते इन गांवों में कटान होने के चलते कृषि एवं आबादी क्षेत्र में भारी क्षति होती है।

विधायक ने संभावित आपदा को गंभीरता से लेते हुए इन गावों की सुरक्षा के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखकर शीघ्र ही स्थायी समाधान कराने के लिए कहा है। इस दौरान सिद्धार्थ कुमार सिंह चीफ,मनीष कुमार सिंह सहायक अभियंता चतुर्थ, आदर्शीवाद अंचल सहायक अभियंता द्वितीय, विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंगरु साहनी, विजय बहादुर सिंह ,ज्योति प्रकाश सिंह एड, अभिलाष राय किशन मोदनवाल आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

देशी शराब का ठेका हटाने को लेकर बसारतपुर गांव में महिलाओं का जबरजस्त प्रदर्शन

सीखड़ मीरजापुर, विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत बसारतपुर के चक मिल्की पूर्वा में शुक्रवार की देर रात 8 बजे गांव में खुले देशी शराब के ठीका को बंद कराने को लेकर सैकड़ों महिलाओं ने जोर दार प्रदर्शन किया। उसी को लेकर आज शनिवार को फिर सभी महिलाएं ठीका स्थल पर पहुंच कर प्रदर्शन करने लगी जिसके सूचना मिलने पर पहुंचे आबकारी इंस्पेक्टर वी पी गुप्ता व सौरभ वर्मा महिला कांस्टेबल के साथ महिलाओं के विरोध को झेलना पड़ा। कड़ी धूप में घंटों खड़े हो कर समझाते रहे पर महिलाए मानने को तैयार नहीं थी उनका कहना था की शराब का ठेका मुलनापुर बसारतपुर के नाम से है जो चकमिल्की बसारतपुर में खोल दिया गया है। जहां 24 घंटे शराब कि बिक्री धड़ल्ले से किया जाता है।बगल में चखना का दुकान खोल दिया गया है। गांव घर कि महिलाओं ने बताया कि जब अपने खेतो में काम करने के लिए जाती हैं तो ठेका के आस पास अगल बगल व चखना कि दुकान पर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। वही शराब पीने के लिए बैठे शराबी हम महिलाओं बेटियों, बहुओं के ऊपर भद्दी भद्दी छीटा कसी करते हैं। इसपर इंस्पेक्टर आबकारी वीपी गुप्ता ने सेल्समैन को बुला कर फटकार लगाया। और सेल्समैन को हटाने कि बात कहा और महिलाओं महिलाओं को समझा बुझाकर शांत कराया।

कठिन परिश्रम ही सफलता का मूलमंत्र- डॉ रजनीश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चुनार, मीरजापुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार मीरजापुर के प्रांगण में शनिवार को 'उत्कर्ष- एक नई उड़ान' कार्यक्रम के अन्तर्गत डॉ रजनीश समाजशास्त्र के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र छात्राओं हेतु विदाई समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ। विदाई समारोह के साथ 'समाजशास्त्र में करियरः अवसर,चुनौतियाँ और भविष्य' विषय पर आधारित एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसके मुख्य वक्ता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही से आए डॉ सुजीत सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र रहे।

समारोह का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) माधवी शुक्ला, मुख्य अतिथि डॉ रजनीश एवं विशिष्ट अतिथि डॉ0 सुजीत कुमार के कर कमलों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। डॉ रजनीश ने संबोधन में कहा कि 'छात्र छात्राओं को अपने जीवन में कठिन परिश्रम कर सफलता की ओर बढ़ाना चाहिए।कठिन परिश्रम ही सफलता का मूलमंत्र है।' कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर माधवी शुक्ला ने किया। सभी छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप सभी अपने ज्ञान, संस्कार, परिश्रम और सदाचार के बल पर जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करें। डॉ सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन, समानता, न्याय, विकास तथा सामाजिक समरसता स्थापित करने में समाजशास्त्र का विशेष योगदान है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने गीत,संगीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। अतिथियों का स्वागत समाजशास्त्र के प्रभारी डॉ दीप नारायण ने किया। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा सिंह एवं सपना मौर्या ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ चंदन साहू, प्रो कुसुम लता डॉ भास्कर, डॉ संकठा प्रसाद सोनकर, डॉ अरविन्द कुमार, डॉ सत्येंद्र कुमार, डॉ स्मिता, डॉ विनोद यादव, डॉ नलिनी सिंह, डॉ रमेश चंद्र, डॉ गुरु प्रसाद, डॉ दीपक, डॉ शैलेन्द्र, डॉ शिखा तिवारी, डॉ चंदन द्विवेदी, डॉ शिव कुमार, डॉ मंजुला, डॉ विद्या, डॉ अमित, धर्म चंद्र, रुचि, रानी, कृष्ण कांत पाल, राज कन्नौजिया, अनुष्का, रीमा सहित छात्र छात्राये उपस्थित रही।

तीरंदाजी में सभ्या व आदर्श ने जीता स्वर्ण, राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। झारखंड के रांची स्थित तौरीन वर्ल्ड स्कूल में 28 से 31 जुलाई तक आयोजित ईस्ट जोन सीबीएसई तीरंदाजी चैम्पियनशिप 2026-27 में भदोही के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। मनवासा विद्या पब्लिक स्कूल, मंगापट्टी (सुधवै), जंगीगंज की सभ्या सिंह ने इंडियन राउंड 14 वर्ष बालिका वर्ग तथा आदर्श तिवारी ने इंडियन राउंड 14 वर्ष बालक वर्ग की मिक्स टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। दोनों खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत (इंडिविजुअल) स्पर्धा में कांस्य पदक भी अपने नाम किया। इस प्रकार दोनों खिलाड़ियों ने कुल चार पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया।

वहीं, दयाल आर्चरी एकेडमी के सूर्य प्रताप गुप्ता ने रिकर्व राउंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शानदार प्रदर्शन के आधार पर सभ्या सिंह, आदर्श तिवारी और सूर्य प्रताप गुप्ता का चयन सितंबर में आजमगढ़ और पानीपत में आयोजित होने वाली नेशनल सीबीएसई आर्चरी चैम्पियनशिप के लिए हुआ है।

विद्यालय के प्रबंधक शिव प्रकाश सिंह ने खिलाड़ियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन का यह परिणाम है। जिला तीरंदाजी संघ के महासचिव अशोक कुमार गुप्ता ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भदोही के तीरंदाज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन करेंगे। जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष विश्वभर दयाल सहित आलोक कुमार, वैभव दीक्षित, सुमन, उर्मिला, दुर्गा प्रसाद, आर्यन, आशुतोष और दीपचंद्र समेत अन्य लोगों ने पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हेल्थ लाइफ स्टाइल क्लास का भव्य उद्घाटन

चुनार, मीरजापुर। नगर के सद्दुपुर मुहाना मोहल्ले में शनिवार को हेल्थ लाइफ स्टाइल क्लास का शुभारंभ नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी रामजी साहू के कर कमलों से किया गया। कार्यक्रम में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए के वाराणसी से आए हेल्थ एक्सपर्ट चंद्रभूषण ने ट्रिप्स दिए। इस दौरान विनीता आरती सीता सुमन वंदना बेबी, अनिल गुप्ता,शिव शंकर यादव एड, प्रदीप रस्तोगी, पवन जायसवाल, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा चुनार की प्रभारी बिनु दीदी,सह प्रभारी तारा दीदी सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संचालिका लाइफ स्टाइल कोच बबीता साहू ने उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया।

नमामि गंगे विजेता व उप जिलाधिकारी अजीत कुमार की अध्यक्षता में संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मीरजापुर। लालगंज संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में एडीएम नमामि गंगे विजेता व उप जिलाधिकारी अजीत कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 65 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 3 प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया गया शेष बचे हुए प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।

फरियादी गलरिया निवासी सोपिन सिंह ने प्रार्थना पत्र देकर सड़क बनवाने की मांग की ।ग्राम पंचायत रजई के ग्राम प्रधान जगन्नाथ सिंह ने बताया कि बिजली का तार 11000 वोल्टेज काफी नीचे होने की वजह से हमेशा खतरा बना हुआ है जिसे दुरुस्त कराया जाए। कोटार निवासी बृजलाल पुत्र छटंकी ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया की फर्जी किए गए वरासत को निरस्त किया जाए ।राष्ट्रीय किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया की रामपुर खोमर मैना समिति पर उर्वरक वितरण में हेरा फेरी किया जा रहा है जिसकी जांच कराई जाए। बरकछ निवासी संतोष कुमार पुत्र चीनी ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया की चकबंदी के दौरान सार्वजनिक स्थल व सार्वजनिक नाली दिया जाए जिससे सिंचाई एवं आने जाने के लिए किसी भी प्रकार की असुविधा न हो ।समाधान दिवस के अंत में उप जिलाधिकारी अजीत कुमार ने टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप फरियादी की समस्या मौके पर जाकर दो गवाहों के समक्ष समस्या का निस्तारण करते हुए समय के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें फरियादी की समस्या निस्तारण करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर तहसीलदार विशाल कुमार शर्मा ,पुलिस उपाधीक्षक अमर बहादुर, खंड विकास अधिकारी रविंद्र कुमार, नायब तहसीलदार राजीव यादव आदि संबंधित विभाग के अधिकारी एव कर्मचारीउपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में 239 शिकायतें, मौके पर निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। शासन की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील भदोही में जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक, उप जिलाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। वहीं तहसील ज्ञानपुर और औराई में उप जिलाधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तीनों तहसीलों में कुल 239 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 22 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। तहसील भदोही में 96 शिकायतों में से 6, ज्ञानपुर में 55 में से 8 तथा औराई में 88 में से 8 शिकायतों का तत्काल समाधान किया गया। शेष मामलों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता, पारदर्शिता और निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता हो। उन्होंने कहा कि अधूरी या असंतोषजनक जांच आख्या स्वीकार नहीं की जाएगी। न्यायालय में विचाराधीन मामलों को छोड़कर अन्य शिकायतों का निस्तारण आपसी सहमति, निष्पक्ष जांच और तथ्यों के आधार पर किया जाए। डीएम ने जांच के दौरान शिकायतकर्ता की मौजूदगी में मौके का निरीक्षण कर जीपीएस आधारित फोटो अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने एआई टूल्स के माध्यम से बेहतर ड्राफ्टिंग तैयार करने, एडीओ पंचायत, लेखपालों और संबंधित कर्मचारियों की रिपोर्टिंग गुणवत्ता सुधारने तथा लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

राजस्व मामलों में जिलाधिकारी ने कानूनगो, लेखपाल और पुलिस की संयुक्त

टीम को एक सप्ताह के भीतर स्थलीय निरीक्षण एवं सत्यापन कर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही तहसीलदारों से बार-बार आने वाले विवादों की सूची तैयार कर पुलिस के सहयोग से उनका स्थायी समाधान कराने को कहा। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर बाल विकास एवं पुष्टाहार, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, परिवार नियोजन, समाज कल्याण, महिला कल्याण (मिशन शक्ति) तथा राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता एवं लाभार्थी सहायता शिविर भी लगाए गए। जिलाधिकारी ने शिविरों का निरीक्षण कर लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

चहल्लुम पर प्रशासन अलर्ट, डीएम-एसपी ने तैयारियों की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। आगामी 5 अगस्त को आयोजित होने वाले चहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय बैठक हुई। बैठक में सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने नगरीय निकायों में साफ-सफाई, चूना छिड़काव, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। ताजिया मार्गों पर जर्जर एवं नीचे लटक रहे बिजली के तारों की मरम्मत कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। स्वास्थ्य विभाग को पीएचसी व सीएचसी अलर्ट मोड पर रखने, दवाओं की उपलब्धता तथा चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग को मिठाई व खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच कर मिलावटी खाद्य सामग्री के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा गया।

पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने कहा कि चहल्लुम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। सभी थाना प्रभारियों को पीस कमेटी की बैठकें आयोजित कर संभावित विवादों का पहले ही समाधान करने के निर्देश दिए गए। अग्निशमन विभाग को भी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने को कहा गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय नारायण सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, अधिशासी अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने का भरोसा दिलाया।

मिर्ज़ापुर में विदाई एवं स्वागत समारोह

मिर्ज़ापुरः विद्युत उपकेन्द्र मवैया (33/11 के.वी.) के परिसर में एक गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उपखंड के नवनियुक्त उपखण्ड अधिकारी (स्ष्ठह्र) श्री राजबीर सिंह कटारिया का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और पूर्व उपखण्ड अधिकारी श्री शेखर सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत में नवनियुक्त उपखण्ड अधिकारी श्री राजबीर सिंह कटारिया का पुष्पहार एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया, वहीं उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व उपखण्ड अधिकारी श्री शेखर सिंह के कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें विदाई दी गई। समारोह में विद्युत विभाग के कई वरिष्ठ अभियंता, कार्यालय स्टाफ और संविदा कर्मी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अवर अभियंता अकसौली श्री शम्भू नाथ जी, अवर अभियंता इंदी श्री अनिल सम्राट जी, अवर अभियंता श्री आंनद प्रकाश जी, अवर अभियंता पथरहिया श्री गुंजन यादव जी और श्री विनय विन्द जी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

समाधान दिवस में 325 शिकायतें, 33 मामलों का मौके पर निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में अगस्त माह के प्रथम शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों को शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। दुद्धी तहसील में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ और पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद, कब्जे और पैमाइश से जुड़े मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर जांच करे और नियमानुसार कार्रवाई करे। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद फरियादियों से फीडबैक भी लिया जाए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि समस्या का वास्तविक समाधान हुआ है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दुद्धी तहसील में कुल 89 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 8 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष 81 प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में रॉबर्ट्सगंज तहसील में उपजिलाधिकारी आशीष कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ। यहां कुल 85 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें 10 मामलों का मौके पर समाधान किया गया। अधिकारियों ने शेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए।

ओबरा तहसील में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में समाधान दिवस संपन्न हुआ। यहां 86 शिकायतें सुनी गईं, जिसमें 7 मामलों का तत्काल निस्तारण किया गया। वहीं घोरावल तहसील में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 65 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 8 मामलों का मौके पर समाधान किया गया। चारों तहसीलों में कुल 325 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 33 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। अधिकारियों ने शेष शिकायतों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी तहसीलों में उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कोन पुलिस ने 07 वारंटियों को किया गिरफ्तार ,भेजा न्यायालय

कोन/ सोनभद्र- पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद में चलाए जा रहे वांछित/वारंटी गिरफ्तारी अभियान के क्रम में कोन पुलिस टीम द्वारा मा0 न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0)/जे0एम0 दुद्धी, जनपद सोनभद्र द्वारा निर्गत वारंट के अनुपालन में कुल 07 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार वारंटीगण का विवरण– राजेश पुत्र शिव प्रसाद, अरविन्द पुत्र राजमन, गुलाब पुत्र शोभनाथ, शिवनाथ पुत्र रामबलक, निवासी बरहमोरी, रामअचल पुत्र रामप्रीत, निवासी चकरिया,शम्भू पुत्र शंकर, निवासी चकरिया, रामचन्द्र पुत्र लालजी, निवासी पिण्डारी, थाना कोन, जनपद सोनभद्र।

उक्त सभी वारंटी मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत आदेशों की अवहेलना कर फरार चल रहे थे। न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के अनुपालन में इन्हें गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही उपरांत मा0 न्यायालय भेजा गया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रमुख रूप से प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा, थाना कोन, जनपद सोनभद्र। उ0नि0 शिवप्रकाश यादव, चौकी प्रभारी चकरिया, हे0का0 इन्द्रबली राय, हे0का0 शिवकुमार, का0 सूरज कुमार शामिल रहे।

काशी नरेश विश्वविद्यालय की 75 वीं वर्षगांठ पर संगोष्ठी सम्पन्न

विकसित भारत के निर्माण में गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीकी शिक्षा की भूमिका पर हुआ मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। काशी नरेश विश्वविद्यालय, भदोही में संस्थान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर भव्य संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद डॉ. विनोद बिंद, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं कुलपति प्रो. उमा श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि सांसद डॉ. विनोद बिंद ने कहा कि काशी नरेश विश्वविद्यालय की 75 वर्षों की यात्रा शिक्षा, संस्कार और समाज सेवा की प्रेरणादायी गाथा है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय से विश्वविद्यालय बनने की उपलब्धि प्रदेश सरकार की शिक्षा के प्रति दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास को अपनाकर भविष्य के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने विश्वविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह संस्थान लंबे समय से क्षेत्र में उच्च शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में संचालित रोजगारपरक पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को तकनीकी और व्यावसायिक रूप से सक्षम बनाने में सहायक होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि विश्वविद्यालय भविष्य में शोध, नवाचार और कौशल आधारित शिक्षा का उत्कृष्ट केंद्र बनेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास का सबसे प्रभावी माध्यम है। काशी नरेश विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और इसे राष्ट्रीय स्तर की संस्था बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने नई शिक्षा नीति की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों का दायित्व केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि सक्षम, संस्कारित और आत्मनिर्भर युवाओं का निर्माण करना भी है। कुलपति प्रो. उमा श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्थान आधुनिक शिक्षा, शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप तैयार करना है। संगोष्ठी में शिक्षा, अनुसंधान, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास और विकसित भारत के निर्माण में उच्च शिक्षा की भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षाविद, शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

राज्य महिला आयोग सदस्य प्रतिभा कुशवाहा का आगमन आज

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा आज 02 अगस्त को जनपद प्रतापगढ़ के दौरे पर रहेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह कौशाम्बी से प्रस्थान कर पूर्वान्ह 10.45 बजे निरीक्षण भवन प्रतापगढ़ पहुंचेंगी। इसके उपरांत पूर्वान्ह 11.45 बजे वह हरि पैलेस प्रतापगढ़ में आयोजित सम्राट युवा संवाद एवं कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगी। अपरान्ह एक बजे महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा डा. सोनेलाल पटेल मेडिकल कालेज जायेंगी। इसके बाद अपरान्ह 1.35 बजे पुनः निरीक्षण भवन प्रतापगढ़ पहुंचेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निरीक्षण भवन से वह कौशाम्बी के लिए प्रस्थान करेंगी।

विवाहित का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

बांसी (सिद्धार्थनगर)। कस्बे से सटे सियरापार में शनिवार दोपहर बंद मकान के बरामदे में बिस्तर से लिपटी एक विवाहित शव शव मिला है। मौके पर मौजूद मृतक के भाई का आरोप है कि उसके बहन की शव को संदिग्ध परिस्थितियों में उसका पति और सास यहां छोड़कर भाग गए हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिद्धार्थनगर भेज दिया है। मृतक गुड़िया (23वर्ष)पत्नी शकील निवासी ग्राम लहरा कोतवाली बांसी के भाई सगीर पुत्र बिस्मिल्लाह निवासी केशवारे थाना खेसरहा ने बताया कि कल से मेरा बहनोई शकील फोन पर बताया कि उसकी बहन गुड़िया की तबियत खराब है उसका इलाज कराने डाक्टर के पास लाया हूं। इलाज कहां हो रहा है बार बार पूछने के बाद भी सही जानकारी नहीं दे रहा था। आज उसने बताया कि गुड़िया की मृत्यु हो गई है। काफी पूछने के बाद बताया कि बांसी खलीलाबाद सड़क किनारे सियरापार में एक मकान में उसकी लाश पड़ी है। हम सब के काफी तलाश करने के बाद बहन की शव यहां मिला है। इसके बाद डायल 112 और बांसी कोतवाली को घटना की सूचना दिया गया। जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे कोतवाल मृत्युंजय पाठक घटना स्थल का निरीक्षण कर विधिक कार्यवाही में जुट गए।

गर्भवती महिला समेत परिवार पर हमला, तीन के खिलाफ शिकायत

महराजगंज (रायबरेली)। चंदापुर थाना क्षेत्र के पूरे हनुमंत सिंह मजरे ताजुद्दीनपुर गांव में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गर्भवती महिला समेत परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट और कुल्हाड़ी से जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ित शिवकुमार पुत्र शियाराम निवासी पूरे हनुमंत सिंह मजरे ताजुद्दीनपुर ने थाना चंदापुर में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के ही रमेश, आशीष और सुशील आए दिन उसे और उसके परिवार को प्रताड़ित करते हैं। आरोप है कि 31 जुलाई 2026 की सुबह करीब 8 बजे उसकी बहन सावित्री, गीता तथा गर्भवती पत्नी अर्चना घर के दरवाजे पर बैठी थीं। तभी तीनों आरोपी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर महिलाओं के साथ मारपीट की गई, जिससे सावित्री गंभीर रूप से घायल हो गई। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों में से एक कुल्हाड़ी लेकर पहुंचा और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। गर्भवती अर्चना को जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से पीटने का भी आरोप लगाया गया है।

सई में समाए युवक की तलाश जारी, नहीं मिली सफलता

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्र के बाबा घुइसरनाथ धाम स्थित सई पुल से सई में समाए युवक का दूसरे दिन शनिवार को भी समाचार भेजे जाने तक पता नहीं चल सका। हालांकि सांगीपुर पुलिस के साथ एसडीआरएफ तथा स्थानीय गोताखोर रेस्क्यू अभियान में जुटे दिखे। अमेठी के पूरे शिवपाल डेहरा विशेषरगंज थाना संग्रामपुर गांव निवासी पचीस वर्षीय रवि मौर्य शुक्रवार को दोपहर धाम स्थित सई पुल से छलांग लगा दिया था। उसने बाइक व मोबाइल फोन पुल पर ही छोड़ दिया था। परिजनों के मुताबिक नदी में कूदने से पूर्व उसने अपने भाई अभिषेक को व्हाट्सऐप पर आत्महत्या करने की सूचना भी दी थी। इधर युवक के परिजन अप्रिय घटना की आशंका में दूसरे दिन भी रोते बिलखते दिखे। इधर सई में लगातार जलस्तर बढ़ने से रेस्क्यू अभियान की गति भी धीमी है। वहीं सांगीपुर एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि प्रयास जारी है, स्थानीय गोताखोरों की भी मदद ली जा रही है।

मेडिकल कॉलेज खरीद मामले में जांच के आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने मेडिकल कालेज में मरीजों को एसी के लिए एक दिन में किराया के नाम पर लाखों भुगतान की तैयारी थी।मेडिकल कालेज का अंबाला से नाता जुड़ा दिख रहा है क्योंकि जेम पोर्टल के समस्त ई-टेंडर वहीं के ठेकेदार हासिल कर रहे है। स्वास्थ्य सम्बन्धी अन्य उपकरणों के खरीद फरोख्त में व्यापक धांधली,सामान मंगाने के नाम पर लाखों का कुरियर पर व्यय की चर्चा जानकार लोगों की जुबान पर चल रही है।डॉ सोने लाल पटेल स्वशासी राज्य मेडिकल कालेज प्रतापगढ़ में प्राचार्य की धांधली बड़े पैमाने पर उजागिर होने के विवाद की आंच विधायक सदर राजेंद्र मौर्य ने शासन तक पहुंचा दिया।शासन ने विधायक की शिकायत के बाद कड़े कदम उठाते हुए उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करते हुए उपकरण सामग्री सर्विसेज से संबंधित सभी भुगतानों पर अग्रिम आदेश तक रोक लगा दिया है।

सदर विधायक राजेंद्र मौर्य द्वारा 29 जुलाई को अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग को भेजे गए पत्र में कहा गया कि पिछले चार माह के दौरान जेम पोर्टल के माध्यम से हुई कई खरीद व सर्विसेज प्रक्रिया मे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका दिखाई देती है। शिकायत पत्र में एयर कंडीशन किराया कुरियर सेवा,महंगे बेड, ग्लब्स आदि अन्य उपकरणों व खरीद प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए है।उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल में दवाओं, सर्जिकल उपकरणों और जांच सुविधाओं की कमी के बावजूद करोड़ों रुपए की खरीद पर सवाल खड़े होना चिंता का विषय है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया

गया है कि मेडिकल कालेज का जेम पोर्टल अधिकृत अधिकारियों के बजाय अन्य व्यक्तियों द्वारा संचालित किया जा रहा है। विधायक राजेंद्र मौर्य ने शासन से मांग किया है कि यदि जांच में वित्तीय अनियमितता प्रमाणित है तो जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों को तत्काल निलंबित कर उनके खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई की जाए।

उसका बाजार में स्थापित हुआ अस्थाई बाढ़ शरणालय

सिद्धार्थनगर। बाढ़ की विभीषिका से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा कस्बे के किसान इंटर कालेज उसका बाजार के परिसर में अस्थाई बाढ़ शरणालय स्थापित किया गया है। बाढ़ की स्थिति में यहां बाढ़ प्रभावित गांवों के ग्रामीणों को आश्रय मिलेगा। यहां पर तैनात केयर टेकर विशाल ने बताया कि इस वॉटर प्रूफ बाढ़ शरणालय में वर्तमान में 25 बेड है। यह बाढ़ पीड़ितों के लिए रात्रि के समय विश्राम के लिए है। इसके अलावा प्रकाश व्यवस्था, कूलर, पंखा,पेयजल, मोबाइल शौचालय आदि व्यवस्था से सुसज्जित है।मालूम हो कि उसका के दोआबा क्षेत्र के बगहिया,नटवा, लाऊ खाऊ, रीवा, अमरिया, संगलदीप आदि दर्जनों गांव हर वर्ष कूड़ा, बूढी राप्ती, राप्ती नदियों की बाढ़ विभिषिका से प्रभावित रहते है।

मेडिकल कॉलेज में भ्रष्टाचार के आरोप, धरना प्रदर्शन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। कांग्रेस कार्यालय, इन्दिरा भवन,अम्बेडकर चौराहा पर शनिवार को कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी व संचालन कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ.दीपक शुक्ल ने किया द्य इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने बताया कि 8 अगस्त को प्रयागराज में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को सम्बोधित करेंगे। त्रिपाठी ने कहा की बहुत जल्द मेडिकल कालेज में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सोपा जाएगा।संचालन कर रहे चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डॉ दीपक शुक्ला ने कहा कि 20 अगस्त को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जन्म जयंती मनाया जाएगा। उस दिन जिला कांग्रेस

कार्यालय, इन्दिरा भवन पर निः शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा।इस अवसर पर मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष डॉ वसीम खान, जिला महासचिव डॉ. शमीम अहमद अंसारी, जिला महासचिव डॉ.संजय कुमार पाल, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. राम चन्द्र गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. राम शिरोमणि मौर्य, कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार, कार्यकारिणी सदस्य पप्पू शर्मा जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

खरीफ फसलों की सुरक्षा के लिए अनुदान पर मिलेंगे ट्रैप और दवाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। जिला कृषि रक्षा अधिकारी अनिल प्रसाद मिश्र ने बताया कि वर्तमान समय में धान व अन्य खरीफ फसलों में तना छेदक, पत्ती लपेटक तथा फली छेदक जैसे कीट प्रारंभिक अवस्था में दिखाई दे रहे हैं। यदि समय रहते इनका प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो फूल एवं बाली बनने के समय ये कीट गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि रासायनिक दवाओं के साथ-साथ आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग कर फसल की सुरक्षा सुनिश्चित करें। इसके लिए जनपद की सभी कृषि रक्षा इकाइयों पर 75 प्रतिशत अनुदान पर विभिन्न प्रकार के ट्रैप उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनका उपयोग कीट नियंत्रण में अत्यंत प्रभावी साबित हो रहा है। उन्होने बताया है कि येलो स्टिकी ट्रैप अनुदान के बाद मात्र 12.50 रुपये में उपलब्ध है, जो उड़ने वाले हानिकारक कीटों को आकर्षित कर चिपका देता है। वहीं फेरोमोन ट्रैप मात्र 37.20 रुपये में उपलब्ध है, जो नर कीटों को आकर्षित कर उनकी प्रजनन क्षमता को नियंत्रित करता है। इसके अलावा सोलर लाइट ट्रैप मात्र 204 रुपये में उपलब्ध है, जो रात में सक्रिय कीटों को आकर्षित कर नष्ट करता है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि ट्रैप के अलावा एनपीवी, ट्राइकोडर्मा एवं बीवेरिआ बेसियाना जैसे जैविक कृषि रक्षा उत्पाद भी 75 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त खरपतवारनाशी, फफूंदनाशी, कीटनाशी तथा पौध वृद्धि से संबंधित अन्य कृषि रक्षा उत्पादों पर भी 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है, जिससे किसानों को कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त करने में मदद मिलेगी। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे अपने निकटतम कृषि रक्षा इकाई अथवा विकास खंड स्थित कृषि रक्षा केंद्र से संपर्क कर अनुदानित ट्रैप एवं कृषि रक्षा उत्पादों का लाभ उठाएं और वैज्ञानिक विधि से फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) का प्रदर्शन का ऐलान, 5 अगस्त को होगा घेराव

तिलहर-शाहजहांपुर। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि 4 अगस्त तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 5 अगस्त को बड़ी संख्या में किसान थाना कटरा का घेराव करेंगे। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के मंडल सचिव विष्णुपाल सिंह यादव के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी तिलहर को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि गांव जौहारा में किसानों के साथ मारपीट और गाली-गलौज की घटना में अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। साथ ही गांव पचदेवरा बेहटी में किसान वेदपाल के खेत के रास्ते पर किए गए कथित अवैध कब्जे को हटवाने, खड़ंजा मार्ग पर झुके बिजली के पोल को बदलवाने तथा किसानों की अन्य स्थानीय समस्याओं के समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि इन समस्याओं के कारण किसानों में भारी आक्रोश है।

धान की फसल को रोगों से बचाएं किसान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। जनपद में धान की रोपाई लगभग पूर्ण होने के बाद खेतों में विभिन्न प्रकार के कीट एवं रोगों का प्रकोप देखने को मिल रहा है। इसे देखते हुए जिला कृषि रक्षा अधिकारी अनिल प्रसाद मिश्र ने किसानों के लिए फसल सुरक्षा संबंधी विस्तृत एडवाइजरी जारी करते हुए समय रहते उचित प्रबंधन एवं उपचार अपनाने की सलाह दी है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि धान की फसल में खैरा रोग, दीमक, पत्ती लपेटक कीट तथा तना बेधक का प्रकोप बढ़ने की संभावना है। खैरा रोग जिंक की कमी से होता है, जिससे पत्तियां कत्थई रंग की हो जाती हैं और पौधों में प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया प्रभावित होती है। इसके नियंत्रण के लिए प्रति हेक्टेयर 25 किलोग्राम जिंक सल्फेट एवं 2.5 किलोग्राम बुझा चूना 800 लीटर पानी में घोलकर फ्लैट फैन नोजल से छिड़काव करने की सलाह दी गई है।

दीमक के प्रकोप से पौधों की जड़ एवं तना क्षतिग्रस्त होकर सूखने लगते हैं। इसके नियंत्रण के लिए सिंचाई के पानी के साथ क्लोरोपाइरीफॉस 20 प्रतिशत ईसी का 3 से 4 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करने की सलाह दी गई है। पत्ती लपेटक कीट पत्तियों के किनारों को जोड़कर उनके भीतर की हरी सतह को खुरच देता है, जिससे पत्तियों पर सफेद पारदर्शी धारियां दिखाई देने लगती हैं। इसके नियंत्रण के लिए संतुलित उर्वरकों का प्रयोग, खेत में उपस्थित मकड़ियों को संरक्षित रखना चाहिये तथा दो ताजी पत्तियों पर नालीनुमा संरचना दिखाई देने पर क्यूनालफास 25 प्रतिशत ईसी का 1.25 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करने की सलाह दी गई है।

तना बेधक कीट तने में छेद कर पौधों के पोषक तत्वों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे पौधों की वृद्धि रुक जाती है। इसके नियंत्रण के लिए अंडों के झुण्ड अथवा सुंडी दिखाई देने पर फिप्रोनिल 5 प्रतिशत एससी का 1 लीटर प्रति हेक्टेयर अथवा नीम ऑयल का 1.5 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से 800 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करने की सलाह दी गई है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किसानों को यह भी अवगत कराया कि कृषि रक्षा रसायनों पर मिलने वाला अनुदान डीबीटी के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजा जाता है। अधिक जानकारी के लिए किसान जिला कृषि रक्षा अधिकारी के मोबाइल नंबर 7839882338 पर संपर्क कर सकते हैं।

देश में एनर्जी की कमी नहीं हैं: पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी

» कपिलवस्तु स्तूप पर लाइट साउण्ड शो तथा विपश्यना पार्क का उद्घाटन से जिले के विकास को एक नई दिशा मिलेगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिद्धार्थनगर। भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कपिलवस्तु स्तूप पर लाइट एंड साउंड शो का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक श्यामधनी राही, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कविता शाह और मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह मौजूद रहे। मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कपिलवस्तु स्तूप पर विधिवत पूजन कर शिलापट का अनावरण किया। उन्होंने भिक्षुओं से संवाद कर स्तूप की परिक्रमा भी की। इसके बाद उन्होंने विपश्यना पार्क का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम स्थल पर्यटन सुविधा केंद्र पर विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत और कपिलवस्तु गीत प्रस्तुत

किया। इसके अलावा काला नमक चावल और भगवान गौतम बुद्ध पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि सिद्धार्थनगर आकर उन्हें बेहद खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीबों, महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं की उपलब्धियां गिनाई।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभा रहा है। सांसद जगदम्बिका पाल द्वारा क्षेत्र के विकास से जुड़े प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का आश्वासन भी दिया। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि गौतम बुद्ध ने पूरी दुनिया को शांति, अहिंसा और करुणा का संदेश दिया। कपिलवस्तु में लाइट एंड साउंड शो और अन्य पर्यटन सुविधाओं के विकास से क्षेत्र में पर्यटन को नई पहचान मिलेगी।

विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि कपिलवस्तु स्तूप पर शुरू हुई यह सुविधा सिद्धार्थनगर के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। इससे देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इस अवसर पर पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ए.के. सिंह, गोविंद माधव, विक्रम सिंह, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना चौधरी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि और लोग मौजूद रहे।

मेडिकल असेसमेंट कैम्प में 175 बच्चों की हुई जांच 165 बच्चों का बना प्रमाण-पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिद्धार्थनगर। समग्र शिक्षा के अंतर्गत बेसिक शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में कक्षा 1 से 12 तक अध्यनरत दिव्यांग बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेडिकल एसेसमेंट कैंप का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र बर्डपुर, लोटन एवं नौगढ़ में संपन्न हुआ । कैम्प का आयोजन जिला समन्वयक समग्र शिक्षा करुणा पति त्रिपाठी द्वारा किया गया। कैंप में कुल 175 बच्चे उपस्थित हुए। जिसमें से 165 बच्चे प्रमाण पत्र हेतु चिन्हित किए गए। सेरेब्रलपाल्सी/अस्थि दिव्यांग के 61, बौद्धिक अक्षम के 50, श्रवण बाधित के 33, दृष्टि दिव्यांग के 21, तथा 05 बच्चों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया साथ जांच के दौरान 05 बच्चे प्रमाण पत्र हेतु अपात्र पाए गए। करुणा पति त्रिपाठी ने

बताया कि 05 अगस्त को बीआरसी खेसरहा में मेडिकल असेसमेन्ट कैम्प लगाया जाएगा।

कैम्प में माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज/संयुक्त जिला चिकित्सालय के आर्थो0 सर्जन डॉ0 विमल द्विवेदी, नेत्र सर्जन डॉ0 आर0के वर्मा, ई0 एनटी सर्जन डॉ0 संजय कुमार शर्मा, साइकेट्रिस्ट डॉ0 विशाल गौतम, ऑडियोलॉजिस्ट, बृजदीप कुमार, ऑप्ट्रोमेट्रिस्ट हरिश्चंद्र के अलावा शिक्षक राघवेंद्र मिश्र, विनोद मिश्र, सतीश चंद्र, पूर्णिमा पाण्डेय एवं फिजियोथेरेपिस्ट में खुर्शीद आलम आदि उपस्थित रहे।

पदोन्नति समेत विभिन्न मांगों को लेकर लेखपालों ने सौपा ज्ञापन

लालगंज, प्रतापगढ़। लेखपालों ने पदोन्नति समेत विभिन्न मांगो को लेकर समाधान दिवस में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। लेखपाल संघ के तहसील इकाई अध्यक्ष केके सरोज तथा महामंत्री मो0 अकरम खान की अगुवाई में राजस्व परिषद के अध्यक्ष को सम्बोधित ज्ञापन मे वेतन विसंगति, लम्बित पदोन्नति एवं संसाधनो के अभाव तथा अतिरिक्त कार्यभार जैसी समस्याओ के शासन स्तर पर समाधान न होने पर क्षोभ जताया है। सौपे गये ज्ञापन में वर्ष 2024 के नियुक्त लेखपालों की प्रशिक्षण परीक्षा के 11 महीने बाद भी परिणाम न घोषित होने पर नाराजगी भी जतायी गयी है। वहीं लेखपालों के भत्ते में भी वृद्धि न होने से भी नाराजगी जतायी गयी है। संघ के अध्यक्ष केके सरोज ने कहा है कि शासन द्वारा लंबित समस्याओं के समाधान न होने पर शासकीय कार्यो पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव की जिम्मेदारी सरकार एवं राजस्व परिषद की होगी। एसडीएम वाचस्पति सिंह ने ज्ञापन को राजस्व परिषद भेजवाए जाने को लेखपालों को भरोसा दिलाया।

बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में विजेताओं का सम्मान

» बालक संवर्ग शतरंज में विवेक लोटन ने रुपेश खेसरहा को हराया

» बालिका संवर्ग शतरंज में सपना भारती को पराजित कर सना परवीन ने विजय प्राप्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जनपदीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता जूनियर स्तर का शुभारंभ शनिवार की जनपद के तीन स्थानों से हुआ। जिला स्पोर्ट स्टेडियम में बैडमिंटन व कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता अमित कुमार शुक्ल एवं विशिष्ट अतिथि जिला समन्वयक निपुण आशीष सिंह के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन कर किया। बैडमिंटन बालक व बालिका चयन ट्रायल प्रतियोगिता में छः विकास खण्डों की टीमों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता में विकास खंड जोगिया को पराजित कर विकास खंड भनवापुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका संवर्ग में विकास खंड डुमरियागंज को हराकर विकास खंड भनवापुर प्रथम रहा। कुश्ती प्रतियोगिता के विभिन्न भारवर्ग के बालक व बालिकाओं की छः विकास खण्डों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें 48 किलोग्राम भारवर्ग में राहुल भनवापुर, 44 किलोग्राम भारवर्ग में रामनिवास खेसरहा, 41 किलोग्राम वर्ग में मोहम्मद अल्ताफ खेसरहा, 38 किलोग्राम वर्ग में राजेश बांसी, 35 किलोग्राम वर्ग में राजकुमार जोगिया प्रथम रहे। वहीं बालिका संवर्ग कुश्ती के 46 किलोग्राम वर्ग में दिव्या डुमरियागंज, 42 किलोग्राम में मधु डुमरियागंज, 39 किलोग्राम भारवर्ग में शिवानी डुमरियागंज, 35 किलोग्राम वर्ग में रागिनी शोहरतगढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शतरंज प्रतियोगिता में नौ विकास खंडों के बालक, बालिकाओं ने प्रतिभागिता की। बालक संवर्ग में विवेक लोटन ने रुपेश खेसरहा को पराजित कर जनपदीय विजेता का खिताब हासिल किया। वहीं बालिका संवर्ग में सपना भारती को पराजित कर सना परवीन पीएम श्री विद्यालय समोगरा ने विजय प्राप्त की। टेबल टेनिस प्रतियोगिता में तीन विकास खण्डों ने खेल में हिस्सा लिया। जिसमें सिंगल इवेंट के बालक संवर्ग में साहिल प्रथम और अरून द्वितीय रहे और बालक डबल्स में रियाज एवं प्रभाकर विजेता बने तथा साहिल एवं अमर उप विजेता बने।

बालिका संवर्ग के टेबल टेनिस प्रतियोगिता में आरोही विजेता अफसाना उपविजेता रही तथा डबल्स में समोगरा की अफसाना और अफ़्बा ने साहिबा और आरोही को पराजित कर जीत हासिल करने में कामयाब रहीं। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के निर्णायक की भूमिका में मुकेश कुमार, अकमलफारूखी, सुनील, राजेंद्र, अमृतलाल गुलाम हुसैन राजकुमार केसरी नंदन, अनिल कुमार, मुश्तन शेरुल्लाह, किशनजी वर्मा, अजय बरनवाल, सत्येंद्र कुमार गुप्त राम शंकर पाण्डेय, अभय त्रिपाठी, संघ शील, रमेश कुमार, वेंकट चंद्रशेखर रहे। इस दौरान खेल कार्यक्रम के संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार, नीरज कुमार सिंह, ओम प्रकाश मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार पाल के अलावा जिला व्यायाम शिक्षक उपेंद्रनाथ उपाध्याय, जिला व्यायाम शिक्षिका सीमा द्विवेदी, संतोष कुमार, इमामुद्दीन, वंदना त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

कराटे और कलारिपयट्टु प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रायबरेली। जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय कराटे एवं कलारिपयट्टु प्रतियोगिता का आयोजन मोतीलाल नेहरू स्टेडियम, रायबरेली में किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों में चयनित खिलाड़ियों में अंडर-17 बालिका वर्ग में गायत्री, दिव्यांशी एवं रूपा, जबकि अंडर-19 बालिका वर्ग में रिचा ने प्रतिभाग किया। वहीं अंडर-14 बालक वर्ग में आर्यन, शौर्य मिश्रा, ओम मौर्य, शोभित, रुद्रांश पटेल एवं नैतिक तथा अंडर-17 बालक वर्ग में प्रांशु सिंह, अनंत प्रताप सिंह, शिवांशु त्रिपाठी, युवराज मौर्य एवं दिव्यांश मौर्य शामिल रहे। कलारिपयट्टु प्रतियोगिता में भी खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन कलारीपयट्टु प्रतियोगिता के अंडर-17 बालिका वर्ग में श्रेया कौशल एवं दिव्यांशी तथा अंडर-17 बालक वर्ग में रुद्रांश पटेल, शोभित एवं अजय सिंह ने प्रतिभाग किया। माध्यमिक शिक्षा खेल विभाग, रायबरेली के सचिव अजय सिंह चंदेल ने बताया कि चयनित सभी खिलाड़ी आगामी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में रायबरेली जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष मास्टर राकेश कुमार गुप्ता एवं सचिव आशीष जायसवाल सहित उनके सहयोगी क्षितिंद्र शास्त्री, जितेंद्र सिंह, रितिका गुप्ता, शिवानी साहू निर्णायकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता सकुशल एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। सभी प्रतियोगिताएं जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय के निर्देशन में निर्धारित मानकों के अनुरूप आयोजित की गईं। कार्यक्रम का उद्घाटन ओलंपिक संघ के सचिव लक्ष्मीकांत शुक्ला द्वारा किया गया। समापन अवसर पर सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपदीय माध्यमिक विद्यालय खेलकूद समिति के सदस्य मंजूर उल हक, मंगल चरण रावत, मोहम्मद अनीस, प्रदीप कुमार पांडे, त्रिपुरेश त्रिपाठी, अंजली सिंह पटेल उपस्थित रहे। सभी चयनित खिलाड़ियों को आगामी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। रायबरेली जनपद का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन करने के लिए खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ।

सेवानिवृत्त शाखा प्रबन्धक को समारोहपूर्वक दी गई विदाई

लालगंज, प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा लालगंज पर शनिवार को सेवानिवृत्त प्रबंधक मनोज कुमार श्रीवास्तव को समारोहपूर्वक विदाई दी गयी। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज ने सेवानिवृत्त प्रबंधक मनोज को अंगवस्त्रम तथा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। संगठन अध्यक्ष धनंजय मिश्र व मंत्री अजय शुक्ला ने बैंककर्मियों की ओर से मनोज के उत्कृष्ट सेवा को प्रेरणास्पद बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक श्रवण कुमार तिवारी व संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष नवीन शुक्ल ने किया। इस मौके पर बैंक अधिकारी अभय सिंह, डॉ0 वीरेश सिंह, रितिका मिश्रा आदि रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस में 34 शिकायतों में 5 का हुआ मौके पर निस्तारण

महराजगंज (रायबरेली) तहसील सभागार में आयोजित संपू

संक्षिप्त खबरें

सिरका मोहल्ले में नई सड़क का निर्माण शुरू

हजारीबाग, झारखंडः- हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 32 स्थित खिरगांव के सिरका मोहल्ले में नई सड़क के निर्माण का काम शुरू हो गया है। वार्ड पार्षद मोहम्मद मुस्तकीम उर्फ मंडूल की मौजूदगी में निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। लंबे समय से सड़क की मांग कर रहे स्थानीय लोगों में काम शुरू होने से खुशी और उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों के अनुसार मोहल्ले में बेहतर सड़क की जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी। सड़क की स्थिति ठीक नहीं होने के कारण लोगों को रोजाना आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता था। खासकर बारिश के दिनों में समस्या और बढ़ जाती थी। अब नई सड़क बनने से स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ मोहल्ले की बुनियादी व्यवस्था में भी सुधार होने की उम्मीद है। वार्ड पार्षद मोहम्मद मुस्तकीम उर्फ मंडूल वार्ड में सड़क, नाली, साफ-सफाई सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उनका कहना है कि वार्ड की समस्याओं का समाधान कर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

हनुमान सेवा संस्थान के तत्वावधान में 17 दिवसीय धार्मिक यात्रा का शुभारंभ

बरही, हजारीबाग, झारखण्डः- हनुमान सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित 17 दिवसीय धार्मिक यात्रा का शुभारंभ शनिवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर से हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं से भरी बस को मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, सामाजिक कार्यकर्ता शिवा निषाद, संजय केशरी व रंजीत मालाकार ने संयुक्त रूप से भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु वैष्णो देवी, विंध्याचल, प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी, वृंदावन, मथुरा, हरियाणा, पंजाब, खाटू श्याम एवं चित्रकूट सहित देश के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक तीर्थस्थलों के दर्शन करेंगे। बस रवाना होने से पूर्व श्रद्धालुओं की सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की गई। सामाजिक कार्यकर्ता शिवा निषाद ने धार्मिक नारों के बीच श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। यात्रा के आयोजक रंजीत मालाकार ने बताया कि इस धार्मिक यात्रा का उद्देश्य श्रद्धालुओं को देश के प्रमुख तीर्थस्थलों के दर्शन कराना, भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना तथा लोगों में धार्मिक एवं सामाजिक एकता की भावना को मजबूत करना है।

शादी का झांसा देकर नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोप

सिंगाही खीरी। पढुआ थाना क्षेत्र की एक नाबालिग किशोरी ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए सिंगाही पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार वह कुछ समय पहले सिंन्हौना गांव में अपने मामा के घर आई थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात निबौरिया निवासी करण पुत्र परमानंद से हुई। बातचीत के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और प्रेम संबंध स्थापित हो गए। आरोप है कि युवक ने शादी का वादा कर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। किशोरी का कहना है कि जब उसने युवक से शादी करने के लिए कहा तो उसने साफ इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने सिंगाही पुलिस को लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है। निघासन पुलिस क्षेत्राधिकारी शिवम् कुमार ने बताया की घटना जानकारी में नहीं है उचित कार्रवाई की जायेगी।

दो वर्षों से बंद पड़ा करमोलिया पंचायत भवन, सरकारी सुविधाओं से वंचित ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखीमपुर खीरी- विकासखंड पसगवां की ग्राम पंचायत करमोलिया में लाखों रुपये की लागत से निर्मित पंचायत भवन पिछले करीब दो वर्षों से बंद पड़ा है। ग्रामीणों का आरोप है कि भवन का निर्माण कार्य पूरा होने और भुगतान होने के बावजूद आज तक इसका नियमित संचालन शुरू नहीं कराया गया। इससे ग्रामीणों को पंचायत से जुड़े आवश्यक कार्यों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों के अनुसार पंचायत भवन बंद रहने से जाति, आय, निवास, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य सरकारी कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं। छोटे-छोटे कार्यों के लिए लोगों को कई किलोमीटर दूर संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है।पंचायत भवन परिसर में लंबे समय से गंदगी और निर्माण सामग्री का मलबा पड़ा हुआ है। परिसर में लगा समरसेबल भी खराब है, जिसके कारण पानी की व्यवस्था पूरी तरह ठप है। रखरखाव के अभाव में भवन और उसका परिसर लगातार बदहाल होता जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन बंद होने से ग्राम पंचायत की बैठकें, सरकारी योजनाओं की समीक्षा, जनसुनवाई, शिविर और अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम भी प्रभावित हो रहे हैं। इतना ही नहीं, स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर ध्वजारोहण एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित करने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।पंचायत भवन के निकट स्थित भगवान बुद्ध मंदिर भी इस अव्यवस्था से प्रभावित है। मंदिर के आसपास फैली गंदगी के कारण बुद्ध जयंती सहित अन्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में भी बाधाएं उत्पन्न होती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पंचायत भवन नियमित रूप से संचालित हो और परिसर की साफ-सफाई कराई जाए तो पूरे क्षेत्र का वातावरण बेहतर हो सकता है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पंचायत भवन को तत्काल संचालित कराया जाए, परिसर की साफ-सफाई कराकर मलबा हटवाया जाए, खराब पड़े समरसेबल की मरम्मत कराई जाए तथा पंचायत सचिव एवं संबंधित कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने के साथ लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए भी बाध्य होंगे।

क्षत्रिय खंगार समाज के लोगों ने विधायक का किया सम्मान

राजा खेतसिंह खंगार की स्मृति में विधायक ने बनवाया प्रेरणा द्वार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कोंच(जालौन)- गढ़कुंडार के राजा और खंगार क्षत्रिय समाज के महापुरुष खेतसिंह खंगार की स्मृति में माधोगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बंगरा स्थित सीमा पर भव्य प्रेरणा द्वार बनवाए जाने पर समाज के लोगों ने विधायक मूलचंद्र निरंजन का सम्मान करते हुए उनका आभार जताया। शनिवार को विधायक के रामकुंड कोंच स्थित आवास पर पहुंचे समाज के दर्जनों लोगों ने अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय समाज समिति के जिलाध्यक्ष प्रताप भान सिंह की अगुवाई में विधायक मूलचंद्र का माल्यार्पण और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सम्मान किया। समाज के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक के इस सराहनीय कार्य से न सिर्फ समाज की गौरवशाली विरासत को सम्मान मिला है, बल्कि जनपद जालौन की ऐतिहासिक पहचान और प्रसिद्धि को बढ़ावा मिला है। प्रेरणा द्वार आने वाली पीढ़ियों को अपने महापुरुष के इतिहास और उनके देश के प्रति योगदान से परिचित कराएगा तथा समाज में देश सेवा का भाव जागृत हो सकेगा। समाज के लोगों ने विधायक द्वारा जनसेवा के प्रति समर्पण और समाज हित में किए गए इस कार्य की सराहना करते हुए भविष्य में भी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और सामाजिक एकता के लिए प्रयास जारी रहने की अपेक्षा जताई। वहीं अपने सम्मान से अभिभूत विधायक ने कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि होने के नाते उनका दायित्व और कर्तव्य है कि विकास कार्यों को कराए जाने के साथ ही महापुरुषों का सम्मान कर उनके आदर्शों पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा सके।

नारायणपुर प्रखंड सभागार में आयोजित कार्यशाला का हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः- सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत पंचायत के सहजकर्ता दल का शनवार को नारायणपुर प्रखंड सभागार में दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में बतौर प्रशिक्षक सोहराब अली और दिलीप बासकी ने सहजकर्ता दल के सदस्यों को पंचायत विकास के लिए प्लान बनाने, ग्राम सभा कैसे करना है आदि की जानकारी दी। बताया कि जीपीडीपी में दो योजना पेशा कानून से लेना है। पेशा में 42 प्रकार की योजना है। इसमें से दो लेना है। जीपीडीपी को कैसे अच्छा बनाना है, ताकि जमीनी स्तर पर बढ़िया से काम हो सके।? क्षेत्रीय असंतुलन के कारण उस अनुरूप योजना नहीं ले पा रहें। अभिश्रण की कमी है। एक साल की योजना ग्राम पंचायत में रहेगा तथा सभी विभाग को चिट्ठी लिखकर इसकी जानकारी देंगे। ऐसा होने से फिर से ग्राम सभा नहीं करनी होगी। समय सीमा के कारण योजना पूर्ण नहीं होने से पैसा वापस हो जाती है। सबों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। एसटी, एससी दिव्यांग की भागीदारी सुनिश्चित हो। संकल्प के अनुसार योजना लेना है, राजस्व प्राप्ति वाली योजना लेनी है। योजना नीति का एकीकरण करना है। सहज कर्ता दल के सदस्यों को ग़रीबी मुक्त और उन्नत आजिविका वाला गांव, स्वास्थ गांव, बाल हितैषी गांव, पर्याप्त जल युक्त गांव, स्वच्छ एवं हरा भरा गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा वाला गांव, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव, महिला हितैषी गांव आदि थीम पर काम करने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर समन्वयक नरेश सोरेन, उदय ओझा,सोहराब जी, दिलीप बास्की, उदय ओझा, पानेश्वर मरांडी, अमरेंद्र झा, मो वाहिद, अनिकेत कुमार , बबलू हांसदा, तपन दत्ता, शमशेर अंसारी आदि उपस्थित थे।

संपूर्ण समाधान दिवस में उमड़ी फरियादियों की भीड़

तिलहर, शाहजहांपुर। तहसील परिसर स्थित सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। एसडीएम नीलिमा यादव की अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई में कुल 60 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 17 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं ड्यूटी से आठ अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिनकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई है। समाधान दिवस में जमीन पर अवैध कब्जे, चकरोड पर अतिक्रमण, राशन कार्ड की समस्याएं, नगर क्षेत्र की साफ-सफाई, किसानों को पर्याप्त बिजली न मिलने से सिंचाई प्रभावित होने तथा पुलिस द्वारा तहरीर के बावजूद रिपोर्ट दर्ज न किए जाने संबंधी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। समाधान दिवस में तहसीलदार अजहर अंसारी, नायब तहसीलदार निवेदिता सिंह, खंड विकास अधिकारी राजीव कुमार गुप्ता, आपूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्र निर्माण पर मंथन

विद्यार्थियों को मिला जीवन का व्यावहारिक संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरही, हजारीबाग, झारखंडः- देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर एक प्रेरक बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन एवं भारतीय जीवन मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विनोबा भावे विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर अरुण कुमार मिश्रा थे। उन्होंने विद्यार्थियों को सरल एवं प्रेरक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण केवल सरकारों से नहीं, बल्कि जागरूक, अनुशासित और जिम्मेदार नागरिकों से होता है। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज एवं राष्ट्रगान के सम्मान, संविधान एवं कानूनों के पालन, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, अनुशासन, समय पालन, डिजिटल माध्यमों के जिम्मेदार उपयोग, भारतीय संस्कृति एवं विरासत के संरक्षण तथा परिवार और समाज के प्रति कर्तव्यों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि आज का युवा यदि अच्छे संस्कार, चरित्र और जिम्मेदारी की भावना को अपनाता है, तो वही आने वाले भारत का सशक्त निर्माता बनेगा। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को स्व-आधारित जीवन, आत्मनिर्भरता, भारतीय ज्ञान परंपरा, स्थानीय उत्पादों के उपयोग, प्रकृति संरक्षण, नैतिक मूल्यों, सेवा भावना और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संदेश भी दिया गया। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक शिक्षा देना नहीं, बल्कि ऐसे जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है जो अपने ज्ञान, चरित्र और संस्कारों से समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। ऐसे प्रेरक सत्र विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। वहीं विद्यालय प्रबंधक विकास सिंह ने कहा कि श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षा के साथ संस्कार और राष्ट्रीय चेतना को समान महत्व दिया जाता है। विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय जीवन मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ना ही हमारी प्राथमिकता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अपने दैनिक जीवन में बताए गए नागरिक कर्तव्यों का पालन करने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

भाषण प्रतियोगिता में रेनबो स्कूल बरही की छात्रा ने हासिल किया द्वितीय स्थान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरही, हजारीबाग, झारखंडः- बरही प्रखंड स्थित विवेकानंद पुस्तकालय भवन में महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में रेनबो स्कूल बरही की छात्रा नुजहत प्रवीण ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बरही क्षेत्र के कुल 21 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी प्रभावशाली वक्तृत्व कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन मुंशी प्रेमचंद की साहित्यिक विरासत एवं उनके विचारों से विद्यार्थियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया था। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने मुंशी प्रेमचंद के जीवन, साहित्य, सामाजिक योगदान तथा उनके आदर्शों पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, विषय की समझ और प्रस्तुति शैली के आधार पर विजेताओं का चयन किया। प्रतियोगिता में रेनबो स्कूल बरही की छात्रा नुजहत प्रवीण ने अपने प्रभावशाली भाषण से निर्णायकों और उपस्थित लोगों को प्रभावित करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरही के एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन के साथ-साथ साहित्य, भाषण कला और व्यक्तित्व विकास से जुड़े कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। रेनबो स्कूल के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं में भी उन्हें निरंतर प्रोत्साहित करता है। उन्होंने छात्रा की इस उपलब्धि को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सांसद प्रतिनिधि ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः- बरही विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने शनिवार को प्रखंड के तीन विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था, शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। सबसे पहले उन्होंने उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बारा छतरपुरा का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी शिक्षक अपने-अपने कक्षाओं में विद्यार्थियों को पढ़ाते हुए मिले। निरीक्षण में विद्यालय की चहारदीवारी नहीं होने के कारण परिसर असुरक्षित पाया गया। विद्यालय के शिक्षकों ने चहारदीवारी निर्माण की मांग सांसद प्रतिनिधि के समक्ष रखी। इस अवसर पर मुकुंद साव ने विद्यालय परिसर में दो पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इसके बाद उन्होंने कन्या मध्य विद्यालय, दादपुर का निरीक्षण किया, जहां सभी शिक्षक अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए उपस्थित मिले। इसके पश्चात मध्य विद्यालय, सिंहपुर का भी निरीक्षण किया गया। यहां का स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। विद्यालय में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की गई। साथ ही कक्षा सात की एक छात्रा से शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनका छात्रा ने संतोषजनक उत्तर दिया। निरीक्षण के दौरान हजारीबाग उपायुक्त कार्यालय से बाल कल्याण पदाधिकारी दीपनारायण चौधरी सहित विद्यालयों के शिक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

विजैया गांव के श्मशान घाट पुलिया निर्माण की प्रक्रिया तेज

बरही, हजारीबाग, झारखण्डः- बरही प्रखंड के ग्राम विजैया में लंबे समय से प्रस्तावित श्मशान घाट पुलिया निर्माण को लेकर शनिवार को विशेष प्रमंडल की टीम ने स्थल का निरीक्षण कर प्राक्कलन तैयार करने के लिए मापी का कार्य किया। इससे स्थानीय ग्रामीणों में पुलिया निर्माण को लेकर उम्मीद जगी है। निरीक्षण के दौरान विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सूरज प्रकाश चौधरी एवं विभागीय कर्मी विनोद कुमार ने पुलिया निर्माण के लिए आवश्यक मापी कर प्राक्कलन तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो. कैयूम, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र यादव, चंद्रिका प्रसाद, रणजीत प्रसाद, केदार प्रसाद सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने बताया कि श्मशान घाट तक आवागमन की सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुलिया निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी।

कटावग्रस्त गांव तक कमरभर पानी चीरकर पहुंचे डीएम, लोगों का जीता भरोसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सुपौल। कोशी नदी के जलस्तर में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव के बीच किशनपुर प्रखंड की मौजहा पंचायत स्थित पंचगछिया गांव में कटाव की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी ने संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। बिना किसी विशेष इंतजाम का इंतजार किए वे स्वयं कमरभर पानी के बीच हाथ में लाठी लेकर गांव की ओर पैदल निकल पड़े। रास्ते की गहराई का अंदाजा लगाते हुए वे प्रभावित इलाके तक पहुंचे और ग्रामीणों से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। कटाव प्रभावित क्षेत्र में जिलाधिकारी को इस तरह आम लोगों की तरह पानी के बीच पैदल चलते देख ग्रामीण हैरान रह गए। लोगों ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि जिले का सर्वोच्च प्रशासनिक अधिकारी स्वयं जोखिम उठाकर उनके बीच पहुंचेगा। डीएम ने मौके पर कटाव की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुरक्षा एवं राहत संबंधी कदम तत्काल उठाने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने बताया कि जिलाधिकारी के इस दौरे से उनमें प्रशासन के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ है। उनका कहना था कि जब कोई अधिकारी स्वयं कठिन परिस्थितियों में लोगों के बीच पहुंचकर हालात को समझता है, तो समस्याओं के समाधान की उम्मीद भी बढ़ जाती है। डीएम का यह दौरा केवल प्रशासनिक निरीक्षण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह संदेश भी देता है कि संवेदनशील और जिम्मेदार प्रशासन विपरीत परिस्थितियों में भी जनता के साथ खड़ा रहता है। उनकी यह पहल क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

गोपालगंज जदयू जिला अध्यक्ष ने प्रदेश मुख्यालय प्रभारी को सौपी जिला कमिटी की सूची

गोपालगंज, पटना। जनता दल यूनाइटेड प्रदेश कार्यालय में जनता दल यूनाइटेड प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक माननीय उमेश सिंह कुशवाहा के निर्देशानुसार प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी शम्भू कुशवाहा को गोपालगंज जनता दल यूनाइटेड के माननीय जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने जदयू सांगठनिक चुनाव 2026 संपन्न होने के उपरांत आज जिला कार्य समिति (जिला कमिटी) की सूची के साथ जदयू प्रखण्ड कमिटी, नगर कमिटी, नगर पंचायत कमिटी, के साथ पंचायत एंवार्ड अध्यक्षों की सूची सौपी है ! कमिटी में पार्टी के पुराने और नये समर्पित कार्यकर्ताओं जगह दी गई है, कुछ को हटाया गया है तो कुछ नये लोगों को जगह दी गई है ! सभी क्षेत्रों का समंजस करते हुए जातीय समीकरण को भी ध्यान रखा गया है ! सांसद सह राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डाश आलोक कुमार सुमन, मंत्री सह विधायक सुनील कुमार, पूर्व मंत्री विधायक सह राष्ट्रीय महासचिव रामसेवक सिंह, विधायक सह विधान सभा में प्रश्न एंध्यानाकर्षण समिति के सभापति अमरेंद्र कुमार पांडेय, विधायक सह उप मुख्य सचेतक मंजीत कुमार सिंह, विधान परिषद सदस्य प्रोश डाश बिरेंद्र नारायण यादव, पूर्व विधायक रेयाजुल् हक राजू,पूर्व विधायक मोश, नेमतुल्लाह सहित सभी पूर्व जिला अध्यक्षों, एंराज्य परिषद सदस्यों को विशेष आमन्त्रित सदस्य के रूप में नामित किया गया है !

निजी स्कूल पर फर्जी टीसी और अंकपत्र जारी करने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिंगाही खीरी। कस्बा सिंगाही निवासी एक अभिभावक ने स्थानीय निजी इंग्लिश मीडियम विद्यालय के संचालक पर फर्जी ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) और अंकपत्र जारी करने सहित धोखाधड़ी के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक सिंह एवं पुलिस अधीक्षक खीरी को शिकायती पत्र देकर मामले में एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच तथा कठोर कार्रवाई की मांग की है।अभिभावक आकाश सिंह, निवासी वार्ड नंबर-8 कस्बा सिंगाही ने आरोप लगाया कि करीब पांच वर्ष पहले उन्होंने अपने पुत्र आदित्य का प्रवेश सिंगाही पब्लिक स्कूल में कराया था। मार्च 2026 में कक्षा-5 उत्तीर्ण करने के बाद उन्होंने बेटे का प्रवेश राजा प्रताप विक्रम शाह इंटर कॉलेज, सिंगाही में करा दिया। आरोप है कि लगभग तीन माह बाद नए विद्यालय ने टीसी को फर्जी बताते हुए छात्र का नाम काट दिया। पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने पुराने विद्यालय के संचालक आलोक श्रीवास्तव एवं ज्योती श्रीवास्तव निवासी सिंगाही से शिकायत की तो वैध टीसी उपलब्ध कराने के नाम पर उनसे 29,400 रुपये जमा करा लिए गए। इसके बावजूद अब तक सही टीसी नहीं दी गई। साथ ही जारी अंकपत्र में पेन से अंक बदलने का भी आरोप लगाया गया है। अभिभावक का आरोप है कि इस पूरे प्रकरण से उनके पुत्र की करीब पांच वर्ष की पढ़ाई प्रभावित हुई और उसे दोबारा कक्षा-5 में प्रवेश लेना पड़ा। उन्होंने विद्यालय पर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए निघासन के खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेश यादव को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निघासन खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेश यादव ने बताया कि शुक्रवार को शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है। जांच में यदि फर्जीवाड़ा की पुष्टि होती है तो संबंधित विद्यालय की मान्यता निरस्त कराने की संस्तुति की जाएगी तथा दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

वियोगी बागवानी का शुभारंभ, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

त्रिवेणीगंज। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-9 में शनिवार को वियोगी बागवानी का उद्घाटन पूर्व जिला कृषि पदाधिकारी प्रवीण कुमार झा, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र ऋषिदेव, प्रगतिशील किसान राजेंद्र यादव, प्लस-टू बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार तथा योगेंद्र कुमार वियोगी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। उद्घाटन के बाद बागवानी के संचालकसमाजसेवी योगेंद्र कुमार वियोगी ने सभी अतिथियों का स्वागत फूल-माला एवं अंगवस्त्र देकर किया। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व जिला कृषि पदाधिकारी प्रवीण कुमार झा ने कहा कि यह केवल एक नर्सरी नहीं, बल्कि समाज, विशेषकर युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और उससे उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बीच पौधों का महत्व और बढ़ गया है। पौधे न केवल पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन भी उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उल्लेख करते हुए प्रत्येक व्यक्ति से कम-से-कम एक पौधा लगाने तथा फलदार वृक्षों के रोपण का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र ऋषिदेव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने के लिए बागवानी को बढ़ावा देना समय की जरूरत है। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक फलदार एवं छायादार पौधे लगाने की अपील की। बागवानी के संचालक योगेंद्र कुमार वियोगी ने बताया कि उनकी नर्सरी में विभिन्न प्रजातियों के सैकड़ों फलदार, औषधीय एवं सजावटी पौधे उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को गुणवत्तापूर्ण पौधे उपलब्ध कराने के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी उनका उद्देश्य है।

संक्षिप्त खबरें

सफाई कर्मचारियों के हित सर्वोपरि : मोहिंदर भगत

जालंधर। पंजाब के बागवानी, स्वतंत्रता सेनानी एवं रक्षा सेवा कल्याण मंत्री मोहिंदर भगत ने कहा कि राज्य सरकार सफाई कर्मचारियों के सम्मान, अधिकारों और आर्थिक सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सरकार सफाई कर्मचारियों के कल्याण के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि शहरी स्थानीय निकायों में कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों और सीवरमैन का मासिक वेतन 10,500 रुपये से बढ़ाकर 20,500 रुपये कर दिया गया है। मोहिंदर भगत ने कहा कि सफाई कर्मचारी स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी भलाई के लिए सरकार हरसंभव प्रयास करती रहेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों, कर्मचारियों तथा समाज के सभी वर्गों के हित में जनकल्याणकारी निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी सफाई कर्मचारियों के हितों और सम्मान की रक्षा के लिए सरकार कोई कमी नहीं छोड़ेगी।

हत्या के प्रयास में दो आरोपी गिरफ्तार

अमृतसर। सदर थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो विदेशी पिस्तौल, कारतूस तथा एक अवैध हथियार बरामद किया है। पुलिस के अनुसार सदर थाने में 20 जून 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 109, 3(5) तथा शस्त्र अधिनियम की धाराओं 25, 27, 54 और 59 के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार 19 जून की शाम 88 फीट रोड स्थित एक मकान पर पुरानी रंजिश के चलते सिमरनजीत सिंह उर्फ बिल्ला पर गोली चलाई गई थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (शहर-2) श्रीवेनेला तथा सहायक पुलिस आयुक्त (नॉर्थ) गगनदीप सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक गुरप्रीत सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने 28 जुलाई को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान टिकू पुत्र सुरजीत सिंह निवासी सुल्तानविंड रोड, अमृतसर तथा सुमित पुत्र संजीव कुमार निवासी गुरदासपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक जिगाना 9 एमएम पिस्तौल, एक नोरिंको .30 बोर विदेशी पिस्तौल, दो कारतूस तथा एक बिना नंबर का अवैध हथियार बरामद किया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

हर्ष सिंह के संघर्ष ने रचा नया इतिहास

गंभीर चोटों के बावजूद हार नहीं मानी और 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में जूडो का स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नई दिल्ली। सफलता केवल मेडल जीतने का नाम नहीं है, बल्कि उन संघर्षों को पार करने का भी नाम है जो हर कदम पर इंसान की परीक्षा लेते हैं। दिल्ली के द्वारका स्थित ककरोला इलाके में एक 60 गज के घर में रहने वाले 23 वर्षीय जूडो खिलाड़ी हर्ष की कहानी इसी जज्बे की मिसाल है। सीमित आर्थिक संसाधनों, गंभीर चोट और लगातार मिली असफलताओं के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और आज भारतीय सेना का हिस्सा बनने के साथ देश के लिए पदक जीत रहे हैं। हर्ष सिंह ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 की पुरुष 60 किग्रा जूडो स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। फाइनल मुकाबले में उन्होंने आस्ट्रेलिया के जोशुआ काट्ज को हराकर इतिहास रचा और राष्ट्रमंडल खेलों के जूडो इतिहास में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष जूडो खिलाड़ी बने। हर्ष ने महज आठ वर्ष की उम्र में जूडो की शुरुआत विक्ट्री जूडो क्लब से की। बाद में उन्होंने दादा देव जूडो क्लब में प्रशिक्षण लिया। उनके पिता उदयभान सिंह एक निजी फैक्टरी में काम करते हैं, जबकि मां बबली सिंह गृहिणी हैं। परिवार की मासिक आय करीब 10 हजार रुपये होने के बावजूद माता-पिता ने बेटे के सपनों के सामने आर्थिक तंगी को कभी आड़े नहीं आने दिया। बेहतर डाइट, प्रतियोगिताओं में भागीदारी और प्रशिक्षण के लिए परिवार ने हरसंभव त्याग किया। हर्ष सिंह भारतीय सेना में हेड कांस्टेबल के पद पर बेंगलुरु में तैनात हैं। साल 2017 हर्ष के करियर का सबसे कठिन दौर लेकर आया। दिल्ली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान उनकी कालर बोन टूट गई। डॉक्टरों के इलाज के साथ-साथ रिश्तेदारों और परिचितों ने उन्हें खेल छोड़ने की सलाह भी दी। लगातार राष्ट्रीय रैंकिंग प्रतियोगिताओं और अंतरराष्ट्रीय ट्रायल्स में तीसरे स्थान पर रह जाने या हार मिलने से उनका आत्मविश्वास भी डगमगाया। कई बार उन्होंने जूडो छोड़ने का मन बनाया, लेकिन माता-पिता, बड़े भाई विनीत और शुरुआती बचपन के कोच सतवान ने उनका मनोबल टूटने नहीं दिया। कोच सतवान ने बताया कि कड़ी मेहनत का परिणाम रांची में आयोजित नेशनल गेम्स में मिला, जहां हर्ष ने ब्रान्ज, सिल्वर और गोल्ड जैसे अहम पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उनकी उपलब्धियों के आधार पर वर्ष 2023 में उनका चयन आइटीबीपी में कांस्टेबल के रूप में हुआ। इसके बाद मार्च 2024 में भारतीय सेना में हेड कांस्टेबल के पद पर चयन ने उनके संघर्ष को नई पहचान दी। हर्ष के बड़े भाई विनीत का कहना है कि सेना में शामिल होने के बाद हर्ष को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं मिलीं। जेएसडब्ल्यू की सहायता, जर्मन कोचों का मार्गदर्शन और सीनियर खिलाड़ी निशांत का सहयोग उनके खेल को नई ऊंचाइयों तक ले गया। डाइट, सप्लीमेंट्स और अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी ने उनके प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार किया। हर्ष का कहना है कि मुश्किल परिस्थितियां व्यक्ति को कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत बनाती हैं। उनका सफर उन हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा है जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखते हैं। यदि परिवार का साथ, गुरु का मार्गदर्शन और खुद पर विश्वास बना रहे, तो कोई भी बाधा मंजिल तक पहुंचने से नहीं रोक सकती।

बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

14 घड़ियों में बांटने के लिए लाया गयी राहत सामग्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

असम। सुधाकांत डॉ. भूपेन हजारिका के 'मानुहे मानुहर बाबे' अर्थात् इंसान इंसानियत के लिए, गाने की भोल के गहराई को अनुसरण करते हुए असम प्रदेश नाथ योगी सम्मेलन ओर नाथ योगी छात्र संघ ने एक दल आज शिवसागर, ओर चराईदेव जिले की बाढ़ प्रभावित इलाके में राहत सामग्री वितरण के लिए उपस्थित हुए। असम प्रदेश नाथ योगी सम्मेलन के निचले असम के कई जिला समितियों के साथ कामरूप मेट्रो, दक्षिण कामरूप, चिरांग, दोरांग मंगलदोई , सुनीतपुर, मरीगांव, नौगांव, होजाई, धेमाजी, माजुली, लखीमपुर इन जिलों से नाथ योगी सम्मेलन और छात्र संघ, युवा परिषदों के कार्यकर्ताओं ने 14 गाड़ियों में ज़रूरी खाने का सामान, कपड़े और दवाइयां के साथ राहत सामग्री उल्लेखीत दोनों जिले की बाढ़ में प्रभावित जरूरतमंद लोगों में वितरण किया। उल्लेखनीय है कि 14 घड़ियों में बांटने के लिए लाया गया राहत सामग्री खत्म ना होने तक वितरण कार्यक्रम जारी रखने की खबर है। कल शाम को शिवसागर जिले में राहत वितरण कार्यक्रम में 117वें बरखला विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशोर नाथ, नाथ योगी सम्मेलन के धीरेन नाथ धीरेन नाथ, साधारण संपादक गुंजीत नाथ, सलाहकार कृति नाथ, नाथ योगी छात्र संघ के सेंट्रल जनरल सेक्रेटरी दीपक नाथ, उपाध्यक्ष परितोष नाथ,सहित महिला सम्मेलन के माईतु देवी, युवा परिषद के नित्यानंद काकोतो, जिला समितियों के पदाधिकारियों, धेमाजी जिला नाथ योगी छात्र संघ ओर सम्मेलन के पदाधिकारियों, राहत सामग्री वितरण के पहला दिन का कार्यक्रम में भाग लेकर रात 8 बजे तक वितरण किया।

नगर निगम पार्षदों के धरने में विधायक अमिताभ बाजपेई हुए शामिल

कानपुर। नगर निगम जोन 1 कार्यालय में जनता की समस्याओं एवं विकास कार्यों में हो रही अनावश्यक देरी के विरोध में पक्ष-विपक्ष के सभी पार्षदों द्वारा आयोजित धरने में सपा विधायक अमिताभ बाजपेई भी ने भी शामिल होकर अपना समर्थन दिया। विधायक अमिताभ बाजपेई ने कहा कि जब जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों की बात भी अधिकारी नहीं सुनते, विकास कार्यों की फाइलें महीनों तक लंबित रहती हैं और आम नागरिकों को अपनी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, तब लोकतांत्रिक तरीके से आवाज़ उठाना आवश्यक हो जाता है। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को समयबद्ध तरीके से मूलभूत सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि जनता के सम्मान, उनके अधिकारों और क्षेत्र के विकास के लिए हमारा संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

शहीद ऊधम सिंह को श्रद्धांजलि, पौधारोपण भी किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अमृतसर। सेंट्रल खालसा अनाथालय, पुतलीघर में महान शहीद ऊधम सिंह का शहीदी दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन ट्रबनेटर ग्रुप के अध्यक्ष जगदीप सिंह पुरी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर शहीद ऊधम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में अनाथालय के बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताओं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शहीद ऊधम सिंह के बलिदान को नमन किया। उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले बच्चों को अतिथियों ने सम्मानित भी किया। वक्ताओं ने कहा कि शहीद ऊधम सिंह वर्ष 1907 से 1919 तक सेंट्रल खालसा अनाथालय में रहे और यहीं से उन्होंने शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने युवाओं से शहीदों के जीवन और बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र एवं समाज की सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अतिथियों एवं उनके परिजनों ने अपने पूर्वजों की स्मृति में पौधारोपण भी किया। ट्रबनेटर ग्रुप के सदस्यों ने कहा कि संस्था का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ युवाओं को स्वास्थ्य और सिख धर्म के प्रति प्रेरित करना है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त एडीसी तजिंदरपाल सिंह संधू, पूर्व सैनिक सुखमिंदर सिंह, कुलवंत सिंह, सुखदेव सिंह, काबल सिंह, जगवीर सिंह चीमा, नवतेज सिंह, भूपिंदर सिंह, हरदीप सिंह, एसजीपीसी के पूर्व सचिव रणजीत सिंह, जीएनडीयू के पूर्व मुख्य अभियंता हरमिंदर सिंह, मंदीप सिंह, शहीद ऊधम सिंह मेमोरियल स्कूल के प्रधानाचार्य दविंदर सिंह, अनाथालय के प्रबंधक सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कुपोषण मुक्त पंचायत का लक्ष्य

कुपोषण बीमारी नहीं जागरूकता की कमी- डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। संभव अभियान-6 के अंतर्गत शनिवार को विकासखंड सरसौल की ग्राम पंचायत हाथीपुर में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पोषण पंचायत आयोजित की गई। विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, किशोरियों एवं उनके अभिभावकों को कुपोषण मुक्त पंचायत के लक्ष्य के साथ संतुलित आहार, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण के प्रति जागरूक किया गया। प्राथमिक विद्यालय हाथीपुर परिसर में पेड़ की छांव तले खुले वातावरण में आयोजित पोषण पंचायत में जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि कुपोषण कोई बीमारी नहीं, बल्कि जागरूकता की कमी का परिणाम है। इसका सीधा संबंध हमारी जीवनशैली और प्रकृति से है। यदि स्थानीय फल, मोटे अनाज, हरी सब्जियों तथा पारंपरिक पौष्टिक खाद्य पदार्थों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाया जाए तो कुपोषण और एनीमिया जैसी समस्याओं से प्रभावी बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि प्रकृति स्वस्थ होगी तो समाज भी स्वस्थ होगा। जिलाधिकारी ने महिलाओं से आह्वान किया कि वे पोषण पंचायत से प्राप्त जानकारी का अधिकतम लाभ उठाएं, शासन की पोषण एवं स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़ें तथा अपने परिवार और गांव को जागरूक करने में नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभाएं। प्रत्येक महिला पोषण अभियान की संदेशवाहक बने और कुपोषण मुक्त पंचायत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाए। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ हरिदत्त नेमी ने कहा कि गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों को नियमित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेना चाहिए।

समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण एवं पोषण संबंधी परामर्श अपनाकर एनीमिया एवं कुपोषण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य विभाग की सभी सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।

घर से बाहर सामान लेने निकली 9 वर्षीय बालिका लापता

कोंच(जालौन)- घर से बाहर सामान लेने निकली 9 वर्षीय बालिका के लापता हो जाने की घटना सामने आयी है। पीड़ित पिता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बेटी की सकुशल बरामदगी की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला गांधीनगर में सिंह वाहिनी मंदिर के समीप रहने वाले ख्यालीराम ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी बेटी सोनाक्षी (9) रामलला मंदिर के समीप एक संस्था के भवन में चलने वाली निःशुल्क कोचिंग में पढ़ने जाती थी लेकिन शुक्रवार को वह कोचिंग नहीं गई और पूरा दिन घर पर ही रही। उसी शाम वह घर से बाहर कुछ सामान लेने निकली थी जिसे पड़ोसियों ने भी जाते हुए देखा था लेकिन इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। आसपास काफी खोजबीन की लेकिन अब तक उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका है। पीड़ित पिता ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए बेटी की सकुशल बरामदगी की मांग पुलिस से की है। वहीं पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लापता बालिका की तलाश तेज कर दी है।

श्रीभूमि के सीवीपी हायर सेकेंडरी स्कूल में ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

श्रीभूमि : श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा सीवीपी हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का समापन समारोह गत 31 जुलाई को उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यशाला में भाग लेने वाले 99 विद्यार्थियों को जिला आयुक्त के हस्ताक्षरयुक्त प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। चित्रकला, नृत्य, संगीत सहित विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को यह प्रमाणपत्र दिया गया। समारोह में जिला परिषद सदस्य प्रणब मुखर्जी विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा असम प्रदेश समिति के सदस्य उमाशंकर बनिया, विद्यालय के प्राचार्य देवाशीष सिन्हा, सेवानिवृत्त प्राचार्य ब्रजगोपाल सिन्हा, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मृणाल कांति सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक शामिल थे। कार्यशाला में आशुतोष सिन्हा, रुहित दास और पीयूष सिन्हा ने प्रशिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। मुख्य संयोजक मनोरंजन सिन्हा (राणु) के संचालन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समारोह की शुरुआत दिवंगत नृत्यगुरु वीरेश्वर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक मिनट का मौन रखकर की गई। समापन समारोह में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों ने सभी प्रशिक्षकों, अभिभावकों, अतिथियों तथा स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया और सरकार की इस पहल को आगे बढ़ाने में अभिभावकों से निरंतर सहयोग की अपील की।

35 वर्ष की सेवा के बाद शिखा नेहरा सेवानिवृत्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चंडीगढ। पंजाब के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की संयुक्त निदेशक शिखा नेहरा 35 वर्ष की उत्कृष्ट एवं समर्पित सरकारी सेवा के बाद गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गईं। उनके सम्मान में विभाग की ओर से भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों तथा परिजनों ने उनके लंबे सेवाकाल और विभाग के प्रति योगदान को याद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। राज्य मीडिया प्रमुख बलतेज सिंह पन्नू ने कहा कि शिखा नेहरा ने पूरी सेवा अवधि में ईमानदारी, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ कार्य किया। उनका योगदान विभाग और आने वाली पीढ़ियों के जनसंपर्क अधिकारियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। मुख्यमंत्री के मीडिया ओएसडी अमनजोत सिंह ने उन्हें युवा अधिकारियों के लिए आदर्श बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने अनुभव और मार्गदर्शन से अनेक अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया। विभाग के विशेष सचिव-सह-निदेशक पुनीत गोयल ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कार्यकुशलता, विनम्र व्यवहार और जनसेवा के प्रति समर्पण को विभाग हमेशा याद रखेगा। उन्होंने उनके स्वस्थ, सुखद एवं सफल जीवन की कामना की। अपने विदाई संबोधन में शिखा नेहरा ने बताया कि उन्होंने वर्ष 1991 में सहायक जनसंपर्क अधिकारी के रूप में सेवा शुरू की थी। उन्होंने विभाग में तकनीकी बदलावों और जनसंपर्क के क्षेत्र में आए सकारात्मक परिवर्तनों को याद करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। समारोह के अंत में विभाग की ओर से शिखा नेहरा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप सचिव दीपांकर गर्ग, अतिरिक्त निदेशक रणदीप सिंह अहलूवालिया, संयुक्त निदेशक प्रीत कंवल सिंह, इशविंदर सिंह ग्रेवाल, मनविंदर सिंह, उपनिदेशक रशिम वर्मा, रुचि कालरा, नवदीप सिंह गिल, प्रभदीप सिंह, हाकम थापर, शेरजंग सिंह हुंदल, नरिंदर पाल सिंह जगदेव सहित विभाग के अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

नशे के खिलाफ राष्ट्रीय सम्मेलन आज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पटियाला। महाराजा भूपिंदर सिंह पंजाब खेल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) पुष्पिंदर सिंह गिल ने बताया कि पंजाब एवं हरियाणा के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया शुक्रवार को राजीव गांधी राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में आयोजित 'नशे के खिलाफ जंग' विषयक राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सम्मेलन में प्रो. अशीम कुमार घोष भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। प्रेसवार्ता में कुलपति ने बताया कि सम्मेलन का आयोजन महाराजा भूपिंदर सिंह पंजाब खेल विश्वविद्यालय, जगत गुरु नानक देव पंजाब राज्य मुक्त विश्वविद्यालय तथा पंजाबी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य नशे की बढ़ती समस्या पर गंभीर चर्चा करते हुए शिक्षा संस्थानों, विधिक जागरूकता, खेल, पुनर्वास और समाज की भागीदारी के माध्यम से प्रभावी रणनीति तैयार करना है। उन्होंने नशा मुक्ति अभियान में राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया की सक्रिय भूमिका की भी सराहना की। प्रो. गिल ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाने, निवारक शिक्षा को प्रोत्साहित करने, शोध को बढ़ावा देने तथा नशामुक्ति और पुनर्वास के प्रयासों को मजबूत करने की है। उन्होंने कहा कि खेल, विधिक शिक्षा, सामाजिक संगठनों, सरकारी एजेंसियों और स्थानीय समुदाय के सामूहिक प्रयासों से ही पंजाब को नशामुक्त, स्वस्थ और समृद्ध राज्य बनाया जा सकता है। इस अवसर पर सम्मेलन की प्रशासनिक सचिव डॉ. जसलीन केवलानी, डीन (शैक्षणिक) डॉ. नरेश कुमार वत्स, डीन (शोध) डॉ. कमलजीत कौर, प्रबंधन समिति के सदस्य एवं संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।

एमपी लीड फेलोशिप' के युवा प्रतिभागियों से केंद्रीय राज्य मंत्री निमुबेन बंभानिया का संवाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नई दिल्ली। राज्यसभा सांसद डॉ. अजीत गोपछड़े की अभिनव पहल 'एमपी लीड फेलोशिप' के अंतर्गत चयनित 40 युवा फेलो ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री श्रीमती निमुबेन जयंतिभाई बंभानिया से उनके सरकारी आवास पर औपचारिक एवं विचारोत्तेजक संवाद किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के प्रतिभाशाली युवाओं को संसदीय प्रक्रियाओं, प्रशासनिक कार्यप्रणाली, सुशासन तथा लोक नीति निर्माण की व्यावहारिक समझ प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य में राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में प्रभावी भूमिका निभा सकें। संवाद के दौरान युवा फेलो ने महिला नेतृत्व, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस), पारदर्शी शासन, लोक नीति, आपदा प्रबंधन तथा विकसित भारत-2047 के विज़न से जुड़े अनेक विषयों पर केंद्रीय राज्य मंत्री से सवाल पूछे। श्रीमती बंभानिया ने अपने सार्वजनिक जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि राजनीति केवल पद या प्रतिष्ठा प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याण की योजनाएं पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि जनसेवा में ईमानदारी, पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जनता का विश्वास सबसे बड़ी पूंजी है। महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता एक मजबूत और समृद्ध समाज की आधारशिला है। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों तथा 'लखपति दीदी' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों ने देशभर में लाखों महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे निरंतर सीखने की भावना बनाए रखें और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें। सार्वजनिक जीवन में आने के इच्छुक युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शुरुआती वर्षों में अधिक सुनना, सीखना और समाज के बीच रहकर लोगों की समस्याओं को समझना सबसे आवश्यक है। उन्होंने सलाह दी कि किसी भी विषय पर अपनी राय तथ्यों के आधार पर रखें तथा समय प्रबंधन को अपनी कार्यशैली का अभिन्न हिस्सा बनाएं। उनके अनुसार समय का सदुपयोग और कठिन परिस्थितियों में संयमित निर्णय लेने की क्षमता ही सफल नेतृत्व की वास्तविक पहचान है। निर्णय लेने की प्रक्रिया पर चर्चा करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में निर्णय लेते समय पहली प्राथमिकता जनहित, दूसरी नैतिक मूल्यों का पालन और तीसरी व्यावहारिक परिस्थितियों का समुचित आकलन होना चाहिए। उन्होंने कोविड-19 महामारी का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत ने इन्हीं सिद्धांतों के आधार पर समयबद्ध और प्रभावी निर्णय लेकर चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सफलतापूर्वक सामना किया। खाद्य सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के विषय पर उन्होंने कहा कि किसी भी संकट की स्थिति में गरीबों का राशन नहीं रुकना चाहिए। उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में तीन माह का अग्रिम राशन उपलब्ध कराया जाता है।

इसके अलावा जम्मू-कश्मीर, असम सहित अन्य आपदा प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकता पड़ने पर वैकल्पिक माध्यमों से भी खाद्यान्न पहुंचाने की व्यवस्था की जाती है, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी वंचित न रहे। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए किए गए सुधारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि आधार आधारित ई-पॉस उपकरण, 'वन नेशन, वन राशन कार्ड', 'आशा पोर्टल' तथा 'मेरा राशन' मोबाइल ऐप जैसी पहलों ने राशन वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और लाभार्थी-केंद्रित बनाया है। उन्होंने कहा कि इन तकनीकी सुधारों से फर्जीवाड़े पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है और शिकायतों के त्वरित समाधान में भी सहायता मिली है। उनके अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र

मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई 'वन नेशन, वन राशन कार्ड' योजना देश की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण पहल साबित हुई है। विकसित भारत-2047 के विज़न पर अपने विचार रखते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2047 तक भारत की सार्वजनिक वितरण प्रणाली पारदर्शिता, आधुनिक तकनीक, विश्वास और सेवाभाव के आधार पर दुनिया के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित होगी। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉ. अजीत गोपछड़े ने कहा कि 'एमपी लीड फेलोशिप' का उद्देश्य युवाओं को नीति-निर्माण की प्रक्रिया, संसदीय कार्यप्रणाली और शीर्ष नेतृत्व की कार्यशैली को निकट से समझने तथा सीखने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के संवाद युवाओं को प्रेरित करेंगे और वे विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय एवं प्रभावी भूमिका निभाएंगे।

दिल्ली पुलिस मुख्यालय में पिपिंग सेरेमनी आयोजित

सेवानिवृत्त 202 पुलिसकर्मियों को प्रदान की गई मानद पदोन्नति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस मुख्यालय स्थित आदर्श ऑडिटोरियम में शुक्रवार को भव्य पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति के दिन 202 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवाकाल के सम्मान स्वरूप अगले उच्च पद की मानद पदोन्नति (ऑनरेरी रैंक) प्रदान की गई। समारोह की अध्यक्षता दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार (आईपीएस) ने की। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर कांस्टेबल से लेकर उपनिरीक्षक (सब-इंस्पेक्टर) तक के सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को अगले उच्च पद के बैज पहनाकर सम्मानित किया।अपने संबोधन में पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार ने सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस और देश की सेवा में उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा अत्यंत चुनौतीपूर्ण और जिम्मेदारी भरा कार्य है, जहां हर दिन नई परिस्थितियों और कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद इन अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरे सेवाकाल में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, दक्षता और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्य के कारण अक्सर परिवार को पर्याप्त समय नहीं दे पाना पड़ता है। ऐसे में उनके परिवारों का सहयोग, धैर्य और त्याग भी उतना ही महत्वपूर्ण है। पुलिस आयुक्त ने सभी परिजनों का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग के बिना पुलिसकर्मी अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन नहीं कर सकते थे। पुलिस आयुक्त ने सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि अब उन्हें अपने जीवन के उन सपनों, रुचियों और व्यक्तिगत आकांक्षाओं को पूरा करने का अवसर मिलेगा, जिन्हें व्यस्त सेवाकाल के दौरान समय के अभाव में पूरा नहीं किया जा सका। उन्होंने आश्वस्त किया कि सेवानिवृत्ति के बाद भी वे दिल्ली पुलिस परिवार का अभिन्न हिस्सा रहेंगे और आवश्यकता पड़ने पर संगठन हर संभव सहयोग के लिए उनके साथ खड़ा रहेगा। समारोह के दौरान कुल 202 पुलिसकर्मियों को मानद पदोन्नति प्रदान की गई। इनमें हेड कांस्टेबल से सहायक उपनिरी

राजकुमार वानखेड़े ने ग्रहण किया उत्तर मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक का पदभार

दया शंकर त्रिपाठी

ब्यूरो प्रयागराज। राजकुमार वानखेड़े 1990 बैच के आई. आर. एस. ई. अधिकारी हैं। उन्होंने गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग, औरंगाबाद से बीई (सिविल) और आईआईटी-मुंबई से एम टेक किया है। उन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए कई डिवीज़न और ज़ोनल रेलवे में काम किया है, जिनमें पश्चिमी रेलवे के रतलाम और वड़ोदरा डिवीज़न, दक्षिण मध्य रेलवे का नांदेड़ डिवीज़न, पश्चिम रेलवे, मध्य रेलवे और उत्तर मध्य रेलवे के निर्माण संगठन, RITES, नागपुर मेट्रो आदि शामिल हैं। डिवीज़न में काम करते हुए उनका संरक्षा रिकॉर्ड बेहतरीन रहा है। उन्होंने सुरंगों और गहरी कटिंग (deep cuttings) के लिए

कई नए और बेहतर सुरक्षा/मजबूतीकरण के काम किए, राजधानी रूट पर गति बढ़ाने के उपाय किए, और लंबे समय की सुरक्षा और नीतिगत पहलों (जैसे अतिक्रमण हटाना) के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए। उन्हें पश्चिम रेलवे, मध्य रेलवे और उत्तर मध्य रेलवे के निर्माण क्षेत्र में व्यापक अनुभव है। पश्चिम रेलवे के निर्माण क्षेत्र में काम करते हुए, उन्होंने EPC कॉन्ट्रैक्ट, कंसल्टेंसी कॉन्ट्रैक्ट शुरू करने और स्थापित करने तथा तेज़ी से ज़मीन अधिग्रहण करने में अहम भूमिका निभाई। निर्माण संगठन में, उन्होंने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्यों में नई लाइन/दोहरीकरण/मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स के तहत सुरंगों और कई महत्वपूर्ण/बड़े पुलों का निर्माण किया। उन्हें ट्रैक, पुलों और सुरंगों के एसेट मैनेजमेंट का अच्छा अनुभव है, साथ ही नागपुर मेट्रो के प्रोजेक्ट हेड के तौर पर मेट्रो निर्माण का भी गहरा अनुभव है। पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे में बड़ी आपदाओं के बावजूद, एसेट मैनेजमेंट, क्षमता निर्माण और सुधार, तथा आपदाओं के समय तेज़ी से प्रतिक्रिया देने और उन्हें कम करने में उनका ट्रैक रिकॉर्ड शानदार रहा है। वे एक कुशल पेशेवर हैं जिनकी समझ बहुत अच्छी है और उन्हें आईआईटी-मुंबई से एम टेक (स्ट्रक्चर) की योग्यता हासिल है। 36 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ, उन्होंने रेलवे, निर्माण, मेट्रो और भारतीय रेलवे में अन्य प्रशासनिक पदों पर काम करते हुए विभिन्न क्षेत्रों और विभागों में अपनी कुशलता साबित की है।

सावन में निशान चढ़ाकर लौट रहे तीन कांवड़ियों को रोडवेज बस ने मारी टक्कर, तीनों गंभीर घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। सावन माह में निशान चढ़ाकर घर लौट रहे तीन बाइक सवार श्रद्धालु सड़क हादसे का शिकार हो गए। फाफामऊ की ओर लौटते समय तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही थरवई थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय (एसआरएन अस्पताल) भेजा, जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार घायलों की

हालत गंभीर बनी हुई है और उनका उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार घायलों की पहचान दीपक कुमार (32 वर्ष), संतोष कुमार और चवन्नी लाल के रूप में हुई है। तीनों प्रयागराज के थाना नवाबगंज क्षेत्र के रेरुवा गांव के निवासी हैं। बताया जा रहा है कि तीनों युवक सावन के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान के तहत निशान चढ़ाकर बाइक से अपने गांव लौट रहे थे, तभी रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया।

संत रविदास जयंती पर निकली भव्य कलश यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी, प्रयागराज। संत शिरोमणि परम पूज्य गुरु रविदास जी की जयंती के पावन अवसर पर शनिवार को नैनी क्षेत्र के सब्जीमंडी चौराहे से भाजपा नैनी मंडल के तत्वावधान में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी तथा पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा एवं पैदल शोभायात्रा निकाली।यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लेकर संत रविदास जी के बताए समरसता, समानता और सामाजिक सद्भाव के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में भाजपा नैनी मंडल अध्यक्ष रजत दुबे, चाका मंडल

अध्यक्ष राकेश पटेल, पार्षद संजय पासवान, पार्षद बलराज पटेल, पार्षद अनुप, पार्षद रणविजय सिंह, राकेश जायसवाल, नामित पार्षद दिलीप केसरवानी, महामंत्री ओमप्रकाश मिश्रा,पुर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष नरसिंह,जय कृष्ण तिवारी, दिनेश पटेल,समर सिंह, कृष्णा केसरवानी, श्याम मिश्रा, पार्षद महेवा मुन्ना, योगेश सिंह, घनश्याम जायसवाल, आकाश जायसवाल, नीलम यादव, कुलदीप सहित हजारों श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, मेजा का किया आकस्मिक निरीक्षण

विद्यालय की शैक्षणिक, आवासीय एवं आधारभूत व्यवस्थाओं का लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी

ब्यूरो प्रयागराज। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) उपमा पाण्डेय ने शनिवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, मेजा, प्रयागराज का आकस्मिक निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक, आवासीय एवं आधारभूत व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय भवन, स्मार्ट कक्षाओं, खेल मैदान, छात्रावास, मेस तथा मल्टी स्किल लैब का अवलोकन करते हुए उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, दैनिक दिनचर्या एवं विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी

ली, साथ ही विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों से भी विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने विद्यालय प्रशासन को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छता, अनुशासन, सुरक्षा तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमार्ग से विद्यालय के पंहुच मार्ग की मरम्मत कराए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य अभिषेक श्रीवास्तव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पप्पू यादव के खिलाफ विश्व हिन्दू रक्षा परिषद का प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित पत्थर गिरजाघर धरना स्थल पर शनिवार को विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं ने सांसद पप्पू यादव के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सांसद का पुतला फूंककर अपना आक्रोश व्यक्त किया और केंद्र सरकार

व प्रशासन से उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय पदाधिकारी पंकज प्रधान के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में परिषद के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि सांसद पप्पू यादव द्वारा धर्म संसद के समक्ष भगवान श्रीराम की तस्वीर को अयोध्या के सांसद के चरणों में रखवाना सनातन धर्म और करोड़ों हिंदुओं की आस्था का अपमान है। परिषद का कहना है कि इस घटना से साधु-संतों एवं सनातन धर्म के अनुयायियों की धार्मिक भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं।

न्यूरिया पुलिस की शिथिलता पर राज्यमंत्री के प्रतिनिधि ने लिया एक्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पीलीभीत। सूबे के राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि व युवा व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने थाना न्यूरिया पुलिस के कुर्कशुदा भूमि पर जबरन कब्जा करने वाले भूमाफिया के साथ संबंधों पर प्रश्नचिन्ह लगाया है। सर्वविदित है कि सूबे की योगी सरकार के भूमाफियाओं और अवैध कब्जे के खिलाफ सख्त रुख के बावजूद कुर्कशुदा जमीन पर भू-माफियाओं द्वारा किए गए अवैध कब्जे और तहसीलदार की रिपोर्ट में अपराध सिद्ध होने के बावजूद रिसीवर की शिकायत के बाद भी एफआईआर दर्ज न होने पर, उन्होंने अपने अधिवक्ता नीलेश चतुर्वेदी के माध्यम से सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अपर पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले में जवाब मांगा है। पूरा मामला थाना न्यूरिया क्षेत्र के अंतर्गत कुर्क की गई एक भूमि से जुड़ा है, जिसकी फर्जी वसीयत बनाकर कुछ लोगों से इसे हड़पने का प्रयास किया और एक बिना मां बाप की बेटी को उसकी पैतृक संपत्ति से बेदखल करने का षड्यंत्र रचा। जिसके बाद सीमा विवाद के चलते जहां उप जिला मजिस्ट्रेट अमरिया ने उक्त भूमि और उसके साथ लगती विवादित भूमि को 2 फरवरी 2026 को कुर्क कर 4 अप्रैल 2026 में ही थाना न्यूरिया को मौके पर रिसीवर को कब्जा देने, उक्त विवादित भूमि के संरक्षण में सहायता करने, अवांछित गतिविधि रोकने, शांति व्यवस्था बनाए रखने का सख्त निर्देश दिया था। इसके बाद, न्यायालय द्वारा नियुक्त सरकारी रिसीवर ग्राम प्रधान ममता देवी ने 11 जून 2026 में थाने में लिखित शिकायत दी कि विपक्षी प्रणव भसीन आदि द्वारा कुर्कशुदा भूमि पर जबरन ट्रैक्टर चलाकर कब्जा किया जा रहा है और विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। मामले की जांच में 17 जुलाई 2026 को तहसीलदार अमरिया ने भी जिलाधिकारी को भेजी रिपोर्ट में प्रमाणित किया कि भूमाफिया प्रणव भसीन द्वारा कुर्क की गई भूमि पर बिना न्यायालय की अनुमति के कृषि कार्य किया गया है।

तहसील दिवस के 51 मामलों की डीएम ने कराई जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी

ब्यूरो प्रयागराज । तहसील बारा, प्रयागराज में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी, प्रयागराज द्वारा विगत तहसील दिवस के निस्तारित प्रकरणों में से रैण्डम आधार पर 51 निस्तारित प्रकरणों का परीक्षण 17 जिला स्तरीय अधिकारियों से कराया गया, जिसमें 24 ऐसे प्रकरण पाये गये जो जिला स्तरीय अधिकारियों के परीक्षण में शिकायतकर्ताओं से असंतोषजनक फीडबैक प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी के निर्देश के कम में सतही आख्या प्रस्तुत करने वाले कार्मिकों को प्रतिकूल प्रविष्टि एवं संतोषजनक आख्या न प्रस्तुत करने वाले कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस व चेतावनी निर्गत किये जाने के निर्देश दिये गये है। अनिल कुमार सिंह, लेखपाल-कारण बताओ नोटिस, श्गवन्त सिंह, उप खण्ड अधिकारी विद्युत विभाग शंकरगढ-कारण बताओ नोटिस, शिखा सिंह लेखपाल, तहसील बारा-कारण बताओ नोटिस, विपिन कुमार यादव लेखपाल, तहसील बारा-प्रतिकूल प्रविष्टि, अब्दुल कादिर सिद्दकी लेखपाल, तहसील बारा-प्रतिकूल प्रविष्टि, नरेन्द्र वर्मा, एस0डी0ओ0 विद्युत विभाग-कारण बताओ नोटिस, कृष्ण प्रताप सिंह ग्राम विकास अधिकारी, शंकरगढ-प्रतिकूल प्रविष्टि, भुवनेश पाण्डेय, लेखपाल तहसील बारा-प्रतिकूल प्रविष्टि, आरीफ, लेखपाल तहसील बारा-प्रतिकूल प्रविष्टि, कृष्ण कुमार, अवर अभियन्ता (लघु सिंचाई)-कारण बताओं नोटिस, टीकम सिंह, उ0नि0 थाना बारा-प्रतिकूल प्रविष्टि, गंगा प्रसाद, लेखपाल तहसील बारा-चेतावनी, शेखर सिंह, लेखपाल, तहसील बारा-चेतावनी, नागेन्द्र प्रसाद मिश्रा, लेखपाल, तहसील बारा-चेतावनी, मनोज कुमार, सहायक विकास अधिकारी, (सां0)-चेतावनी, कैलाश मिश्रा, लेखपाल तहसील बारा-कारण बताओं

24 प्रकरणों में शिकायतकर्ताओं से असंतोषजनक फीडबैक प्राप्त होने पर सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के विरूद्ध की गयी कार्रवाई

नोटिस, । देवेन्द्र देव उप निरीक्षक थाना शंकरगढ-कारण बताओं नोटिस, प्रदीप कुमार सिंह, अधि0अभि0 बाघला नहर प्रखण्ड-चेतावनी, तारकेश्वर पाण्डेय, लेखपाल, तहसील बारा-चेतावनी एवं विपिन कुमार यादव, लेखपाल तहसील बारा को प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गयी।

बाग की झाड़ियों में मिला 22 वर्षीय अज्ञात युवक का शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। मऊआइमा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब तिलक का पूरा गांव स्थित एक बाग की झाड़ियों में लगभग 22 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की जानकारी मऊआइमा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में युवक के शरीर पर कई चोटों के निशान मिले हैं, जिससे उसकी हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ भी की। पुलिस ने शव

को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। उसकी उम्र करीब 22 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों का मिलान करने के साथ-साथ मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है तथा स्थानीय लोगों से पूछताछ कर युवक की पहचान और घटना के संबंध में सुराग जुटाए जा रहे हैं।

पारिवारिक कलह का खौफनाक अंत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पूरनपुर (पीलीभीत)। ससुराल में रह रहे पति और पत्नी के बीच का विवाद इस कदर बढ़ा कि एक हंसता-खेलता परिवार पल भर में उजड़ गया। यहां घर जमाई बनकर रह रहे पति की पत्नी ने गला घोट कर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने हत्यारोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। थाना माधोटांडा क्षेत्र के लोहरपुरी गांव में पारिवारिक क्लेश के चलते पत्नी ने ही अपने पति की गला दबाकर बेरहमी से हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार चितरपुर गांव निवासी उमाशंकर पुत्र श्रीकृष्णा पिछले कुछ समय से अपने गांव के बजाय अपनी ससुराल लोहरपुरी में घर-

जमाई के रूप में रह रहा था। बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में ससुराल के ही घर में उमाशंकर का शव मिला। पुलिस की शुरुआती जांच और पूछताछ में यह बात सामने आई है कि पति-पत्नी के बीच आपस में गहरा विवाद हुआ था, जिसके बाद पत्नी ममता उर्फ सीमा ने पति का गला दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। स्थानीय ग्रामीणों और सूत्रों के मुताबिक, आरोपी महिला ममता उर्फ सीमा ने उमाशंकर से पहले गुजरात के किसी व्यक्ति से कोर्ट मैरिज की थी। बाद में वह उमाशंकर के संपर्क में आई। पुलिस अब महिला के इस आपराधिक और व्यक्तिगत बैकग्राउंड की भी पड़ताल कर रही है, ताकि हत्या के असली कारणों का पता लगाया जा सके। इस दिल दहला देने वाली वारदात ने दो छोटे-छोटे मासूम बच्चों–विकास और गीता–को पूरी तरह अनाथ कर दिया है। पिता की हत्या और मां के जेल चले जाने के बाद दोनों मासूमों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कावड़ यात्रा पर यातायात व्यवस्था केमुख्य मार्गो का डीसीपी ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। आज पुलिस उपायुक्त गंगानगर द्वारा श्रावण मास कॉवड़ यात्रा-2026 को सुरक्षित/सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत विभिन्न घाटों/ मार्गो/ चौराहों पर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु निरीक्षण कर कावड़ यात्रियों

के आवागमन के मुख्य मार्ग में पड़ने वाले प्रमुख मंदिरों की व्यवस्था, कावड़ यात्रियों की सुरक्षा हेतु किए गए प्रबंध, कावड़ यात्रियों के आश्रय स्थल तथा विश्राम स्थल, बैरीकेटिंग व फोर्स डिप्लॉयमेंट का भी अवलोकन किया गया । निरीक्षण के दौरान संबंधित स्थानों पर ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों को यातायात सुगमता, सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त झूंसी/थरवई मौजूद रहें ।

समाधान दिवस में 539 मामले, 14 का मौके पर निस्तारण

जिलाधिकारी ने समाधान दिवस बारा में आयी शिकायतों को गुणवाापूर्वक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के दिए निर्देश।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील बारा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए निर्देशित किया कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के लिए निर्देशित किया है। इस अवसर पर तहसील परिसर में बेसिक शिक्षा विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उद्यमिता विकास केन्द्र सहित विभिन्न विभागों के द्वारा उनसे सम्बंधितं कार्यक्रमों एवं योजनाओं के बारे में लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन करते हुए जानकारी प्राप्त की एवं

सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए पात्र लोगो को योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने हेतु निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने तहसील में पोषण अभियान के अन्तर्गत 2 महिलाओं- मीरा देवी व श्रीमती प्रीति की गोदभराई एवं 3 बच्चों- रियांशी, रूद्र व आरूशी का अन्नप्राशन भी कराया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसमस्याओं को सुनते हुए राजस्व, पुलिस एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को प्रकरण की जमीनी स्तर पर जांच कर शिकायतों को गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने एवं प्रार्थनापत्रों की समयबद्ध जांच, कार्रवाई एवं समस्याओं के निस्तारण में विलम्ब होने पर सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील बारा में कुल 539 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें राजस्व विभाग से सम्बंधित 212, पुलिस विभाग 175, चिकित्सा-02, खाद्य एवं रसद-25, जल निगम-5, नलकूप-3, लोकनिर्माण-10, विद्युत-30, सिंचाई-5, शिक्षा-2, विकास विभाग-55, कृषि-2, समाज कल्याण-10, वन विभाग की 03 थी, जिनमें से 14 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर डीसीपी यमुनागर विवेक चन्द्र यादव, अपर जिलाधिकारी आपूर्ति विजय शर्मा, उपजिलाधिकारी बारा शिखा शंखवार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जनसमस्याओं की आवाज़ उठाने से पहले भीम आर्मी जिलाध्यक्ष हाउस अरेस्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पीलीभीत। जन समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिलाध्यक्ष झारखंड के राज्यपाल के पास जा रहे थे। आरोप है कि इस बात की जानकारी मिलते ही पुलिस ने उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया। पुलिस के इस कृत्य को लेकर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष ने इसे लोकतंत्र की हत्या और संवैधानिक और मौलिक अधिकारों पर हमला बताया है।

भीम आर्मी भारत एकता मिशन पीलीभीत के जिलाध्यक्ष सौरभ भारतीय ने शनिवार आरोप लगाया है कि ग्राम पुरैना में प्रस्तावित पुल निर्माण सहित क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के समक्ष उठाने के लिए जाने से पहले ही पुलिस और

प्रशासन ने उन्हें हाउस अरेस्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की समस्याओं को शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से उठाना प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है, लेकिन जनहित के मुद्दे रखने से पहले ही किसी सामाजिक कार्यकर्ता को नजरबंद करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सवाल खड़ा करता है। सौरभ भारतीय ने उत्तर प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन के रवैये की आलोचना करते हुए कहा कि क्षेत्र में पुल निर्माण, जर्जर सड़कें, पेयजल, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी समस्याएं वर्षों से लंबित हैं। उनका दावा है कि इन मुद्दों पर ध्यान न दिए जाने के कारण वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में बरेली और पीलीभीत की करीब एक दर्जन ग्राम पंचायतों ने चुनाव का बहिष्कार भी किया था। उन्होंने कहा कि भीम आर्मी भारत एकता मिशन संविधान और कानून में विश्वास रखते हुए जनहित के मुद्दों पर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा।

श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक

पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को दिया गया प्रभावी निर्देश।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी

ब्यूरो प्रयागराज। पुलिस आयुक्त प्रयागराज पीयूष मोर्डिया की अध्यक्षता में अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ0 अजय पाल शर्मा, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय विजय ढुल, के साथ रिजर्व पुलिस लाइन्स में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण व श्रावण मास/कांवड़ यात्रा के सम्बन्ध में गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी में जिले के समस्त पुलिस उपायुक्त, समस्त सहायक पुलिस आयुक्त, समस्त थाना प्रभारी एवं पुलिस की विभिन्न शाखाओं के प्रभारी भी भाग लिए जिन्हें कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने और कावड़ यात्रा को लेकर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। ड्यूटी में लगे पुलिस बल द्वारा कांवड़ियों के साथ सौम्य व्यवहार किया जाये, एवं उनका सहयोग किया जाये यात्रा मार्गों पर साइन बोर्ड लगाये जाये जिससे कांवड़ियों को अपने गंतव्य तक

पहुंचने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कांवड़ यात्रा के मार्गों का निरीक्षण/भ्रमण निरंतर करते रहें। डिवाइडर के मध्य में यदि कहीं पर अवैध कट हो तो उसे तत्काल बंद किया जाये। यात्रा मार्ग पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाये एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम, सीसीटीवी, ड्रोन इत्यादि के माध्यम से कांवड़ मार्गों की सतत निगरानी करते हुये कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। यात्रा के दौरान कांवड़ियों द्वारा लाउडस्पीकर का प्रयोग निर्धारित ध्वनि सीमा में ही किया जाये। घाटों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाये एवं सतत निरीक्षण सुनिश्चित किया जाये। तैनात पुलिस बल द्वारा पब्लिक एड्रेस सिस्टम से निरंतर आवश्यक निर्देश दिये जाते रहें एवं जगह-जगह पर आवश्यकतानुसार साइन बोर्ड/फ्लोटिंग बैरियर लगाये जायें। अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा यात्रा मार्ग में पड़ने वाले शिविर, विश्राम गृहों का भ्रमण कर व्यवस्थापन का निरीक्षण कर लिया जाये। निर्देशित किया गया कि यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत रूट डायवर्जन के सम्बन्ध में ट्रक एसोसिएशनों से वार्ता कर ली जाये एवं एवं डायवर्जन प्वाइंट एवं पेट्रोल पंप/ढाबों पर रूट डायवर्जन के सम्बन्ध में साइन बोर्ड लगाये जाये जिससे कि कोई भी वाहन कांवड़ यात्रा मार्ग पर न आ सके। आयुक्त द्वारा थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले आगंतुकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना जाये एवं शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। पुलिस द्वारा आगंतुकों के साथ सौम्य व्यवहार किया जाये। समस्त सहायक पुलिस आयुक्त/थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में स्थित बाजार व भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर नियमित पैदल गश्त व संदिग्धों की चेकिंग करना सुनिश्चित करें।

इमरजेंसी में देवरस ने इंदिरा को पत्र लिखकर संघ से प्रतिबंध हटाने का किया था आग्रह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

राज्यसभा में कांग्रेस के मुय सचेतक जयराम रमेश ने सभापति को लिखे पत्र के साथ देवरस द्वारा इंदिरा गांधी को लिखे गए पत्रों की प्रमाणित प्रतियां भी भेजीं। रमेश ने अपने पत्र में कहा, ''कल शाम मैंने संसदीय कार्य मंत्री के एक बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। बीजेपी सांसदों ने मेरे उस दावे का प्रमाण मांगा था कि आरएसएस प्रमुख ने आपातकाल के समर्थन में इंदिरा गांधी को पत्र लिखा था।' उन्होंने कहा, ''मैं अभिलेख के लिए अपना सत्यापन संलग्न कर रहा हूं।

नई दिल्ली/ प्रयागराज। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन को पत्र लिखकर उच्च सदन में उनके द्वारा किए गए उस दावे को सत्यापित करने के लिए प्रमाण उपलब्ध कराया, जिसमें उन्होंने कहा था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के तत्कालीन सरसंघचालक मधुकर दत्तात्रेय देवरस ने संघ पर लगा प्रतिबंध हटाने का आग्रह करते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को पत्र लिखा था। राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने सभापति को लिखे पत्र के साथ देवरस द्वारा इंदिरा गांधी को लिखे गए पत्रों की प्रमाणित प्रतियां भी भेजीं। रमेश ने अपने पत्र में कहा, ''कल शाम मैंने संसदीय कार्य मंत्री के एक बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। बीजेपी सांसदों ने मेरे उस दावे का प्रमाण मांगा था कि आरएसएस प्रमुख ने आपातकाल के समर्थन में इंदिरा गांधी को पत्र लिखा था।' उन्होंने कहा, ''मैं अभिलेख के लिए अपना सत्यापन संलग्न कर रहा हूं। इसमें इंदिरा गांधी को लिखे गए दो पत्र और आचार्य विनोबा भावे को लिखा गया एक पत्र शामिल है।'' रमेश ने ब्रह्म दत्त की पुस्तक 'फाइव हेडेड मॉन्स्टर: ए फैक्चुअल नैरेटिव ऑफ द जेनेसिस ऑफ जनता पार्टी' का भी हवाला दिया है। इस पुस्तक में वर्ष 1975 में पुणे की यरवदा केंद्रीय कारागार से देवरस द्वारा इंदिरा गांधी को लिखे गए दो पत्रों का उल्लेख है। पुस्तक के अनुसार, इन पत्रों में देवरस ने इंदिरा गांधी से आरएसएस पर लगा प्रतिबंध हटाने का आग्रह किया था और संघ के बारे में व्याप्त ''भ्रम'' दूर करने का प्रयास किया था। उन्होंने दावा किया था कि संघ देशभर में विकास कार्यों में लगा हुआ है। पुस्तक में यह भी कहा गया है कि संघ का बिहार या गुजरात के किसी आंदोलन, जिसमें जयप्रकाश नारायण का आंदोलन भी शामिल है, से कोई संबंध नहीं था। रमेश के अनुसार, आचार्य विनोबा भावे को लिखे एक अन्य पत्र में देवरस ने उनसे आग्रह किया था कि वह प्रधानमंत्री के मन में संघ के बारे में बनी गलत धारणा दूर करें, ताकि संघ के स्वयंसेवकों को जेल से रिहा किया जा सके और वे देश के विकास कार्यों में भाग ले सकें। पुस्तक में कहा गया है कि विनोबा भावे को यह पत्र मुंबई के सेंट जोसिस अस्पताल के जेल वार्ड से लिखा गया था। रमेश ने यह भी दावा किया कि इंदिरा गांधी को लिखे गए एक पत्र में देवरस ने उच्चतम न्यायालय के पांच न्यायाधीशों द्वारा उनके निर्वाचन की वैधता बरकरार रखे जाने पर उन्हें बधाई भी दी थी।

खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जसरा ब्लॉक में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, प्रयागराज ने शनिवार कोजसरा ब्लॉक में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण युवाओं, महिलाओं एवं स्वरोजगार के इच्छुक लोगों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजीत कुमार उर्फ़ पप्पू सिंह ब्लॉक प्रमुख जसरा मौजूद थे। इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जवाहर लाल ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी तथा आवेदन प्रक्रिया, पात्रता एवं लाभ प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया से भी के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP), मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटीकला ग्रामोद्योग रोजगार योजना तथा माटीकला टूल्सकिट योजना सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के

लिए लाभार्थियों का मार्गदर्शन भी किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी, प्रयागराज मण्डल द्वारा किया गया, जिसमें अधिक से अधिक ग्रामीण युवा, महिलाएं और बेरोजगार अभ्यर्थी कार्यक्रम में शामिल हुए। रोजगारपरक योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी जवाहर लाल, सुनील कुमार, जेई जसरा सुनील कुमार पटेल, हिमांशु यादव, अभिषेक त्रिपाठी एवं महेश,राम लाल, त्रिभुवन नाथ पटेल सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

आरआरबी की लेवल-1 भर्ती परीक्षा को लेकर रेलवे की तैयारियां पूर्ण

सीसीटीवी निगरानी और आरपीएफ जवानों की रहेगी पैनी नजर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज । भारतीय रेलवे द्वारा स्तर-1 के कुल 22,195 पदों पर भर्ती के लिए आयोजित की जाने वाली कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु उत्तर मध्य रेलवे तथा रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) प्रयागराज द्वारा व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह विस्तृत परीक्षा 03 अगस्त से 25 अगस्त 2026 तक कुल 16 परीक्षा दिवसों में 48 पारियों (Shifts) में आयोजित की जाएगी। इस राष्ट्रव्यापी परीक्षा अभियान में देशभर के 144 शहरों में स्थित 335 परीक्षा केंद्रों पर 52,39,620 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। आरआरबी/प्रयागराज के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत यह परीक्षा कुल 28 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न कराई जाएगी। इनमें से उत्तर प्रदेश के विभिन्न प्रमुख शहरों-प्रयागराज, कानपुर, अलीगढ़, आगरा, झांसी और मुरादाबाद-में 25 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जबकि शेष 03 केंद्र उत्तराखंड के रुड़की और देहरादून शहरों में बनाए गए हैं। इस व्यापक भर्ती अभियान के माध्यम से उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मंडलों एवं वर्कशॉप में 09 श्रेणियों के अंतर्गत कुल 1,183 रिक्त पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

विभिन्न मंडलों के अंतर्गत परीक्षा केंद्रों और वहां तैनात किए जाने वाले रेलवे समन्वयकों (Officers) का विस्तृत विवरण इस प्रकार है:

प्रयागराज मंडलः प्रयागराज मंडल के तहत प्रयागराज शहर में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां व्यवस्था और पर्यवेक्षण के लिए 16 आवश्यक रेलवे समन्वयकों (अधिकारियों) को तैनात किया गया है। इसी मंडल के कानपुर नगर में 04 परीक्षा केंद्र स्थापित हैं, जिनके लिए 07 रेलवे समन्वयक नियुक्त किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, अलीगढ़ में 02 परीक्षा केंद्रों के सफल संचालन हेतु 04 रेलवे समन्वयकों की ड्यूटी लगाई गई है।

आगरा मंडलः आगरा मंडल के आगरा शहर में कुल 07 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 13 रेलवे समन्वयकों (अधिकारियों) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। झाँसी मंडलः झाँसी मंडल के झाँसी शहर में 01 परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जिसके पर्यवेक्षण के लिए 02 आवश्यक रेलवे समन्वयकों की तैनाती की गई है। परीक्षा को बिना किसी बाधा के और शत-प्रतिशत पारदर्शिता के साथ आयोजित करने के लिए निम्नलिखित विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं:

1. अधिकारियों की केंद्र समन्वयक के रूप में तैनातीः परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर 1 रेलवे अधिकारी को केंद्र समन्वयक (Centre Coordinator) के रूप में तैनात किया गया है, जबकि बड़े परीक्षा केंद्रों पर 2-2 अधिकारियों की तैनाती की गई है।

2. पर्याप्त कर्मचारी बलः अभ्यर्थियों की सहायता, चेकिंग एवं परीक्षा प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए 1:100 के अनुपात में कर्मचारियों को तैनात किया गया है (अर्थात प्रति 100 अभ्यर्थियों पर 1 कर्मचारी)। 3. कंट्रोल रूम एवं 100% CCTV कवरेजः संपूर्ण परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी (CCTV) कैमरों की सीधी निगरानी में रखा जाएगा। कंट्रोल रूम के संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए पर्याप्त संख्या में रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है।

सड़क पार कर रही महिला को स्कूटी ने मारी टक्कर, गंभीर घायल

निगोहां, लखनऊ। निगोहां कस्बे में सड़क पार कर रही एक महिला को तेज रफ्तार स्कूटी ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद चालक स्कूटी समेत मौके से फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात स्कूटी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

करनपुर निवासी रोशनलाल पुत्र स्वर्गीय शाहबदीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पत्नी कुशमा देवी शुक्रवार को निगोहां स्थित हीरो होंडा एजेंसी के सामने सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान लखनऊ की ओर से तेज गति और लापरवाही से आ रही एक अज्ञात स्कूटी ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कुशमा देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

मोबाइल छीनकर भागे बाइक सवार बदमाश, तीन संदिग्ध हिरासत में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में बाइक सवार तीन बदमाश एक युवक से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मामले में तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। पुलिस के मुताबिक आदर्श नगर, उन्नाव निवासी विवेक शुक्ला, जो वर्तमान में भागूखेड़ा गांव में रह रहे हैं, ने तहरीर देकर बताया कि बुधवार देर रात वह सड़क पर चलते हुए मोबाइल फोन पर बात कर रहे थे। तभी स्प्लेंडर बाइक पर सवार तीन युवक उनके पास पहुंचे। पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मारकर उनके कान से लगा वीवो वाई-28 मोबाइल फोन छीन लिया और तीनों फरार

क्राइम
स्वतंत्र प्रभात

हो गए। पीड़ित का आरोप है कि वारदात के दौरान तीनों आरोपियों के चेहरे खुले थे। भागते समय आरोपियों ने घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर बाइक का नंबर क्क32 ह्ष्ट 7508 है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खुलासे के लिए टीमें गठित

एसीपी मोहनलालगंज राजेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है। मामले में तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा कि 'लूट छोटी हो या बड़ी, अपराध तो अपराध है। किसी भी अपराधी को बशा नहीं जाएगा। '

दिल्ली दंगा: अंकित शर्मा हत्याकांड में ताहिर हुसैन समेत 5 दोषियों को उम्रकैद, 5 लाख रुपये का जुर्माना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नई दिल्ली प्रयागराज। कोर्ट ने ताहिर हुसैन, नाजिम, कासिम, जावेद और अनस को दंगा करने, जानलेवा हथियार से दंगा करने और किडनैपिंग जैसे अपराधों के लिए भी सजा सुनाई। कोर्ट ने ताहिर हुसैन पर 5 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट ने शुक्रवार को 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन समेत 5 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। दोषियों को दंगा करने, जानलेवा हथियार से दंगा करने और किडनैपिंग जैसे अपराधों के लिए भी सजा सुनाई गई। कोर्ट ने ताहिर हुसैन पर 5 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सजा के ऐलान के बाद कोर्ट से बाहर निकलते हुए ताहिर हुसैन ने सिर्फ इतना ही कहा कि हाईकोर्ट से हमें इंसाफ मिलेगा। कोर्ट ने 13 जुलाई को इस मामले में सुनवाई पूरी करने के बाद ताहिर हुसैन, नाजिम, कासिम, जावेद और अनस को हत्या और अन्य गंभीर धाराओं में दोषी करार दिया था। सजा पर सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने सभी दोषियों के लिए मौत की सजा की मांग की थी। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने कहा कि यह केस 'रेयरेस्ट ऑफ़ रेयर' श्रेणी में नहीं आता है। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि इस जुर्म ने समाज की आत्मा को हिलाकर रख दिया था। कोर्ट ने कहा कि मरने वाले को 'जानवर की तरह' घसीटा गया था और उसकी बॉडी को नाले में फेंक दिया गया था। यह मामला फरवरी 2020 का है। उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के दौरान आईबी के सुरक्षा सहायक अंकित शर्मा की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। उनका शव चांदबाग इलाके में एक नाले से बरामद किया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि अंकित के शरीर पर 40 से ज्यादा घाव थे। इस मामले में कुल 11 आरोपी ट्रायल का सामना कर रहे थे। कोर्ट ने इनमें से छह आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने कहा कि अंकित शर्मा की हत्या पूर्व नियोजित साजिश के तहत की गई थी। दोषियों का मकसद दंगों के दौरान माहौल को और भड़काना था। दिल्ली पुलिस ने दलील दी कि समाज में ऐसा संदेश जाना चाहिए कि सरकारी अधिकारी की हत्या करने वालों को सबसे कठोर सजा मिलेगी।

जनसमस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्रीयतावादी) ने सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पूरनपुर (पीलीभीत)। भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्रीयतावादी) के पदाधिकारियों ने शनिवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग की। ज्ञापन में नगर पालिका चौराहे से ब्लॉक रोड होते हुए महिला अस्पताल तक जर्जर सड़क की तत्काल मरम्मत, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र बिना अवैध वसूली के समय पर जारी करने तथा जन्म प्रमाण पत्र की प्रक्रिया सरल बनाने की मांग की गई। संगठन ने सरकारी अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के साथ होने वाले कथित दुर्व्यवहार, बिजली विभाग द्वारा बढ़ाए गए लोड, अधिक बिजली बिल, प्रीपेड मीटर संबंधी समस्याओं और गरीब उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण की भी मांग उठाई। इसके अलावा आवास योजना में कथित

अनियमितताओं की जांच, पात्र गरीबों के राशन कार्ड बनाने, गैस सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने तथा जल निगम द्वारा पाइपलाइन बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की गई। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो धरना-प्रदर्शन और उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन के दौरान जिला सचिव इमरान, जिला संगठन मंत्री वसीम बेग सहित आकिल शाह, मोहम्मद आरिफ, इस्तियाक, तौसीफ, शकील, तौफीक, आलीशान, मुरार और सलीम मौजूद रहे।

तहसील समाधान दिवस में गूंजा झील पर अवैध सिंघाड़ा खेती का मामला

.....बिना पट्टे और आवंटन के खेती कराने का आरोप, जांच कर कार्रवाई का प्रशासन ने दिया भरोसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। तहसील समाधान दिवस में शनिवार को हुलासखेड़ा गांव की सैकड़ों बीघे क्षेत्रफल वाली झील में बिना सरकारी आवंटन और पट्टे के कथित रूप से कराई जा रही सिंघाड़े की खेती का मामला उठाया गया। ग्रामीण ने शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया कि गांव के कुछ दबंग और दलाल बाहरी लोगों से मोटी रकम लेकर झील में अवैध रूप से सिंघाड़े की खेती करा रहे हैं। इससे सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचने के साथ ग्रामीणों के हित भी प्रभावित हो रहे हैं। हुलासखेड़ा निवासी राज त्रिवेदी ने समाधान दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव की झील वर्षों से ग्रामीणों के मवेशियों के चरने का प्रमुख स्थान रही है। आरोप है

कि बिना किसी वैध सरकारी आवंटन या पट्टे के कुछ लोग बाहरी व्यक्तियों से धन लेकर झील में सिंघाड़े की खेती करा रहे हैं। खेती के दौरान ट्रैक्टर चलने से मवेशियों के लिए उपलब्ध चारा भी नष्ट हो गया है, जिससे पशुपालकों के सामने संकट खड़ा हो गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि वर्ष 2022 से इस मामले की शिकायत हल्का लेखपाल, कानूनगो सहित संबंधित अधिकारियों से लगातार की जा रही है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि प्रशासनिक निष्क्रियता के कारण अवैध कब्जा और खेती का सिलसिला जारी है, जिससे सरकार को राजस्व की क्षति हो रही है और ग्रामीणों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। शिकायत पत्र में मांग की गई है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर बिना आवंटन और पट्टे के झील में सिंघाड़े की खेती कराने वाले लोगों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाए। साथ ही सरकारी भूमि को अवैध कब्जे और खेती से मुक्त कराकर ग्रामीणों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। समाधान दिवस में शिकायत मिलने के बाद संबंधित अधिकारियों ने मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मोहनलालगंज (लखनऊ)। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र की आरके कॉलोनी, दीवानगंज से एक नाबालिग किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता ने मोहल्ले के ही एक युवक पर उसे बहला-फुसलाकर और डरा-धमकाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के अनुसार, शुक्रवार देर रात उनकी नाबालिग बेटी अचानक घर से लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। उनका आरोप है कि आरके कॉलोनी निवासी रोशन सिंह उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। घटना के बाद से परिजन परेशान हैं और लगातार उसकी खोजबीन कर रहे हैं। सूचना मिलने पर मोहनलालगंज पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं और किशोरी की सकुशल बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। एसीपी मोहनलालगंज राजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है। किशोरी की सकुशल बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

क्राइम
स्वतंत्र प्रभात